भारत सरकार मुद्रणालय
से दिनांक 1 315
17/1/10/06

रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

P.O. 150
KM. 12
DB-138

पूरा किया

सं॰ 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 17—दिसम्बर 23, 2005 (अग्रहायण 26, 1927)
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 17—DECEMBER 23, 2005 (AGRAHAYANA 26, 1927)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1273
भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1177
भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	13
भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गईं सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	2459
भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड-3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं	2017
भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गईं पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	617
भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड-4--विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गईं अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2977
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	361
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

1—371GI/2005

CONTENTS

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1273
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1177
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	13
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2459
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	2017
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	617
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the Authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2977
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	361
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 नवम्बर 2005

सं. 132-प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम और रैंक
सर्व/श्री

1. जी. राजा किशोर बाबू,
   निरीक्षक

2. एस. मुरुगेसन
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

निरीक्षक जी. राजा किशोर बाबू और उप-निरीक्षक एस. मुरुगेसन, जिन्हें सी पी आई (एम एल) पीपुल्स वार ग्रुप द्वारा की गई वारदातों का पता लगाने और अभियुक्तों को पकड़ने के कार्य के लिए तैनात किया गया था, ने अनवरत रुप से बहुत मेहनत की, स्रोत विकसित किए और वत्थलुरु वन, जो तिरुपति (अलीपीरी) से सटा हुआ है, में अपराधियों की उपस्थिति के बारे में अंततः 14/15.11.2003 के बीच की रात को विश्वसनीय सूचना प्राप्त की। लेकिन क्योंकि समय बहुत कम था और मुख्यालय से कुमुक मिलने की संभावना भी नहीं थी इसलिए इन्होंने अपर्याप्त सहायक बल के साथ ही अपने आप को मानसिक रुप से तैयार कर लिया। चूंकि विद्रोही पूरी तरह से तैयार थे और अपनी चालें चल रहे थे इसलिए इन दोनों ने टीम को दो भागों में बांटने और एक-एक टीम का नेतृत्व करने का निर्णय लिया। जब सर्व श्री राजा किशोर बाबू और मुरुगेसन, अपनी-अपनी टीमों के साथ घने जंगल से आच्छादित पहाड़ी की ओर बढ़ रहे थे तो उसी समय पीपुल्स वार ग्रुप के लगभग 10-12 नक्सलियों का सशस्त्र दल, जो ऊंचाई पर था, पुलिस पार्टी की ओर बढ़ रहा था। इससे पहले कि पुलिस पार्टी विद्रोहियों को देख पाती, विद्रोहियों ने अपने दल को दो भागों में बांट कर अपने दल के नामी विद्रोहियों को सुरक्षित रुप से बच निकलने के लिए रास्ता बनाने हेतु दोनों पुलिस टीमों पर गोलीबारी कर दी। निरीक्षक जी. राजा किशोर बाबू और उप-निरीक्षक एस. मुरुगेसन तथा उनकी टीमें, पीपुल्स वार ग्रुप के पूरी तरह से तैयार सशस्त्र कार्यकर्ताओं, जिन्होंने ग्रेनेड भी फेंके थे, की इस कार्रवाई से अचंभित रह गए। इससे पुलिस की टीमों, जो मृत्यु के साये में थी, के जीवन को सन्निकट खतरा था। यदि विद्रोहियों की तरफ एक भी कदम बढ़ाया जाता तो मृत्यु अवश्यंभावी थी। पुलिस पार्टी चट्टानों के पीछे छिपी थी तथा इनके पास दो विकल्प बचे थे, या तो वे अपना जीवन बचा लें या अपना जीवन और निजी सुरक्षा जोखिम में डालें। एक कदम भी आगे बढ़ाने का मतलब शर्तिया मृत्यु थी। ऐसी स्थिति में इन्होंने अपने आपको बचाने की बजाए विद्रोहियों पर हमला करना बेहतर समझा। निरीक्षक जी. राजा किशोर बाबू और उप-निरीक्षक एस. मुरुगेशन ने विद्रोहियों पर गोलीबारी करके हमला किया और उनकी ओर बढ़े। निरीक्षक जी. राजा किशोर बाबू और उप-निरीक्षक एस. मुरुगेसन की इस

सोची-समझी चाल से न केवल पी डब्ल्यू जी के तीन महत्वपूर्ण सशस्त्र आततायी मारे गए बल्कि बाकी विद्रोहियों को उस स्थल पर अपना माल छोड़ कर भागने पर मजबूर भी कर दिया। यदि निरीक्षक जी. राजा किशोर बाबू और एस. मुरुगेसन ने अपने जीवन और निजी सुरक्षा की कीमत पर विद्रोहियों पर फुर्ती से गोलीबारी कर, वीरता और साहसपूर्ण हमला करने का जोखिम न उठाया होता तो यह उत्कृष्ट कार्य न होता तथा जब्त किए गए दस्तावेजों से अलीपिरी की इस कार्रवाई का वृतांत नहीं मिल पाता। यह पुलिस स्टेशन पुल्लमपेठ, कपाड़ा जिला, आन्ध्र प्रदेश में भारतीय दंड संहिता की धारा 149 के साथ पठित धारा 147, 148, 307, शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1ख) और 27 ए पी पी एस अधिनियम की धारा 8 के अधीन एफ आई आर सं. 41/2003 की विषय वस्तु है। मृतकों, जो सर्वाधिक वांछित थे तथा उनसे की गई बरामदगी का ब्योरा नीचे दिया गया है।

1. सेक नरसिम्हुलु उर्फ सिवा पुत्र नल्लप्पा, 26 वर्ष, गुणपल्ली (वी), बुक्कापटनम (एम), अनंतपुर जिला - कमांडर, गुव्वलचेरुवु स्क्वाड, सी पी आई (एम एल), पीपुल्स वार।

2. सुक्कुरी मल्लेश उर्फ मधु, पुत्र चन्द्रैया, 27 वर्ष, डुब्बका (वी), डुब्बका (एम), मेडक जिला -कुरियर, स्टेट मिलिट्री कमीशन, सी पी आई (एम एल), पीपुल्स वार।

3. सेक गंगाधर उर्फ भुजंगम, पुत्र नरसिम्हुलु, 22 वर्ष, गुणिपल्ली (वी), बुक्कापटनम (एम), अनंतपुर जिला-डिप्टी कमांडर, पपन्नी स्कवाड, सी पी आई (एम एल) पीपुल्स वार।

बरामदगी:

मृतक - 1 से: सेक नरसिम्हुलु उर्फ सिवा - कमांडर

एक एस बी बी एल बंदूक, फायर किए गए दो खाली राउंद, डी बी बी एल के 13 जीवित राउंद, जंगल पैच वर्दी, सीमेंट के रंग का पीठ का एक झोला, कमर की एक बैल्ट।

मृतक-2 से: सुकुरी मल्लेश उर्फ मधु, कुरियर, स्टेट मिलिट्री कमीशन

22222 नं. वाला एक रिवाल्वर (जापान में निर्मित) और दस राउंद, एक 'तपंचा', जंगल पैच वर्दी का एक जोड़ा, सीमेंट के रंग का एक झोला, झोले में जंगल पैच वर्दी पाई गई। केन्द्रीय समिति के सदस्य को संबोधित सचिव, राज्य समिति का गोपनीय पत्र जिसमें आन्ध्र प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री पर 1 अक्तूबर, 2003 को प्राण घातक हमला करने के बारे में लिखा गया था (इससे मामले का पता लगाने का सुराग मिला)

मृतक-3 से: सेक गंगाधर उर्फ भुजंगम, डिप्टी कमांडर

एक एस बी बी एल बंदूक, 5 जीवित कारतूस, 4 क्षतिग्रस्त राउंद, एक खाली कारतूस और 10 रिवाल्वर राउंद, एक जंगल पैच वर्दी, सीमेंट के रंग का एक झोला तथा एक किट, जिसमें कपड़े थे, पाए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री जी. राजा किशोर बाबू, निरीक्षक और एस. मुरुगेसन, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 नवम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 133- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. सुब्रमण्यम,
   डिप्टी एसॉल्ट कमांडर
2. ए.वी. रामानैया
   वरिष्ठ कमांडो-1587
3. ए.एस. चक्रवर्ती
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उप-पुलिस अधीक्षक, पार्वतीपुरम को सूचना मिली कि श्रीकाकूलम डिविजन की विशेष गुरिला स्क्वैड अपने 25 सदस्यों के साथ गांवों के कोटिया ग्रुप में घूम रही है। यह सूचना, अभियान की योजना बनाने और उसका संचालन करने के लिए नामजद व्यक्तियों और अन्य भागीदारों को दी गई। यह अभियान कोटिया के घने जंगल वाले पहाड़ी क्षेत्र में चलाया जाना था जहां पर पीपुल्स वार ग्रुप का दबदबा है। ग्रेहाउंड्स असॉल्ट यूनिट और सिविल पुलिस संघटक के साथ इस कार्य के लिए नामजद व्यक्तियों ने 07.03.2004 को लगभग 1800 बजे अभियान के लिए कूच किया। लगभग 0030 बजे कोटिया गांव से दो किलोमीटर पहले इन्हें उतारा गया और फिर ये घने जंगल में लगभग 4 कि.मी. पैदल चले। रात को ये एक सुविधाजनक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान के निकट रुके और कुछ समय वहां पर ठहरे। अगले दिन इन्होंने सुबह लगभग 0600 बजे प्रस्थान किया और विश्राम स्थल से लगभग 2 कि.मी. तक पैदल चले। लगभग 0730 बजे इन्होंने पहले स्काउट से लगभग 100 मीटर की दूरी पर व्यक्तियों की कुछ संदिग्ध हलचल देखी। इन्होंने तत्काल पार्टी को रोका और क्षेत्र का सावधानीपूर्वक मुआयना किया तथा जैतून-हरित रंग की वर्दी में कई लोगों को देखा जिनके पास शस्त्र थे और वे निकटवर्ती गांव की ओर बढ़ रहे थे। तुरंत ही इन्होंने और इनकी यूनिट ने यह पाया कि उनसे आगे-आगे जा रहे लोग विद्रोही हैं। तुरंत ही नामजद व्यक्तियों ने पार्टी को दो हिस्सों में बांटकर चतुराईपूर्ण अभियान चलाने की योजना बनाई और विद्रोहियों की ओर लुक-छिपकर बढ़ने लगे। डिप्टी असॉल्ट कमांडर, ए.एस. चक्रवर्ती, उप-निरीक्षक सलूर और श्री ए.वी. रामानैया, वरिष्ठ कमांडो 1587 और छः अन्य नामजद व्यक्ति एक ओर से बढ़े तथा ए ए सी श्री पी. किरण कुमार तथा ए ए सी बी. श्रीनिवास राव ने अन्य लोगों के साथ दूसरी दिशा को कवर किया। विद्रोहियों का दूसरा पायलट, जो गांव की ओर बढ़ रहा था, ने उसे छोड़ दिया क्योंकि उसने पुलिस पार्टी की चाल काफी पहले भांप ली और अपने अन्य सदस्यों को सचेत कर दिया।

इसके तत्काल बाद उन्होंने पुलिस पार्टी पर अचानक हमला करने की योजना बनाई ताकि पुलिस पार्टी को भारी नुकसान पहुंचाया जा सके। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जब आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी पहाड़ी की तलहटी तक पहुंची तो उन्होंने 2 क्लेमोर सुरंगों (दिशात्मक सुरंगे) में विस्फोट कर दिया। उन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां भी बरसाईं और साथ-साथ दो और क्लेमोर सुरंगों में विस्फोट किया। एक क्लेमोर सुरंग का विस्फोट दूसरे नामजद श्री ए.वी. रामानैया, वरिष्ठ कमांडो 1587 के दांई तरफ हुआ। दूसरी क्लेमोर सुरंग का विस्फोट पहले नामजद के दांई तरफ कुछ मीटर की दूरी पर हुआ। लेकिन पुलिस पार्टी इससे विचलित नहीं हुई और उन पर साहसिक जवाबी हमला कर दिया। तब पहले नामजद श्री के. सुब्रमण्यम, डी ए सी ने यह नोट किया कि विद्रोहियों का एक ग्रुप गोलीबारी की आड़ में पुलिस पार्टी पर हमला करने के लिए उनके निकट आ रहा है ताकि पुलिस पार्टी को घेर कर मारा जाए। यद्यपि विद्रोही भारी गोली-बारी कर रहे थे फिर भी नामजद श्री के. सुब्रमण्यम, डी ए सी ने ए.एस. चक्रवर्ती और एस.सी. 1587 ए वी रामानैया के साथ एक चक्कर लगाया और रेंगते हुए विद्रोहियों की ओर बढ़ने लगे और चतुराई पूर्ण चाल चली। अपने जीवन की परवाह किए बगैर और गंभीर जोखिम पर ध्यान दिए बिना पहले नामजद के. सुब्रमण्यम ने एस सी 1587 ए वी रामानैया और ए एस चक्रवर्ती के साथ मिल कर अपने स्वचालित हथियारों से तेज गोलीबारी शुरु कर दी और आगे बढ़े तथा विद्रोहियों से 30 मीटर की दूरी तक पहुंच गए। गोली-बारी की मात्रा कम करने और स्थिति पर रणनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए इन्होंने हथगोले भी फेंके। विद्रोहियों और पुलिस पार्टी के बीच लगभग 30 मिनट तक चली भारी गोलीबारी के बाद इस बुद्धिमानीपूर्ण और साहसिक चाल के कारण 3 खूंखार विद्रोही मारे गए। मारे गए विद्रोहियों की पहचान बाद में 1)कोडरी त्रिनाथ राव पुत्र लक्ष्मैया, 30 वर्ष, कमांडर, एस जी एस श्रीकाकुलम डिविजन, 2)सिंगुपल्ली रामकृष्णन पुत्र कुबेरु, 25 वर्ष सदस्य, एस जी एस 3) कोंडागोरी बोदेम्मा, 19 वर्ष, सदस्य एस जी एस के रुप में हुई। दूसरे विद्रोही, ऊबड़ खाबड़ जमीन और घनी झाड़ियों की आड़ में भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद जब क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया तो उस स्थल से .303 की तीन राइफलें, .303 के 113 राउंद, एक जीवित हथगोला और अन्य उपकरण बरामद हुए। मारा गया विद्रोही कोडारी त्रिनाथ राव, सलूर सर्किल, विजयनगरम निदेशालय के सी आई श्री गांधी की सनसनीखेज हत्या और कुरुर रेलवे स्टेशन को उड़ाने के लिए जिम्मेदार था। तीन अन्य विद्रोही, उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिला पुलिस मुख्यालय से हथियार लूटने और लूट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जिम्मेदार थे। बाद में यह पाया गया कि बरामद किए गए सभी हथियार, कोरापुट जिला पुलिस मुख्यालय से लूटे गए थे। श्री के. सुब्रमण्यम डी ए सी, ए.एस. चक्रवर्ती, एस आई सलूर और एस सी.ए.वी. रामानैया ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुकरणीय व्यक्तिगत साहस और नेतृत्व प्रदर्शित किया, कर्तव्यपरायणता से परे साहस और बहादुरी का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री के. सुब्रमण्यम, डी ए सी, ए.वी. रामानैया, एस सी-1587 और ए.एस. चक्रवर्ती, उप-निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 134- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वारता क लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जुलापल्ली रामा राव,
पुलिस सर्किल निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.03.2004 से तीन सप्ताह पहले, उज्जेथुला रवि, उर्फ मधु, कमांडर के नेतृत्व में भूपालपल्ली क्षेत्र सी पी आई (एम एल) सी पी जनशक्ति दलम ने अपने दलम के सदस्यों के साथ वारंगल जिले के मुलुगु मंडल से (1) के. प्रेम कुमार, वरिष्ठ अभियंता और (2) चन्द्र गौड़, पर्यवेक्षक, ए.के. आर निर्माण कंपनी, मुलुगु का व्यपहरण किया और उन्हें छोड़ने के लिए 20 लाख रूपए की फिरौती की मांग की। श्री जे. रामा राव, सर्किल निरीक्षक ने अथक प्रयास किए और करीमनगर सब-डिविजन के अधीन कामलापुर पी एस की सीमाओं के बाह्य क्षेत्र शनीगराम (वी) में भूपाली क्षेत्र जन शक्ति दलम की उपस्थिति के बारे में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त की। श्री जे. रामा राव, पुलिस सर्किल निरीक्षक ने स्वयं अभियान चलाने की योजना बनाई जिसके परिणामस्वरूप शनीगराम (वी) के बाह्य क्षेत्र में 14.03.2004 को 1600 बजे दोनों ओर से गोलीबारी हुई। जब गोलीबारी हो रही थी, उस समय श्री जे. रामाराव, सर्किल निरीक्षक ने अपने दल का नेतृत्व किया और धीरे-धीरे उस स्थान की ओर बढ़ने लगे जहां से गोलीबारी हो रही थी। इन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बगैर और अत्यधिक कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए श्री जे. रामाराव, सर्किल निरीक्षक ने अकेले ही विद्रोहियों का सामना किया और निरंतर गोलीबारी करते हुए विद्रोहियों के शिकंजे से एक अपहृत व्यक्ति को छुड़ा लिया तथा दो विद्रोहियों को मार गिराया। यह गोलीबारी लगभग बीस मिनट तक चली। जब पुलिस आगे बढ़ी और क्षेत्र की तलाशी ली तो उस स्थान पर दो मृत व्यक्ति पाए गए। बाद में उनकी पहचान 1. कल्लम लक्ष्मा रेड्डी उर्फ प्रभाकर, वारंगल जिले के गांव गोल्ला बुद्दाराम के निवासी, डिप्टी कमांडर, सी पी आई (एम एल) सी पी जन शक्ति भूपालपल्ली क्षेत्र और शत्ती शंकर पुत्र पपैया, 19 वर्ष मुन्नुरू कपु, निवासी जुबलीनगर (वी), रेगोंडा मंडल, वारंगल जिला, दलम सदस्य के रूप में की गई। जब गोलीबारी चल रही थी तो विद्रोहियों ने चन्द्र गौड़, पर्यवेक्षक की हत्या कर दी और दूसरे व्यक्ति को विद्रोहियों के शिकंजे से मुक्त करा दिया गया। एक टी एस एम सी बंदूक, 9 एम एम के 61 जिंदा राउंद और एक किट बैग गोलीबारी के क्षेत्र से बरामद हुआ। यह भारतीय दंड संहिता की धारा 34 के साथ पठित धारा 366-क, 302, 307 और भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25(i) (क)27 के तहत कामलापुर पी एस की अपराध सं0 31/2004 की विषय वस्तु है। मारा गया विद्रोही कल्लम लक्ष्मा रेड्डी, सी पी आई (एम एल) सी पी जनशक्ति ग्रुप में एक बहुत वरिष्ठ कार्यकर्त्ता था और वह पुलिस के साथ हुई कई गोलीबारियों में बच गया था। लक्ष्मा रेड्डी, सी पी आई (एम एल) सी पी जनशक्ति में सर्वाधिक वरिष्ठ वांछित विद्रोही था। कल्लम लक्ष्मा रेड्डी के मारे जाने से सी पी आई (एम एल) सी पी जन शक्ति के आन्दोलन को भारी धक्का लगा। वह करीमनगर और वारंगल ज़िले में कई राजनीतिक हत्याओं, पुलिस पर हमले, आगजनी तथा अन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार था। सर्किल निरीक्षक ने भूपालपल्ली क्षेत्र जनशक्ति दलम की उपस्थिति के बारे में महत्वपूर्ण सूचना एकत्र करने के लिए अथक प्रयास किए जिसके परिणामस्वरूप एक डिप्टी कमांडर और एक दलम सदस्य मारा गया। इस प्रकार उक्त नामजद सर्किल निरीक्षक के दृढ़ निश्चय और साहस ने कठिन परिस्थिति में अपने जीवन को अत्यधिक जोखिम में डाल कर एक अपहृत व्यक्ति का जीवन बचाया जिससे पुलिस विभाग का नाम रोशन हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री जुलापल्ली रामा राव, पुलिस सर्किल निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 135- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. एम. स्टीफन रवीन्द्र,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. मो. ताजुद्दीन,
   उप-निरीक्षक
3. मो. सिराजुद्दीन
   पुलिस कांस्टेबल
4. के. श्रीनिवास रेड्डी
   पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, भा.पु.से. अपर पुलिस अधीक्षक, बेल्लमपल्ली को 12/13.05.2004 को पुल्लुरी प्रसाद राव उर्फ चन्द्रन्ना, उत्तरी तेलंगाना विशेष क्षेत्रीय समिति (एन टी एस जेड सी), कार्यवाहक सचिव, 7वीं प्लाटून पी जी ए कमांडर और सिकासा, कोल बेल्ट सेक्रेटरी बोल्लम राजानरसु उर्फ बलन्ना और रडपका शकर उर्फ रघु जिला एक्शन टीम कमांडर जैसे पीपुल्स वार ग्रुप के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के बारे में यह आसूचना रिपोर्ट मिली कि वे अकेनपल्ली (वी) बेल्लमपल्ली शहर के निकट अज्ञात आश्रय में छिपे हुए हैं ताकि वे या तो पुलिस अधिकारी या जन प्रतिनिधि की हत्या कर सनसनी फैला सकें। नामजद अधिकारी ने दो जिला विशेष पार्टी के साथ मिल कर एक विस्तृत योजना बनायी ताकि पीपुल्स वार ग्रुप के विद्रोहियों की योजना को विफल किया जा सके। इन दो जिला विशेष पार्टियों को असॉल्ट, कट-ऑफ और आउटर कोर्डन की तीन उप-पार्टियों में विभाजित किया गया। प्रत्येक उप-पार्टी का नेतृत्व एक अधिकारी ने किया और नामजद व्यक्ति इनके प्रभारी थे और इन्होंने विशेष रुप से असॉल्ट पार्टी का नेतृत्व किया। श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, भा.पु.से., ने सभी पार्टी सदस्यों को ए आर मुख्यालय, बेल्लमपल्ली में संक्षिप्त जानकारी दी। श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, भा.पु.से., अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सभी उप-पार्टियों का नेतृत्व किया और 12.05.2004 को तड़के ही गांव के बाह्य परिसर में पहुंच गए। 13.05.2004 को 0015 बजे आपरेशन शुरु हुआ। उक्त स्थान पर पहुंचने के तुरंत बाद इन्होंने कट-ऑफ पार्टी तथा आउटर कोर्डन पार्टी को मोर्चे पर लगाया। बाद में, ये 17 अन्य लोगों को लेकर गांव की ओर बढ़े और एक सरकारी स्कूल में पहुंचे। एम. स्टीफन रवीन्द्र, भा.पु.से. अपर पुलिस अधीक्षक ने मो. ताजुद्दीन, उप निरीक्षक (नामजद 2) और के. श्रीनिवास

रेड्डी, पी सी (नामजद 4) को 0055 बजे संदिग्ध आश्रय स्थल, जो सरकारी स्कूल से लगभग 200 मीटर दूर था, को घेरने के लिए तैनात किया। जैसे ही उक्त नामजद व्यक्ति संदिग्ध स्थल पर पहुंचे वैसे ही गोलीबारी शुरु हो गई। श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, मो. सिराजुद्दीन पी सी (नामजद 3) के साथ बिना समय गंवाये तेजी से आगे बढ़े और उस आश्रय स्थल में पहुंचे जहां ताजुद्दीन, उप-निरीक्षक और के. श्रीनिवास रेड्डी, पी सी (नामजद) मोर्चा संभाले हुए थे। श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, भा.पु.से., अपर पुलिस अधीक्षक (नामजद 1) ने मो. ताजुद्दीन, उप निरीक्षक और के. श्रीनिवास रेड्डी पी सी ने 12 पी सी के साथ उन्हें निर्देश दिया कि वे आगे के दरवाजे को कवर करें तथा स्वयं मो. सिराजुद्दीन पी सी और अन्य 6 को लेकर पिछले दरवाजे की ओर तेजी से बढ़े जहां पर भयंकर गोलीबारी हो रही थी। जब विद्रोहियों ने पुलिस पार्टी को देखा तो उन्होंने मकान के पिछली तरफ से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। नामजद 1, मो. सिराजुद्दीन पी सी के साथ गोलियों की बौछार करते हुए मकान की ओर तेजी से बढ़े जिसके लिए कोई आड़ भी नहीं ली गई थी तथा इन्होंने अपने जीवन को अत्यंत जोखिम में डाल कर स्वयं को विद्रोहियों के सामने प्रकट कर दिया। विद्रोहियों ने 9 एम एम कार्बाइन, .38 रिवाल्वर से अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा और उन्होंने ग्रेनेड भी फेंके तथा पुलिस पार्टी की ओर बढ़ने का साहसिक प्रयास किया। श्री एम.एस. रवीन्द्र, भा.पु.से., अपर पुलिस अधीक्षक ने अन्य नामजदों मो. सिराजुद्दीन पी सी 2509, मो. ताजुद्दीन, उप-निरीक्षक और के. श्रीनिवास रेड्डी, पी सी के साथ गोलीबारी जारी रखी और उत्साह से भरे विद्रोहियों को भागने नहीं दिया। गांव, जो वन से सटा हुआ था, आग्नेयास्त्रों और विस्फोटों से गूंज उठा, ऐसा प्रतीत होता था मानो युद्ध हो रहा हो। गोलियों और ग्रेनेडों की किरचें, नामजदों से लगभग बाल बराबर दूरी से निकल रही थीं। श्री स्टीफन रवीन्द्र और मो. सिराजुद्दीन ने अपने जीवन को गंभीर जोखिम में डालते हुए अपने बी पी वेस्ट्स पर गोलियां लीं और गोलीबारी की दिशा की ओर बढ़ने लगे। इसी बीच, श्री मो. ताजुद्दीन, उप-निरीक्षक के नेतृत्व वाले दूसरे दल और के. श्रीनिवास, पी सी, जिसने सामने के दरवाजे और खिड़की को कवर किया हुआ था, ने एच ई ग्रेनेडों के फटने के बावजूद गोलीबारी जारी रखी। यह भयंकर लड़ाई लगभग 30 निमट तक चली जिसमें बलन्ना,. 7वीं प्लाटून पी जी ए कमांडर और रघु, जिला एक्शन टीम कमांडर ने कड़ा प्रतिरोध किया। जब गोलीबारी बंद हो गई तो पुलिस पार्टी ने क्षेत्र की तलाशी ली और बामपंथी विद्रोहियों के दो शव पाए। इन दो शवों की पहचान बोल्लम राजानरसु उर्फ बलन्ना निवासी बेल्लमपल्ली, आदिलाबाद पी जे ए लातून कमांडर और सिकसा कोयला पट्टी (कोल बेल्ट) सचिव के रुप में की गई जिन पर 3,00,000/-रुपए का नकद इनाम था। रडपका उर्फ रघु निवासी भूपालपल्ली, वारंगल जिला, जिला एक्शन टीम कमांडर - जिस पर 3,00,000/- रुपए का नकद ईनाम था। तीसरा विद्रोही चन्द्रन्ना, एन टी एस जेड सी सचिव, अंधेरे की आड़ में बच कर भाग निकलने में सफल रहा। मारे गए विद्रोही बोल्लम राजानरसु उर्फ बलन्ना, 1992 से सी पी आई (एम एल) (पी डब्ल्यू) से संबद्ध था और वह एक खतरनाक विद्रोही था जो 50 अपराधों में संलिप्त था जिनमें 10 हत्यायें, नरसपुर (जी), पी एस पर हमला, डी एस पी कागजनगर के निवास पर हमला करना शामिल है जिसमें ए पी एस पी कार्मिक मारा गया, कुंटलमनेपल्ली (वी) के निकट घात लगा कर हमला और विस्फोट करना जिसमें ए पी एस पी के दो कार्मिक मारे गए, बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर हमला, मदन मोहन, तिरयानी पी एस के ए एस आई की हत्या, मेसरा जंगू जेड पी टी सी, इन्द्रवेली की हत्या, दो गोंड आदिवासी लड़कियों का बलात्कार, ओ सी सी और ए सी सी फैक्ट्रियों के डंपरों में विस्फोट और आग लगाना, एम आर ओ अधिकारियों, रेलवे स्टेशनों, आर टी सी बसों, वन अतिथि गृहों को नष्ट करना, अपहरण, फिरौती, आगजनी और धमकाना शामिल है। मारा गया दूसरा विद्रोही, रडपका सेकर उर्फ रघु, जिला एक्शन टीम कमांडर था जो 34 अपराधों में संलिप्त था, जिसने लोगों के दिलों में आंतक फैला रखा था। प्रमुख अपराधों में बेल्लमपल्ली में पुलिस कांस्टेबल संजीव रेड्डी और शेषैया की हत्या, केरामेरी में भीम राव, पी सी की गोली मार कर हत्या, सोनाला में तुला सुभाष, पी सी सी सदस्य की हत्या तथा सोनाला (वी) में जिला युवा कांग्रेस संगठन सचिव की हत्या आदि शामिल है। मारे गए दोनों ही विद्रोही खतरनाक अपराधी थे जिन्होंने लोगों के दिलो-दिमाग में भय और आतंक फैलाया हुआ था। नामजद श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र,

मो. ताजुद्दीन, उप निरीक्षक, सिराजुद्दीन पी सी-2507, के. श्रीनिवास रेड्डी, पी सी-2435 ने न केवल आसूचना रिपोर्ट एकत्र करने में अग्रणी भूमिका निभाई बल्कि गोलीबारी करने की योजना बनाने, संगठित करने सहित सक्षम नेतृत्व भी प्रदान किया। इन्होंने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और कर्तव्यपरायणता, दृढ़ निश्चय और अपने प्राणों को गंभीर खतरे में डाल कर विद्रोहियों की भयंकर गोलीबारी का साहसपूर्ण ढंग से सामना किया जिससे उत्तरी तेलंगाना में पी डब्ल्यू को अपूर्णीय क्षति हुई। निर्धारित प्रोफार्मा में दर्शाये गए अनुसार निम्नलिखित बरामदगियां हुई :-

1.	9 एम एम कार्बाइन	-	1
2.	.38 रिवाल्वर	-	2
3.	एच ई ग्रेनेड	-	1
4.	9 एम एम गोली के 30 राउंद		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एम. स्टीफन रवीन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक, मो. ताजुद्दीन, उप-निरीक्षक, मो. सिराजुद्दीन, पुलिस कांस्टेबल, के. श्रीनिवास रेड्डी, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 मई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 136- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस. अचेश्वर राव,
   उप निरीक्षक
2. सीएच. वी.एस. पद्मनाभ राजू
   डिप्टी असॉल्ट कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11 मई, 2003 को श्री अचेश्वर राव, पुलिस उप-निरीक्षक, मंडामरी, जो इससे पहले पी एस आसिफाबाद में कार्य कर रहे थे, को यह विश्वसनीय सूचना मिली कि पीपुल्स वार ग्रुप (पी डब्ल्यू जी) के विद्रोही दहेगांव पी एस के अंतर्गत अगरगुडा गांव के वन क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक ने यह सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक ने श्री सीएच. वी.एस. पद्मनाभ राजू, डिप्टी असॉल्ट कमांडर, ग्रे हाउंड्स के साथ मिल कर अभियान तैयार किया ताकि विद्रोहियों को पकड़ा जा सके। 11.5.2003 की सायं को श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक ने सिविल, ए पी एस पी, विशेष पार्टी और ग्रे हाउंड्स पार्टी के साथ अभियान शुरु किया और महाराष्ट्र राज्य के अहेरी गांव की ओर रवाना हुए। 12.5.2003 की भोर होने पर श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी असॉल्ट कमांडर ने पार्टी के साथ अभियान शुरु किया और बेज्जुर पी एस के गुडेम गांव की ओर बढ़े और शिवपल्ली, नागपल्ली क्षेत्रों के वन क्षेत्र के आस-पास के पहाड़ी क्षेत्रों की तलाशी शुरु कर दी और बेज्जुर के बाहरी परिसर में रात को घात लगाई। इसके बाद 13.5.2003 को श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने पी डब्ल्यू जी के विद्रोहियों को तलाशने का अभियान जारी रखा और गुंडेपल्ली गांव पहुंच गए तथा गांव के बाहर घात (रात्रि पड़ाव) लगा कर बैठ गए। फिर श्री अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक ने अपने स्रोत से पी डब्ल्यू जी विद्रोहियों के बारे में गुंडेपल्ली क्षेत्र में फील्ड सूचना विकसित की तथा एक बार फिर सभी ने 14.5.2003 की प्रातः क्षेत्र को घेरना शुरु कर दिया। श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी, अगरगुडा की ओर बढ़े और पहाड़ियों की तलाशी लेने पर इन्हें कुछ पद-चिन्ह दिखाई दिए। 2 कि.मी. तक इन्होंने पद-चिन्हों का पीछा किया जहां इन्होंने पी डब्ल्यू के शेष विद्रोहियों को मोर्चा संभाले हुए देखा। श्री अचेश्वर राव, एस आई ने पूरी पार्टी को दो ग्रुपों में बांटा। पहली पार्टी का नेतृत्व श्री अचेश्वर राव, एस आई ने औरदूसरी पार्टी का नेतृत्व श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी असॉल्ट कमांडर, ग्रे हाउंड्स ने किया। जिस पार्टी का नेतृत्व श्री अचेश्वर राव, एस आई ने किया इसने 1020 बजे तक पोचमगुट्टा और कोंडेंगला लोड्डी के क्षेत्र में घेरा डालना जारी रखा। अचानक ही इन्होंने हरे रंग की वर्दी में शस्त्रों से लैस लगभग 20 सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी विद्रोहियों को देखा। इन्हें देखने पर विद्रोहियों ने पुलिस कर्मियों की हत्या करने के ध्येय से इन पर गोलीबारी कर दी। पार्टी नेता श्री अचेश्वर राव, एस आई ने श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी के साथ पुलिस के रुप में अपनी पहचान प्रकट की और विद्रोहियों से बार-बार अपील की कि वे स्वयं आत्मसमर्पण कर दें। लेकिन पी डब्ल्यू जी

विद्रोहियों पर चेतावनियों का कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। पूरी पुलिस पार्टी सहित श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने अपने जीवन को अत्यधिक जोखिम में डालते हुए भारी गोलीबारी के बीच विद्रोहियों की ओर बढ़ना जारी रखा और इन्होंने जवाबी गोलीबारी की तथा दुश्मन को चुनौती दे कर साहस का परिचय दिया और विद्रोहियों की ओर बहादुरी से बढ़े। श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाल कर गोलीबारी की दिशा में बढ़ना जारी रखा। विद्रोहियों ने पलट कर भयंकर गोलीबारी कर दी। तथापि, श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने ग्रेनेडों की बौछार के बावजूद आगे बढ़ना जारी रखा। श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी के नेतृत्व वाला दूसरा ग्रुप, अपने ग्रे हाउंड्स बल के साथ किले की दीवार/रक्षा दीवार की तरह वहां पर अड़ा रहा और जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी और विद्रोहियों को भागने से रोक दिया। यद्यपि, विद्रोहियों ने भारी गोलीबारी कर दी थी लेकिन श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी बहादुरी से वहां पर डटे रहे और अपने बल का मार्गदर्शन किया तथा विद्रोहियों को खदेड़ दिया। श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने गोलियों और ग्रेनेडों की बौछार की परवाह नहीं की तथा आगे बढ़ते रहे। श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने विद्रोहियों का लगातार बहादुरी से सामना किया। दोनों ओर से लगभग आधा घंटे तक गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी बंद होने पर श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने अन्यों के साथ क्षेत्र की तलाशी ली और हरे रंग की वर्दी पहने गोलियों से छलनी हुए तीन महिलाओं के शव मिले। उनकी पहचान (क) येल्लंकी अरुणा उर्फ ललितक्का, 40 वर्ष, डी सी एस आदिलाबाद जिला, निवासी रंगारावपेठ गांव, मेटापल्ली मंडल, करीमनगर जिला (कत्कम सुदर्शन उर्फ आनंद सी सी सदस्य की पत्नी) (ख) दुर्गम पोचम्मा उर्फ कमलक्का, 35 वर्ष, निवासी कुशनपल्ली, नन्नेल मंडल (दुर्गम मदुनैया एक्शन टीम के सदस्य की पत्नी), डी सी एस ललितक्का की गार्ड (ग) गोन राजेश्वरी उर्फ स्वर्णक्का, 18 वर्ष, नेथक्नाई, निवासी टेकुमतला गांव, जयपुर मंडल। डी सी एस ललितक्का की गार्ड।

पी डब्ल्यू जी के बाकी विद्रोही घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठा कर बच निकलने में सफल हो गए और लोडपल्ली आर एफ की ओर भाग निकले तथा अपना सामान वहीं छोड़ गए। इसके तत्काल बाद, श्री अचेश्वर राव, एस आई ने विद्रोहियों के बचकर भागने के संभावित मार्ग के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। इस पर अधिकारियों ने 15.5.2003 को एस आई, दहेगांव के नेतृत्व में पुलिस पार्टी भेज कर अभियान चलाया और लोडपल्ली में उन विद्रोहियों के साथ एक बार और गोलीबारी हुई जो अगरगुडा मुठभेड़ से भाग कर बच निकले थे। लेकिन दोनों ओर से कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस पार्टी 9 एम एम की कार्बाइन बंदूक, 8 एम एम की एक राइफल और विद्रोहियों की कुछ वर्दियां जब्त कर सकी। उपर्युक्त मुठभेड़ स्थल की श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने अपनी पार्टी के साथ तलाशी ली और छोड़ी गई निम्नलिखित वस्तुयें, जिन्हें सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी विद्रोही छोड़ कर चले गए थे, बरामद की: 1) एक ए के-47 राइफल जिसपर सं. जी के-5066 था, 2) एक .303 राइफल जिस पर सं. 38521 लिखा था, 3) एक .303 एम के -वी राइफल, 4) एक एस बी बी एल राइफल 5) तीन ए.के.47 खाली मैग्जीन (एक क्षतिग्रस्त) 6) ए के 47 राइफल के 16 जिंदा राउंद, 7) .303 के 31 जिंदा राउंद, 8) .303 के 23 खाली कारतूस, 9) 12 बोर एस बी बी एल के 38 जिंदा कारतूस, 10) 12 बोर के 23 खाली कारतूस, 11) 7,230/-रुपए की नकद राशि, 12) एक डिजिटल डायरी (केसिओ कंपनी) 13) लिखने का एक प्लास्टिक पैड, 14) मृतक ललितक्का से संबंधित दस्तावेज, 15) एक वाकमैन सैट (पैनासोनिक कंपनी), 16) एक मोबाइल वाकी-टॉकी वी एच एफ सेट (आइकोन कंपनी), 17) एक सैल चार्जर, 18) दो रेडियो ट्रांजिस्टर, 19) एक कैमरा फ्लैश, 20) दस प्लास्टिक शीटें, 21) दस प्लास्टिक हीटर केन, 22)

12 किट बैग, 23) क्लेमोर माइन, 24) ए के 47 के 11 खाली राउंद आदि। 1 से 3 के मृतक विद्रोही गैर-कानूनी सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी के कार्यकर्ता थे जो जिले में आगजनी, हत्या, सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने,.अपहरण करने तथा लोगों के मन में भय फैलाने जैसे कई घिनौनें अपराधों में संलिप्त थे। मृतक येल्लंकी अरुणा उर्फ ललितक्का, डी सी एस, आदिलाबाद, 108 घिनौने अपराधों में संलिप्त थी। इन अपराधों में महत्वपूर्ण हैं 1) पलवई पुरषोत्तम राव, विधायक, सिरपुर की हत्या, 2) कागजनगर के उप पुलिस अधीक्षक पर हमला, 3) बेज्जुर क्षेत्र में बारुदी सुरंग से विस्फोट आदि। मृतक ललितक्का, डी सी एस पर 3 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था और यह दिनांक 12.12.2003 के जी ओ एम एस सं. 509, सामान्य प्रशासन (एस सी ए) विभाग के अनुसार करीमनगर ज़िले के क्र.सं. 181 पर है, बाकी दो मृतक अर्थात् कमलक्का और स्वर्णक्का पर भी प्रत्येक पर 20,000-00 रुपए का ईनाम था। श्री अचेश्वर राव, एस आई और श्री सीएच. वी.एस. पद्मनाभ राजू, डिप्टी ए सी ने अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया और इन्होंने कर्तव्य परायणता तथा अपने जीवन को साहस के साथ अत्यधिक जोखिम में डाल कर विद्रोहियों की भयंकर गोलीबारी का सामना किया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एस. अचेश्वर राव, उप-निरीक्षक और सीएच. वी.एस. पद्मनाभ राजू, डिप्टी असॉल्ट कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 137- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पी. शोभन कुमार
ओ/एस निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर श्री पी. शोभन कुमार, निरीक्षक ने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और उनके निर्देशों के अनुसार सिविल/सी आर पी एफ पार्टी के साथ लारियों से 14 मार्च, 2004 को प्रातः 3.00 बजे ग्राम असनपल्ली (सटे हुए करीमनगर जिले में) की ओर कूच किया। यह पार्टी प्रातः लगभग 5.00 बजे असनपल्ली गांव के बाह्य परिसर में लारियों से उतरी। हर तरह की सावधानी बरतते हुए श्री पी. शोभन कुमार, निरीक्षक, पार्टी को गांव तक ले गए और वहां पर घेराव तथा तलाशी अभियान शुरु किया। श्री पी. शोभन कुमार, निरीक्षक ने सिविल/सी आर पी एफ पार्टी को असॉल्ट और कोर्डन पार्टी में बांटा। असॉल्ट पार्टी का नेतृत्व श्री पी. शोभन कुमार, निरीक्षक ने, जिसमें सिविल और सी आर पी एफ के कार्मिक थे तथा कोर्डन पार्टी का नेतृत्व उप-निरीक्षक भूपालपल्ली ने किया। असॉल्ट/कोर्डन पार्टी ने संदिग्ध आश्रय स्थल का घेराव किया जहां पर पी डब्ल्यू जी

विद्रोहियों का भूपालपल्ली स्क्वैड रोके रखा गया था। पी डब्ल्यू जी संतरी, जो खिड़की के निकट खड़ा था, ने यह नोटिस किया कि पुलिस ने मकान को घेर रखा है और उसने तत्काल ही अन्य लोगों को सचेत कर दिया। विद्रोही, जो संख्या में चार थे, ने सुरक्षित आड़ ले ली और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। वहां पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी हुई और पी. शोभन कुमार, निरीक्षक ने अपनी पार्टी को आदेश दिया कि वे लेट कर मोर्चा लें तथा इन्होंने रेंगते हुए मकान को घेरना शुरु कर दिया। पुलिस पार्टी ने गोलीबारी शुरु कर दी। खतरा भांपते हुए दो विद्रोही मकान के पिछले दरवाजे से भागने लगे। दो अन्य विद्रोही, जो घायल हो गए थे, खून से सने पड़े थे। श्री शोभन कुमार, निरीक्षक और सी आर पी एफ के उनकी पार्टी के दो कार्मिक अर्थात् पी.एस. राजेन्द्रन, एच सी/जी डी और एस. बाबू, सी टी/जी डी ने बी पी जैकेट पहनी और अपने जीवन की परवाह किए बगैर दरवाजे को तोड़ कर खोल दिया तथा मकान में घुस गए। तत्काल ही विद्रोहियों ने नामजदों और उनकी पार्टी पर गोलीबारी कर दी। एक गोली नामजद की बी पी जैकेट पर लगी। दो घायल विद्रोहियों ने मकान के पिछले दरवाजे से भागना शुरु किया। श्री शोभन कुमार, निरीक्षक ने भाग रहे विद्रोहियों का सी आर पी एफ के उक्त दो कार्मिकों के साथ पीछा किया। विद्रोहियों में से एक विद्रोही ने एक ग्रेनेड फेंका और इससे पहले कि यह फटता श्री शोभन कुमार, निरीक्षक लेटने की अवस्था में आ गये। जब विद्रोही भाग रहे थे तब भी श्री शोभन कुमार, निरीक्षक ने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा। मकान से लगभग 100 गज की दूरी पर श्री शोभन कुमार, निरीक्षक ने पी डब्ल्यू जी के दो विद्रोहियों को मार गिराया। ये विद्रोही कई पुलिस कार्मिकों और सिविलियनों की हत्या के लिए जिम्मेदार थे। इस मुठभेड़ से संपूर्ण भूपालपल्ली प्लेन एरिया कमेटी का सफाया हो गया।

मृतक विद्रोहियों के नाम:

वेमा राधा उर्फ सुगुंक्का पत्नी जोरुका सदैया उर्फ सम्मन्ना, 27 वर्ष, जाति: तेनुगा, निवासी तेकुमतला (वी), चित्यल मंडल, वारंगल जिला, एरिया आर्गेनाइजर, सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी, भूपालपल्ली क्षेत्र

कसरला रवि उर्फ कुम्मारी रवि पुत्र राजैया, 25 वर्ष जाति: कुम्मारी, निवासी अंसनपल्ली (वी), कोय्यूर मंडल, करीमनगर, जिला, दलम सदस्य, सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी, भूपालपल्ली क्षेत्र

इस मुठभेड़ में मारे गए विद्रोहियों से एक .30 यू एस कार्बाइन, एक .303 राइफल और गोली-बारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री पी. शोभन कुमार ओ/एस निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 138- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री वादित्य बालू जाधव
उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

03.05.2002 को 9 बजे पूर्वाह्न श्री वी. बालू जाधव, उप-निरीक्षक को स्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि खतरनाक अपराध करने के लिए एक एक्शन टीम मंडामरी नगर में आई हुई है। तत्काल ही श्री वी. बालू जाधव ने उपलबध बल (2) सिविल और एक ए आर पुलिस कार्मिक एकत्र किए और उनकी तलाश में चल पड़े। एस.सी.सी. लिमिटेड, उप-स्टेशन, सी ई आर क्लब क्षेत्र के निकट, मंडामरी के पिछवाड़े में गश्त लगाते समय सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू की एक्शन टीम के तीन सदस्यों ने अचानक श्री जाधव पर गोलीबारी कर दी। श्री वी. बालू जाधव, उप-निरीक्षक और उनके कार्मिक, विद्रोहियों की गोलियों के बिल्कुल सामने थे। लेकिन श्री जाधव, एस आई ने उच्च कर्तव्यपरायणता और अत्यधिक साहस का परिचय दिया और अपने साथियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया और फिर अपने जीवन की परवाह किए बगैर विद्रोहियों को उचित चेतावनी देने के बाद स्वयं इन्होंने जवाबी गोलीबारी की। दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलियां चलती रहीं। जब दूसरी ओर से गोलियां चलनी बंद हो गई तो नामजद व्यक्ति साहस से आगे बढ़े और क्षेत्र की तलाशी ली। उस स्थल पर एक शव बरामद हुआ जिस पर गोलियां लगी थीं। बाद में शव की पहचान, इलेती धर्मन्ना उर्फ, कोंडन्ना, स्पेशल गुरिल्ला स्क्वाड कमांडर और आदिलाबाद डिस्ट्रिक्ट एक्शन कमांडर के रुप में हुई। मृतक यू जी कार्यकर्ता पर 50000.00रुपए का इनाम था। उक्त स्थल से छोड़ी गई निम्नलिखित वस्तुयें जब्त की गई:-

1.	.38 रिवाल्वर	01
2.	.38 के जिंदा राउंद	पाउच के साथ 12
3.	.32 के जिंदा राउंद	01
4.	.38 के खाली कारतूस	04
5.	फोटो	सभी विधायकों, संसद सदस्यों, मंत्रियों, नगर पालिका अध्यक्ष और एक लक्ष्य बोडा राजामौली, चेनुर ए सी के भूतपूर्व विधायक बी. जनार्दन के भाई

मृतक यू.जी. कार्यकर्ता के अन्य साथी घटनास्थल से भाग निकले।

इस मुठभेड़ में श्री वादित्य बालू जाधव, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 मई, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 139- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री डी. राजशेखर रेड्डी (मरणोपरांत)
सहायक असॉल्ट कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

03.05.2003 को सूचना मिली थी कि उड़ीसा राज्य के कलीमेला पी.एस. सीमाओं के अधीन घने दुर्दम्य वन में बड़ी संख्या में विद्रोहियों को प्रशिक्षण दिए जाने का अभियान चलाया जा रहा है। श्री राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने यूनिट का नेतृत्व किया और वे आपरेशन के लिए चल पड़े। लगभग 6 घंटे तक चलने के बाद पार्टी एक सुरक्षित स्थान पर रात को रुकी। 04.05.2003 को लगभग 0500 बजे श्री राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ कठोर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में अपना आपरेशन जारी रखा और चपुडुडुला गांव पहुंचे। अपने आपरेशन के दौरान श्री डी. राजशेखर रेड्डी ने विद्रोहियों को धोखा देने की दृष्टि से एक नई रणनीति अपनाई जिसमें इन्होंने अपने आप को विद्रोही के रुप में प्रकट किया और उस क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जो पार्टी के रास्ते में पड़ते थे और ग्रामीणों को कोई शक नहीं हुआ और वे इन्हें शिविर के सामान्य क्षेत्र में ले गए। लेकिन चपुडुडुला के ग्रामीणों ने विद्रोहियों के स्थान के बारे में कोई सूचना नहीं दी। तब भी पार्टी ने सामान्य निदेशों का पालन करते हुए शिविर की खोज जारी रखी और चपुडुडुला गांव से पूर्व की ओर बढ़ने लगे। तब अचानक ही उन्हें तीन पहाड़ियों की तलहटी में पांव के निशान दिखाई दिए। जब यह पार्टी पांव के निशानों के सहारे थोड़ी आगे तक गई तो इन्हें अचानक पहाड़ी की तलहटी के समीप बांस के घने झुरमुटों के बीच दो टेंट दिखाई दिए। तत्काल ही श्री डी. राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने पार्टी को तीन भागों में बांट कर एक आकस्मिक योजना बनाई और नक्सलियों की ओर चल पड़े। एक भाग का नेतृत्व श्री जय राम, ए ए सी कर रहे थे। उनसे कहा गया कि वे बांई ओर अर्थात क्षेत्र के पूर्व से और दूसरी पार्टी, जिसका नेतृत्व वरिष्ठ कमांडो कर रहे थे, से कहा गया कि वे दांई ओर से अर्थात् क्षेत्र के पश्चिम की तरफ से कट-ऑफ पार्टियों के रुप में कार्य करें। इन्हें कहा गया कि वे तब तक गोलीबारी न करें जब तक कोई विद्रोही उनकी ओर से भागने की कोशिश न करे। फिर श्री राशेखर रेड्डी, ए ए सी के नेतृत्व वाली मुख्य असॉल्ट पार्टी हर तरह की सावधानी बरतते हुए टेंटों की ओर बढ़ी। जब मुख्य असॉल्ट पार्टी टेंट से लगभग 30 मीटर दूरी पर पहुंची तो अचानक ही पुलिस पार्टी पर गोलीबारी हुई। तब श्री राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने पुलिस के रुप में अपनी पहचान दी और उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। जब चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तो पुलिस पार्टी ने भी निजी रक्षा के अधिकार का प्रयोग करते हुए विद्रोहियों पर गोलीबारी कर दी जो 20 मिनट तक जारी रही। तब अचानक ही श्री डी. राजशेखर रेड्डी. ए ए सी ने महसूस किया कि विद्रोही, जो संख्या में अधिक थे और पहाड़ी पर ऊंचाई में खाई में मोर्चा लिए हुए थे, ने पूरी पुलिस पार्टी का सफाया करने के ध्येय से पार्टी को धीरे-धीरे चारों ओर से घेरना शुरु कर दिया। इसी बीच विद्रोहियों ने दो कट-ऑफ पार्टी, जो मुख्य असॉल्ट पार्टी की ओर बढ़ रही थी, को रोकने के लिए उन पर ग्रेनेड फेंकने और क्लेमोर सुरंगों से विस्फोट करने भी शुरु कर दिए। फिर श्री राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने महसूस किया कि वे चारों ओर से फंस गए हैं तथा इनके सामने गंभीर खतरा है और ग्रुप के सभी पुलिस कर्मियों का जीवन संकट में है। इन्होंने महसूस किया कि जब तक विद्रोहियों पर पलट कर साहसपूर्ण हमला नहीं किया जाता है तब तक ये जीवित नहीं बच सकते हैं। अनुकरणीय सूझ-बूझ का विरला प्रदर्शन, असामान्य साहस, असाधारण बहादुरी, वीरता का उत्कृष्ट कृत्य और कर्तव्यपरायणता तथा व्यावसायिक मानकों को प्रदर्शित करते हुए इन्होंने विद्रोहियों पर एक ग्रेनेड फेंका और अपनी स्वचालित बंदूक से विद्रोहियों पर गोलीबारी की तथा उनकी ओर बढ़े। इनके साथ ग्रुप के केवल दो कनिष्ठ कमांडो आए। इस साहसिक कृत्य से टेंट के विद्रोही अपनी जान बचा कर भाग खड़े हुए और बाकी विद्रोही पहाड़ी के ऊपर ऊंचाई पर बनी अपनी मोर्चेबंदी को छोड़ कर बिखर गए। लेकिन श्री डी. राजशेखर रेड्डी, ए ए सी, जो विद्रोहियों की ओर आगे बढ़ रहे थे, को अपनी सुरक्षा के लिए कोई आड़ नहीं मिली। यद्यपि इन्होंने

विद्रोहियों के पुलिस कार्मिकों की हत्या करने के इरादों को सफल नहीं होने दिया लेकिन ये विद्रोहियों की गोलियों के शिकार हो गए। यद्यपि, उनके शरीर से अत्यधिक रक्त बह रहा था और दर्द हो रहा था फिर भी इन्होंने उस समय तक अपने हथियार से विद्रोहियों पर गोलीबारी जारी रखी जब तक वे वहां से भाग खड़े नहीं हो गए। श्री डी. राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने महान बलिदान दिया तथा पुलिस कार्मिकों के जीवन बचाए और दो घंटे बाद इन्होंने अंतिम सांस ली। घटना के बाद क्षेत्र का सर्वेक्षण करने पर चार एस बी बी एल हथियार, एक डी बी बी एल हथियार, 8 एम एम की एक राइफल, एक रिवाल्वर, 30 एम एम स्प्रिंगफील्ड की एक राइफल, एक आइकोन वी एच एफ सेट, दो बारुदी सुरंगे, एक क्लेमोर माइन, 51 एम एम का एक बम और 35 किट बैग आदि बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री डी. राजशेखर रेड्डी, ए ए सी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 140- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. वी. शिवराम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर/आर आई
2. बी. मुरली, एस सी (1721)
3. एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर, पी सी (280)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

4.07.2003 को एस पी, आदिलाबाद जिला से यह सूचना प्राप्त होने पर कि गांधीनगर एस सी कालोनी, बेल्लमपल्ली नगर, आदिलाबाद जिले के एक निजी मकान में वामपंथी पीपुल्स वार एक्शन टीम के सदस्य शरण लिए हुए हैं, श्री वी. शिवराम प्रसाद के नेतृत्व में जिला विशेष पार्टी, एस आई वन टाउन, पी एस बेल्लमपल्ली टाउन के 15 सदस्यों के साथ बिना समय गंवाये एस 4-बी ए /यूनिट उक्त मकान की ओर रवाना हुई। इसका कारण यह था कि अपनी चाल के रुप में पी डब्ल्यू जी, अपना स्थान बदलते रहने के लिए जानी जाती थी। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर की योजना के अनुसार मकान के पिछवाड़े से ए ए सी श्री के.ए. नायडू के नेतृत्व वाले आउटर कोर्डन का विस्तार किया गया और आउटर कोर्डन से संकेत मिलने के बाद इस आपरेशन के नेता श्री वी. शिवराम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर, बचाव टीम और इनर कोर्डन के साथ मकान की ओर बढ़े तथा मकान के दरवाजे, खिड़की और मकान के अन्य हिस्सों को कवर कर उसे घेर लिया। जिस समय इनर कोर्डन आगे बढ़ रहा था उस समय इन्होंने 2 लोगों को मकान से बाहर आते देखा। नामजद 1 ने इनर कोर्डन के कार्मिकों को निदेश दिया कि वे उन 2 व्यक्तियों को पकड़ लें। उनसे पूछताछ करने के बाद उन्होंने बताया कि 3 व्यक्ति मकान के अंदर हैं और उनके पास

हथियार हैं तथा वे पी डब्ल्यू जी उग्रवादी कार्यकर्ता हैं। श्री वी शिव राम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर ने विद्रोहियों को चेतावनी दी कि वे दरवाजे से अपने हथियार बाहर फेंक कर आत्मसमर्पण कर दें। लेकिन जब चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तो श्री वी. शिवराम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर ने गोलीबारी करने का आदेश दिया। श्री वी. शिव राम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर और बचाव पार्टी ने मकान के दरवाजे और खिड़की की ओर गोलीबारी कर दी। दरवाजा खोला गया और उस पर पर्दा लटका हुआ था। मकान में छिपे विद्रोहियों ने भी खिड़की से गेट और छत की ओर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। मकान की छत एस्बेस्टॉस सीमेंट की शीटों से बनी थी। विद्रोहियों ने मकान की दीवार के पीछे मोर्चा लिया हुआ था जहां पर गोलीबारी का उन पर कोई असर नहीं हो रहा था। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी ने श्री बी. मुरली, एस सी (1721) और श्री एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर, पी सी 280 को आदेश दिया कि वे पत्थरों से मकान की छत तोड़ दें और ग्रेनेड गिराये। आपरेशन के दौरान श्री मुरली, एस सी और श्री एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर ने 5 ग्रेनेड गिराये और विद्रोहियों ने छत के सुराख से अंधाधुंध ग्रेनेड बाहर फेंके। विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया और वे "विप्लवम बर्धिल्लली", "इंक्लाब जिंदाबाद" के नारे लगा रहे थे। विद्रोहियों की गोलीबारी से श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी ने यह जान लिया कि मकान में दो कमरे हैं और जब पुलिस पार्टी ग्रेनेड फेंक रही है तो वे एक कमरे से दूसरे कमरे में जा रहे हैं। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी ने इनर कोर्डन पार्टी को आदेश दिया कि वे मकान के रोशनदानों को तोड़ दें जो मकान के चार तरफ अर्थात् प्रत्येक कमरे में दो-दो रोशनदान थे। पार्टी ने चारों रोशनदानों को तोड़ दिया और श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी के आदेश के अनुसार चार कार्मिकों ने एक ही समय में चार ग्रेनेड गिरा दिए। दो कमरों में एक साथ ग्रेनेडों के विस्फोट हुए तथा विद्रोहियों की ओर से न तो कोई आवाज आई/और न ही जवाबी गोलीबारी हुई। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी, श्री मुरली, एस सी और श्री एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर ने मकान में प्रवेश किया और मकान के दूसरे कमरे, जिसे मकान मालिक द्वारा किचन और रहने के कमरे के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा था, में 3 शव देखे। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी और श्री मुरली, एस सी ने महसूस किया कि कमरे में रखा गया एल पी गैस सिलेंडर में रिसाव हो रहा है। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी के निदेश पर तत्काल ही श्री मुरली, एस सी ने गैस कनेक्शन अलग कर दिया और उसे मकान के बाहर ले गए। निम्नलिखित 3 विद्रोही मारे गए:-

नंगपल्ली श्रीहर उर्फ शंकर (एक्शन टीम प्रभारी और जयपुर एल जी एस कमांडर)
इप्पा हनुमंतु उर्फ नरसन्ना (अल्लमपल्ली एल जी एस कमांडर और एक्शन टीम का सदस्य)
गोदारी राजेन्द्र उर्फ कृष्णा (एक्शन टीम का सदस्य)

मकान से निम्नलिखित हथियार, गोली-बारुद और अन्य वस्तुयें बरामद हुई :-

1.	9 एम एम आई ए आई काबाईन	-	1
2.	7.33 माउसर पिस्तौल	-	1
3.	7.33 रिवाल्वर	-	1
4.	नकदी	-	3,650/-रुपए
5.	साहित्य		
6.	किट बैग	-	1
7.	33 गोली-बारुद		

इस मुठभेड़ में मारे गए विद्रोही, विधायक सी एम पुरुषोत्तम, बेल्लमपल्ली, आदिलाबाद जिले के सशस्त्र

रिजर्व के एक हैड कांस्टेबल और 4 कांस्टेबलों की हत्या करने तथा जिले में अन्य कई मामलों में संलिप्त होने के अपराधी थे। दो विद्रोहियों में प्रत्येक पर 2 लाख रुपए और बाकी पर 1 लाख रुपए का इनाम था। इससे आन्ध्र प्रदेश और विशेष रुप से आदिलाबाद जिले, जिसे विद्रोही आंदोलन का केन्द्र बिन्दु माना जाता था, में पीपुल्स वार को गहरा धक्का लगा। इस ऑपरेशन में श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी, श्री बी. मुरली, एस सी (1721) और श्री एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर पी सी 280 ने अनुकरणीय सूझ-बूझ और योजना, असामान्य साहस, असाधारण बहादुरी, वीरता के उत्कृष्ट कृत्य और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। श्री वी. शिवराम प्रसाद, डी ए सी ने पुलिस पार्टी का नेतृत्व किया जिसमें जनता, मकान के चारों ओर जमा हुए लोगों और पुलिस कार्मिकों, जो नजदीकी लड़ाई में गोली-बारी कर रहे थे, में से कोई घायल नहीं हुआ या किसी को हानि नहीं हुई। श्री बी. मुरली, एस सी (1721) और श्री एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर पी सी 280 ने भी दुश्मन की गोलीबारी के जोखिम का सामना किया क्योंकि छत सीमेंट की शीटों से बनी थी, इन्होंने छत तोड़ कर ग्रेनेड फेंक कर उत्कृष्ट कार्य का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री वी. शिवराम प्रसाद, डिप्टी असॉल्ट कमांडर, बी. मुरली, एस सी और एल. लक्ष्मीनारायण, ए आर, पी सी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 141- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के. देवेन्द्र रेड्डी,
प्रारक्षित उप-निरीक्षक (अब उप-निरीक्षक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

02.08.2003 को, नक्शा स. 65 बी/8 (1:5) में पहचान किए गए क्षेत्र, जो सीधी पहाड़ियों और घने वन से घिरा है, में विद्रोहियों की गतिविधि के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई को अपनी पार्टी के साथ कौशेट्टिवई के निकट वन में मार्गनिर्देशन के लिए भेजा गया। पूरा अभियान दो दिन तक चला और इस ध्येय और सूचना के साथ, कैंप स्थल के निकट नक्सलियों द्वारा लगाई गई संभावित घातों, क्लेमोर सुरंगों और बारुदी सुरंगों के बारे में पार्टी को पूरी तरह से बता दिया गया था और उनसे कहा गया था कि वे फील्ड क्राफ्ट के सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करें। इसके बाद उन्हें जिला मुख्यालय से 0200 बजे भेज दिया गया। पार्टी को कौशेट्टिवई गांव के बाहरी हिस्से में उतार दिया गया और फिर इन्होंने पूर्वी दिशा से वन की छान-बीन करनी शुरु की। उसी दिन लगभग 1730 बजे, जब पार्टी पहाड़ियों की छान-बीन कर रही थी, श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई ने .344 पहाड़ी के निकट नाले में कुछ पद्चिन्ह देखे तथा नाले में हाथ से बनाए कुण्ड से हाथ से पानी निकालने के ताजे चिन्ह भी देखे। ये पद चिन्ह .344 पहाड़ी की ओर जा रहे थे। पार्टी ने सावधानीपूर्वक उन पद्चिन्हों का पीछा किया

और उस समय तक आधी पहाड़ी पर चढ़ना जारी रखा जब पद चिन्ह दिखाई देने बंद हो गए। लेकिन श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई ने आशा नहीं छोड़ी और चढ़ना जारी रखा । चोटी से लगभग 20 गज की दूरी तक चढ़ने के बाद श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई ने कुछ पत्तियां देखी जो वहां के उस वन की पत्तियों से अलग थी तथा जो आस-पास के वन से नहीं मिलती थी। इस पर इन्हें संदेह हुआ कि कोई, संभवतः विद्रोही, भोजन करने के लिए ये पत्ते लाए हों, इसलिए इन्होंने पहाड़ी पर चढ़ना जारी रखा। श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई ने पहाड़ी की चोटी पर एक प्लास्टिक का टैंट देखा और टैंट से कुछ आवाजें सुनी। तब श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई ने हमला करने का निर्णय लिया, इसलिए पार्टी को तीन ग्रुपों में बांटा गया। जब कि दो ग्रुपों को दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्वी दिशा में कट-ऑफ के रुप में रखा गया, श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई के नेतृत्व वाला तीसरा ग्रुप रेंगते हुए पहाड़ी के अंतिम बिन्दु पर चढ़ गया क्योंकि सीधे हो कर चलने से इनके बारे में पता चल सकता था। यदि श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई अपने ग्रुप के साथ उत्तरी दिशा से टैंट के निकट पहुंच जाते तो घेराव पूरा हो जाता लेकिन दलम के संतरी द्वारा उनसे पूछताछ करने पर दक्षिण पश्चिम दिशा से पहले कट-ऑफ ग्रुप द्वारा नियत समय से पहले गोलीबारी करने से पेड़ के निकट बैठे संतरी ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर दी इसलिए दुश्मन से अपनी रक्षा करने के लिए पुलिस पार्टी के पास गोलीबारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। अतः इन्होंने तत्काल ही पलट कर जबाबी गोलीबारी की। दूसरी ओर श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई, जो विद्रोहियों के टैंट के सामने खड़े थे, पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी हुई और ये अपने जीवन की परवाह किए बगैर बहादुरी से आगे बढ़े और इन्होंने अपनी स्वचालित राइफल से जबाबी गोलीबारी कर दी जिसके परिणामस्वरुप एक क्षेत्रीय कमेटी सचिव सहित तीन विद्रोही मारे गए। यह दिन की कम होती रोशनी में 1855 बजे से 1910 बजे के बीच हुआ। जब गोलीबारी बंद हो गई तो आर एस आई के आह्वान पर पुलिस पार्टी उस क्षेत्र की ओर बढ़ी, तलाशी ली और एक महिला के शव सहित चार शव वहां पर पाए गए, 6 हथियार (.303 की दो राइफलों और 8 एम एम की 2 राइफलों सहित), 10 किट बैग, पानी की केन आदि बरामद किए गए। श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई और उनकी टीम के साहसिक कृत्य से पी डब्ल्यू जी को भारी नुकसान हुआ जिसमें 1) पशुला बिक्सापति उर्फ चन्द्रन्ना, पी पी जी नरसमपेट क्षेत्रीय कमेटी सचिव और सदस्य, वारंगल-खम्माम एरिया कमेटी, 2) मनुबोथ्याल यदक्का उर्फ रदक्का, पत्नी लिंगैया उर्फ लिंगन्ना (येल्लेन्दु दलम का कमांडर), डिप्टी कमांडर, चन्द्रन्ना दलम, 3) पूनेम पापा राव उर्फ भूपति उर्फ लक्षमैया, सदस्य, चन्द्रन्ना दलम 4) जेरुपुला बग्गु उर्फ रंगन्ना, सदस्य, चन्द्रन्ना दलम मारे गए।

इस मुठभेड़ में श्री के. देवेन्द्र रेड्डी, आर एस आई (अब एस आई) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 142- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ए. नरेश कुमार,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7 मार्च, 2003 को अपर पुलिस अधीक्षक (ओप्स), करीम नगर के निर्देशों के अनुसार चेंदुर्थी पी एस की सीमाओं में अभियान चलाने के लिए श्री ए. नरेश कुमार, उप-निरीक्षक (एस आई) के नेतृत्व में एक डिस्ट्रिक्ट गार्ड असॉल्ट यूनिट भेजी गई। अगले दिन की सुबह 0600 बजे इन्होंने आगे बढ़ना शुरु किया, बावूसाइपेट, लचमपेट थांडा, जलपति थांडा और इसके आस-पास के क्षेत्रों में छिपने के स्थानों की जांच की तथा 0830 बजे गोविन्द्रजुला गुट्टा, डुब्बा थांडा के निकट पहुंचे। जब पुलिस पार्टी गांव में पहुंची तो लुंगी पहने 4-5 व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी से बचने के लिए अलग-अलग दिशाओं में भागना शुरु किया। इसके तुरंत बाद श्री ए. नरेश कुमार, एस आई ने उनमें से दो, जो गोविन्द्रजुला गुट्टा की ओर भाग रहे थे और जिन पर विद्रोही होने का संदेह था तथा जिस ढंग से पुलिस पार्टी को देख कर उन अज्ञात व्यक्तियों ने भागना शुरु किया, का पीछा किया। उनकी इस गतिविधि से श्री ए. नरेश कुमार, एस आई को उनके विद्रोही होने का पक्का विश्वास हो गया। पुलिस पार्टी को तेजी से पीछा करते देख, वे देवुनी गुट्टा की ओर भागे और उन्होंने वहां पर खड़ी की हुई बाइसिकल ली ताकि बचना आसान हो जाए। इसे देख कर, श्री ए. नरेश कुमार, एस आई ने पुलिस पार्टी को आदेश दिया कि वे पैदल ही लगातार उनका पीछा करें और इन्होंने एक पुलिस कांस्टेबल 2645 अशोक को अपने साथ लिया तथा एक सिविलियन की मोटर साइकिल ली और विपरीत दिशा में चल पड़े ताकि संदिग्ध लोगों को पकड़ा जा सके। जैसे ही श्री ए. नरेश कुमार, एस आई उनके नजदीक पहुंचे वैसे ही विद्रोहियों में से एक ने अपने छोटे हथियार से इन पर गोलीबारी कर दी। श्री नरेश कुमार, एस आई से केवल 10 मीटर की दूरी पर विद्रोहियों की इस कार्रवाई को देख कर इन्होंने बाइक रोक दी और तत्काल विद्रोहियों पर गोलीबारी कर दी तथा साथ ही इन्होंने बाइक पर पीछे बैठे सिपाही अर्थात् पी सी 2645 को आदेश दिया कि वह भी अपनी रक्षा के लिए विद्रोहियों पर गोलीबारी करे। श्री ए. नरेश कुमार, एस आई ने एक छोटी चट्टान की आड़ ली और विद्रोहियों पर गोलीबारी जारी रखी। दोनों ही विद्रोही गोली लगने के कारण तत्काल मारे गए। जिस स्थान पर दोनों ओर से गोलीबारी हुई थी उसकी तलाशी लेने पर मारे गए विद्रोहियों से एक 7.62 पिस्तौल और एक एच ई 36 ग्रेनेड बरामद हुआ। मारे गए दोनों विद्रोहियों की पहचान बाद में कतुकम करुणाकर उर्फ नजीर पुत्र नरसैया, 27 वर्ष, जाति का कपू, निवासी बंदापल्ली, डिप्टी सी ओ, जनशक्ति और इनुगुला महांकली उर्फ देवन्ना पुत्र राजैया, 30 वर्ष, जाति से कूर्मा, निवासी किस्तमपेट (गांव), दलम सदस्य के रुप में हुई। मारे गए विद्रोहियों ने कई अपराधों में भाग लिया था जिसमें दो कांस्टेबलों हेंकू नायक और संकेपल्ली कृष्णा, कोडिमियल पी एस, बट्टीमल (गांव), कोनारावपेट मंडल में 11.2.2003 की बर्बर हत्या में शामिल है। यह एक उत्कृष्ट फील्ड मुठभेड़ है और सिरसिला सब-डिविजन में अपनी तरह की अकेली है जिसमें श्री ए. नरेश कुमार, एस आई ने बहादुरी से विद्रोहियों की गोलियों का सामना किया तथा अपने जीवन को अत्यधिक जोखिम में डाल कर विद्रोहियों का पीछा किया और दो खूंखार विद्रोहियों को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में श्री ए. नरेश कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मार्च, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 143- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. मनीष कुमार सिन्हा, भा.पु.से., अपर पुलिस अधीक्षक
2. के. वामसीधर, ए ए सी/आर एस आई

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24.06.2003 को लगभग 0700 बजे श्री मनीष कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि पी डब्ल्यू के 15-20 टाइगर प्रोजेक्ट दलम प्रकाशम जिले के मरकापुर सब-डिविजन के अंतर्गत पेड्डारवीडू के पुलिस स्टेशन पर हमला करने की योजना बना रहे हैं और वे प्रकाशम जिले के चिंतलमुडुपि गांव के घने जंगल से हो कर जा रहे हैं। यह अभियान चिंतलमुडिपि के घने जंगल में चलाया जाना था जो पी डब्ल्यू का गढ़ है। श्री सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक ने श्री के. वामसीधर के साथ एक विस्तृत योजना बनाई और ग्रेहाउड्स यूनिट के कार्मिकों तथा विशेष पार्टियों के साथ अभियान के लिए चल पड़े। पुलिस कार्मिकों को दो ग्रुपों में बांटा गया ताकि संदिग्ध क्षेत्र को कवर कर उसका घेराव किया जा सके। इन दो ग्रुपों में से एक-एक का नेतृत्व सर्व श्री सिन्हा और वामसीधर ने किया। श्री मनीष कुमार सिन्हा, भा.पु.से. और श्री के. वामसीधर ने पहाड़ी पर स्थित एक पेड़ के निकट कुछ हलचल महसूस की जो पहाड़ी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर था। वहां से अज्ञात व्यक्तियों के फुसफुसाने की आवाज भी सुनाई दे रही थी। एक बार जब श्री सिन्हा और उनकी यूनिट ने यह महसूस कर लिया कि वह आवाज विद्रोहियों की है तो इन्होंने पार्टी को दो भागों में बांटने की आकस्मिक योजना बनाई और नक्सलियों की ओर बढ़ने लगे। श्री मनीष कुमार सिन्हा, भा.पु.से., श्री के. वामसीधर, ए सी सी, श्री टी. नरेन्द, जे सी 2621 और श्री यू. श्रीनिवास चारी एस सी, 1759 एक ग्रुप में और डी ए सी श्री एम. माधव राव तथा ए सी सी श्री यादगिरि दूसरे ग्रुप में थे। विद्रोही, जो पहाड़ियों में से एक पहाड़ी पर शरण लिए हुए थे, ने उस पहाड़ी को छोड़ दिया क्योंकि उन्होंने काफी पहले ही पुलिस पार्टी की चाल भांप ली तथा उन्होंने पुलिस पार्टी को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए उन पर अचानक हमला करने की योजना बनाई। इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी के रास्ते में कई क्लेमोर सुरंगे बिछा दी। जब पुलिस पार्टी पहाड़ी की तलहटी में पहुंची तो विद्रोहियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी तथा साथ ही क्लेमोर सुरंगों में भी विस्फोट कर दिए। ये क्लेमोर सुरंगे श्री के. वामसीधर, ए सी सी के बिल्कुल सामने फटीं लेकिन इससे ये भयभीत नहीं हुए और इन्होंने अपना साहसिक अभियान जारी रखा। श्री के. वामसीधर, ए सी सी ने यह नोटिस किया कि विद्रोहियों का एक ग्रुप, विद्रोहियों के दूसरे ग्रुप को गोलीबारी की आड़ में असॉल्ट पार्टी की ओर बढ़ रहा है ताकि पुलिस पार्टी को घेर कर उनकी हत्या की जा सके। श्री मनीष कुमार सिन्हा ने श्री के. वामसीधर, ए सी सी के साथ मिल

कर एक चक्कर लगाया और रेंगते हुए विद्रोहियों की ओर बढ़े तथा एक चतुराई पूर्ण चाल चली, यद्यपि विद्रोहियों की ओर से भारी गोलीबारी हो रही थी। लेकिन अपने जीवन की परवाह किए बगैर तथा गंभीर जोखिम का खतरा उठाते हुए श्री मनीश कुमार सिन्हा, भा.पु.से. और श्री के. वामसीधर, ए सी सी ने अपने स्वचालित हथियारों से तेजी से गोलीबारी शुरु की तथा आगे बढ़े और विद्रोहियों से 30 मीटर की दूरी तक पहुंच गए। विद्रोहियों और पुलिस पार्टी के बीच हुई भारी गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली जिसके परिणामस्वरुप चार खूंखार विद्रोही मारे गए। शांति पत्नी श्रीनु उर्फ महेश, एरिया कमेटी सचिव, सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू और टाइगर प्रोजेक्ट दलम। कोंडासीमा एनिमा उर्फ उमा, पुत्री नागेश्वर राव, सी पी आई (एम एल), पी डब्ल्यू, सदस्य। थुम्मेला वेंकटेश्वरलू उर्फ सागर, पुत्र चिन्ना वैंकट सुबैया, सी पी आई (एम एल), पी डब्ल्यू दलम सदस्य और एस. प्रसाद उर्फ जीवन, पुत्र नगैया, सीपी आई (एम एल) पी डब्ल्यू दलम सदस्य। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के बाद .303 की दो राइफलें, एस बी बी एल की दो राइफलें, एक तपंचा, एक डे वाइनोक्यूलर और बड़ी मात्रा में गोली-बारुद बरामद हुआ। सर्व श्री सिन्हा और वामसीधर ने ये परिणाम प्राप्त करने के लिए अनुकरणीय व्यक्तिगत साहस, नेतृत्व और बहादुरी का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मनीष कुमार सिन्हा, भा.पु.से., अपर पुलिस अधीक्षक और श्री के. वामसीधर, ए सी सी/आर एस आई ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 जून, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 144- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रौनक अली हजारिका, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक
2. जतिन्द्र नाथ सेकिया, उप-निरीक्षक (यू बी)
3. बिपुल रे, ए बी सी/586
4. हृषिकेश रे, ए बी सी/556

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

मजिगांव गांव में कुछ कट्टर उल्फा विद्रोहियों के छिपे होने के बारे में 22.7.2004 को अपराह्न 1.40 बजे गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्री रौनक अली हजारिका, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, बोंगइगांव ने तत्काल इस

मामले पर श्री लुंगरिडिंग, भा.पु.से., उप-महानिरीक्षक (डब्ल्यू आर), कोकराझार, जो उस समय एस पी कार्यालय, बोंगइगांव का निरीक्षण कर रहे थे, के साथ चर्चा की और उप-पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), ओ/सी बोंगइगांव पी एस, टी-एफ आई आदि के साथ अभियान चलाने की एक योजना बनाई तथा तत्काल ही सशस्त्र डी ई एफ के उपलब्ध कार्मिकों के साथ धाईगांव पी एस के अंतर्गत मजिगांव की ओर रवाना हुए और क्षेत्र का घेराव कर दिया। जब पुलिस पार्टी जंगल में छान-बीन कर रही थी उसी समय विद्रोहियों ने पुलिस पार्टी को लक्ष्य करके उन पर एक हथगोला फेंका लेकिन सौभाग्य से पुलिस पार्टी को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इसी बीच, विद्रोहियों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी भी शुरु कर दी। तत्काल ही एस.पी.आर.ए. हजारिका, बोंगइगांव, एस आई. जतिन्द्र नाथ सेकिया, ए बी सी/586 बिपुल रे और ए बी सी/556 हृषिकेश रे ने भी पलट कर गोलीबारी कर दी और गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े। इसके परिणामस्वरुप मुठभेड़ में एक उल्फा विद्रोही मारा गया। बाद में उसकी पहचान हितेश रे उर्फ भतीजा उर्फ सेलन मेधी, पुत्र धजेन राय, सुंदरी पी एस सिदली, जिला, चिराग के रुप में हुई जो एक कट्टर उग्रवादी था तथा बोंगइगांव जिले का स्वं-भू उल्फा एरिया कमांडर था। उसके कब्जे से चीन में निर्मित एक एम-20 पिस्तौल, दो मैग्जीनें, जीवित गोला बारुद के 3 राउंद, 2 (दो) हथगोले, एक आई ई डी जिसमें 3½ कि.ग्रा. प्लास्टिक विस्फोटक था, एक डिटोनेटर, एक कामचलाऊ पेंसिल, दस बैटरी सैल, जो रिमोट कंट्रोल डिवाइस में फिट किए गए थे, एक डायरी और उल्फा संगठन से संबंधित कुछ अभिशंसी दस्तावेज बरामद हुए। इस घटना के बाद पी ओ और निकटवर्ती जंगलों की भी पूरी छान-बीन की गई लेकिन उसके साथी विद्रोहियों का कोई सुराग नहीं मिला। कुछ समय बाद सी आर पी एफ पार्टी को सूचित किया गया और अनुवर्ती तलाशी अभियान में पुलिस पार्टी की सहायता करने के लिए वे भी पी ओ पहुंच गए। मारा गया उल्फा उग्रवादी कई व्यक्तियों की हत्या करने में संलिप्त था।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री रौनक अली हजारिका, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, जतिन्द्र नाथ सेकिया, एस आई(यू बी), बिपुल रे, ए बी सी/586 और हृषिकेश रे, ए बी सी/556 ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

वे पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 145- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गोबिन बोराह, (मरणोपरांत)

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.08.2004 को कमांडो बटालियन, गुवाहटी के गोबिन बोराह, सी.आई. आपरेशन ड्यूटी पर टीम के एक भाग के रुप में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पी.आर. कर, डिब्रूगढ़ डी ई एफ के साथ जा रहे थे। भाटी नामदंग गांव के किसी लीला बोराह के मकान में एक महिला कार्यकर्ता सहित तीन उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में लगभग 1600 बजे सूचना मिलने पर इनकी टीम ने गांव में एक अभियान शुरु किया और 1800 बजे तक ये उस स्थल पर रहे। कमांडो गोबिन बोराह से कहा गया कि वे एक तरफ से लक्ष्यगत मकान की ओर बढ़ने के लिए कमांडो की एक टीम का नेतृत्व करें। जब गोबिन बोराह की टीम उग्रवादियों के सामने आई तो उग्रवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई। जब उन पर गोलीबारी की जा रही थी तो कमांडो गोबिन बोराह आगे होकर अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे थे। इसके परिणामस्वरुप, उनकी जांघ और कमर पर कई गोलियां लगी। घायल होने के बावजूद गोबिन बोराह ने अनुकरणीय साहस और सन्निकट खतरे के सामने अत्यधिक कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और साथ ही अपनी टीम की गतिविधियों को कवर करते हुए पलट कर गोलीबारी की। कमांडो गोबिन बोराह तब तक उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे जब तक वे अचेत हो कर गिर नहीं गए और उन्हें वहां से हटा नहीं दिया गया। इसके बाद जिस दिशा में गोबिन बोराह गोलीबारी कर रहे थे उस दिशा में रक्तकुंड दिखाई दिया। यद्यपि उग्रवादी गंभीर रुप से घायल थे फिर भी वे बच कर भागने में सफल हो गए और उनके ग्रुप का सरगना नुमल चेतिया उर्फ समर बासुमतारी, जिसकी गोबिन बोराह की टीम के साथ हुई गोलबीारी में दांई आंख चली गई थी, को बाद में पकड़ लिया गया। यद्यपि कमांडो गोबिन बोराह को शीघ्र ही वहां से हटा लिया गया था लेकिन अस्पताल में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। कमांडो गोबिन बोराह ने गंभीर खतरे में अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बगैर अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरुप उनकी टीम सुरक्षित रही और उल्फा के खतरनाक कार्यकर्ता नुमल चेतिया उर्फ समर बासुमतारी, जो मुठभेड़ में गंभीर रुप से घायल हुआ था, को पकड़ा जा सका। मुठभेड़ स्थल से एक मैग्जीन के साथ एक पिस्तौल (सं: 884310), 6 राउंद जीवित गोलियां, एक पैकेट जिसमें 3.660 कि. ग्रा. आर डी एक्स था, एक चीनी हथगोला, 5 नग डिटोनेटर, एक वायरलेस सेट (केनवुड), 5 नगर स्क्रू ड्राइव, एक छोटा रेडियो और अन्य वस्तुयें बरामद हुईं।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री गोबिन बोराह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अगस्त, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 146- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अरबिन्द कक्कोती (मरणोपरांत)

कांस्टेबल, ए बी सी/215

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव बोरखुरिहा (गंगापुखरी) पी एस नलबाड़ी में उल्फा उग्रवादियों के एक ग्रुप के ठहरे होने के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर 30.10.2003 को लगभग 1130 बजे श्री जीतमल डोले, ए पी एस, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय), नलबाड़ी के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने उस गांव की ओर कूच किया। जैसे ही पुलिस पार्टी ने श्री मदन कलिता और श्री बदन कलिता के मकान का घेराव किया वैसे ही एक उग्रवादी ने, जो मकान के सामने खड़ा था, पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर दी। उसी समय यू एम जी और ए के श्रृंखला की राइफलों से लैस लगभग 12 से 14 सशस्त्र उग्रवादी उस मकान से बाहर आये और उन्होंने मकान के पिछवाड़े की ओर भागना शुरु किया। उग्रवादियों ने मकान की कंकरीट की दीवार के पीछे मोर्चा लिया और पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की गई जिसके कारण इन्हें मजबूर हो कर रेंगते हुए निकट के पानी के तालाब तक जाना पड़ा लेकिन ए बी सी/215 अरबिंद कक्कोती साहसपूर्वक उत्तर की ओर से छिपते हुए उग्रवादियों की ओर बढ़े और अपनी ए के-47 सर्विस राइफल से उन पर गोलीबारी कर दी और मौके पर ही एक उग्रवादी को मार गिराया। इन्होंने लगभग एक घंटे तक गोलीबारी जारी रखी लेकिन अंततः जब इनका गोला-बारुद समाप्त हो गया तो उग्रवादियों ने इन्हें पकड़ लिया और गोली मार कर इनकी हत्या कर दी तथा इनके कब्जे से ए के-47 राइफल और एक मोटोरोला हैंड सैट छीन लिया। उग्रवादियों के इतने बड़े ग्रुप के साथ इनकी इस वीरोचित लड़ाई से अन्य पुलिस कार्मिकों को लड़ाई जारी रखने का साहस मिला। अन्यथा आगे बढ़ रहे 5/6 और पुलिस कार्मिकों के हताहत होने की आशंका थी। अन्य पुलिस कार्मिकों ने तत्काल मोर्चा संभाला और ए के राइफलों से पलट कर गोलीबारी की। चूंकि उग्रवादी भारी हथियारों (यू एम जी) से लैस थे इसलिए पुलिस पार्टी की गोलीबारी के आगे उन्होंने घुटने नहीं टेके और वे तब तक गोलीबारी करते रहे जब पुलिस कुमुक वहां नहीं पहुंची। उस स्थान की ओर आ रही कुमुक पुलिस पार्टी के वाहन की आवाज सुन कर उग्रवादियों ने चारों ओर आर पी जी सैल फेंकने शुरु कर दिए। तथापि, कुछ समय बाद उग्रवादियों ने आर पी जी सैल फेंकने बंद कर दिए और बांस के झुरमुटों की आड़ में भागना शुरु कर दिया। पुलिस पार्टी ने उनका पीछा किया लेकिन वे किसी अन्य उग्रवादी को पकड़ने में सफल नहीं हो सके। भारी गोलीबारी के कारण पूरी जांच की गई। सेना और सी आर पी एफ युक्त और कुमुक आने पर उस स्थान से दो शव, एक उग्रवादी का और दूसरा ए बी सी/215 अरबिंद कक्कोती का, मकान के पिछवाड़े में मिला। एक आर पी जी लांचर, चार नग, आर पी जी सैल और अभिशंषी दस्तावेज बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री अरबिंद कक्कोती, कांस्टेबल, ए बी सी/215 ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 147- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. लोंगनीत तेरांग,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. रिपुल दास,
   पुलिस उपाधीक्षक (प्रोबी)
3. जितुमनी बोराह,
   उप-निरीक्षक (यू बी)
4. अनंत बोराह,
   ए बी सी/500
5. जयंत बोराह,
   ए बी सी/499

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

4.4.2004 को बोरापाथर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत चांगपूल गांव में उल्फा आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोलाघाट के पुलिस अधीक्षक ने श्री लोंगनीत तेरांग, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोलाघाट को क्षेत्र में गश्त/तलाशी करने का निर्देश दिया। तदनुसार, उसी दिन लगभग 1100 बजे श्री एल. तेरांग, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), गोलाघाट ने श्री रिपुल दास, ए पी एस उपाधीक्षक (पुलिस), उप निरीक्षक जितुमनी बोराह, गोलाघाट डी एस बी, ए बी सी/500 अनंत बोराह तथा ए बी सी /499 जयन्त बोराह गश्त लगाने तथा उल्फा आतंकवादियों को पकड़ने की दृष्टि से चांगपूल गांव में घात लगाने के लिए बोरपाथर की तरफ चल पड़े। चांगपूल गांव में गश्त के दौरान, पुलिस पार्टी संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा लगाई गई घात में फंस गई जिन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोली चलाना शुरू कर दिया। सन्निकट खतरे को भांपते हुए, पार्टी ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया तथा अपनी सुरक्षा के लिए आतंकवादियों की तरफ गोलीबारी कर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी तथा आतंकवादी आक्रमण का मुकाबला शुरू कर दिया। पुलिस पार्टी ने भारी गोलीबारी की स्थिति में शान्त और युक्तियुक्त तरीके से रणनीतिपूर्वक, रेंगना शुरू कर दिया तथा अपनी जान को जोखिम में डाल कर आतकवादियों के साथ नजदीकी मुकाबला प्रारम्भ कर दिया। जब दोनों पक्षों में गोलीबारी चल रही थी, दो आतंकवादी पुलिस पार्टी पर रुक-रुक कर गोलीबारी करते हुए वहां से भागने की कोशिश करते हुए देखे गए। वे दोनों भिन्न-भिन्न दिशाओं की तरफ भाग रहे थे जिसके लिए पांच सदस्यीय पुलिस टीम ने स्वयं को विभाजित कर उनका पीछा किया। 10/15 मिनट की भीषण मुठभेड़ में, आतंकवादियों की तरफ पुलिस टीम द्वारा कुल 120 राउन्ड गोलीबारी की गई। जब गोलीबारी रूकी, पी ओ. की तलाशी ली गई तथा गोलियों से छलनी अज्ञात आतंकवादियों के दो शव मिले। अन्य आतंकवादियों को पकडने के लिए भी आस पास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई, परन्तु घने बांसों वाले नाले का लाभ उठाते हुए वे पी ओ से भागने में सफल रहे। बाद में मृत आतंकवादियों की पहचान (i) भाबा गोगोई उर्फ टुटू उर्फ दीपज्योति बरूआ, उल्फा का स्वयंभू सर्जेन्ट मेजर, पुत्र नूमल गोगोई सरुपाथर पी एस के अन्तर्गत नं. 1 मोराजन गांव तथा (ii) नरेन सैकिया उर्फ नोरेन कंवर उर्फ नागा उर्फ नवाज्योति कवंर, उल्फा का स्वयंभू कोरपोरल पुत्र नालिया सैकिया, सरूपाथर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत नं0 11 गंधकोकोई गांव। पी ओ और मृत आतंकवादियों के शवों की गहन तलाशी के दौरान दो मेगजीनों सहित 1 ए.के.-56 राइफल, एक मेगजीन सहित

एक 9 एम एम ब्राउनिंग पिस्टल, ए.के.-56 के 61 राउन्ड तथा 9 एम एम गोला बारूद के 4 नग, 4 इलैक्ट्रोनिक डेटोनेटर्स, 6 उल्फा मांग पत्र, एक वायरलैस सेट तथा 6 खाली कारतूस बरामद और जब्त किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री लोंगनीत तेरांग, अपर पुलिस अधीक्षक, रिपुल दास, पुलिस उपाधीक्षक, जितुमनी बोराह, उप-निरीक्षक (यू बी), अनंत बोराह, ए बी सी/500 तथा जयंत बोराह, ए बी सी/499 ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 148- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पंकज शर्मा, ए पी एस,
   पुलिस अधीक्षक
2. अब्दुल गफूर,
   सहायक उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

भागवती टी एस्टेट के 2 अपहृत व्यक्तियों नामतः (i) सरत दत्ता और (ii) राकेश कुमार, जिनका 21.02.2004 को बागान से अपहरण किया गया था को बरामद करने के लिए 24.02.2004 को यू पी डी एस आतंकवादियों के सम्भावित ठिकानों और जंगल क्षेत्र में एक तलाशी अभियान आयोजित किया गया। तदनुसार श्री पंकज सरमा, एस.पी. कर्बी ऐंगलोंग के सीधे पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अन्तर्गत एक व्यापक तलाशी अभियान आयोजित किया गया। उप निरीक्षक जयन्त कलिता, पी आर सी/हवलदार सुकलेश्वर बोरदोलोई, पी आर /757 अरूण सी एच. दास, पी आर सी/762 अतुल डेका, पी आर सी/634 प्रबोध बोरदोलोई और पी आर सी/677 प्रजीत दास को थेलू पहाड़ लेकठे बस्ती भेजा गया। सहायक उप निरीक्षक अब्दुल गफूर के नेतृत्व में एक पार्टी जब अचानक आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी की गिरफ्त में आ गई, तो पुलिस पार्टी ने जवाबी कार्रवाई की तथा देर तक चली मुठभेड के पश्चात अन्ततः 2 अपहृत व्यक्तियों को आतंकवादियों की गिरफ्त से सही सलामत बरामद कर लिया गया। मुठभेड की समाप्ति के पश्चात तलाशी की गई, एक यू पी डी एस शिविर ध्वस्त किया जा चुका था। बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारुद बरामद किए गए तथा 3 यू पी डी एस केडरों को गिरफ्तार किया गया। ई.एस. अधिनियम की धारा 5 के साथ पठित सशस्त्र अधिनियम की धारा 25 (आई-बी) (ए)/27 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(बी)/121(ए)122/307 के तहत, बोकाजन पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं. 35/2004 में इसका संदर्भ है। लेकठे बस्ती के समीप थेलूपहाड़ स्थित पी ओ, बोरापथर ओ.पी. से 38 कि.मी. दूर है। जंगल के रास्ते से पी.ओ. की तरफ 15 कि.मी. चलने के पश्चात रात हो गई तथा अंधेरा छा गया। जंगल के अन्दर तथा पहाडों के बीच दृश्यता शून्य स्तर पर आ गई। इन विपरीत परिस्थितियों में श्री पंकज शर्मा के लिए यह

निर्णय लेना कठिन हो गया कि क्या वे रात में आगे बढ़े अथवा भोर होने की प्रतीक्षा करें। उनके मन में यह दुविधा थी कि यदि बल रात्रि के दौरान आगे बढ़ता है तो उन्हें बंजर क्षेत्र, घने जंगलों, लहरदार घाटियों, अनेक छोटे-छोटे नदी-नालों और पहाड़ियों जैसी सभी प्रकार कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, कई घात स्थलों वाला यह क्षेत्र आतंकवादियों का अड्डा था। दूसरी तरफ, यदि बल भोर होने की प्रतीक्षा करता है तो वे पीछे छूट जायेंगे और घटनास्थल पर कुछ मिलने की आशा धूमिल हो जाएगी। अन्ततः श्री पंकज सरमा ने उपलब्ध बल के साथ रात में ही जंगल और पहाड़ों में घुसने तथा अचानक अभियान चलाने के लिए, जहां तक सम्भव हो सके, जल्दी से जल्दी थेलूपहाड़ स्थित घटनास्थल पर पहुंचने का निर्णय लिया। पहाड़ियों के पीछे से थेलूपहाड़ की कठिन ऊंचाई चढ़ने के पश्चात पार्टी अपराह्न 11:45 बजे घटनास्थल पर पहुंची। पहाड़ी के तल पर पहुंचने के पश्चात इन्होंने युक्तिसंगत मोर्चा संभाल लिया तथा भूमि पर लेट कर अंधेरे में आतंकवादियों का पता लगाने की कोशिश की। इन्हें कुछ नहीं दिखाई दे रहा था, परन्तु ये फिर भी अंधेरे में किसी भी हरकत को देख कर उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस पार्टी ने उच्च तुगंता वाले क्षेत्र में स्थित शिविर की तरफ धीरे-धीरे बढ़ना शुरू कर दिया और गहन तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान श्री सरमा को यू पी डी एस से संबंधित अनेक दस्तावेज बरामद हुए। शिविर को ध्वस्त करने के बाद गोला बारूद से लैस एक ए.के.47 मेगजीन तथा यू पी डी एस का व्यक्तिगत सामान बरामद किया गया। जैसे ही श्री सरमा और पार्टी वापस आने के लिए तैयार हुई, उनके स्थान से लगभग 50 गज दूर एक बडा धमाका हुआ। समग्र बल ने तत्काल लेटते हुए मोर्चा संभाल लिया। बल को क्षति पहुंचाने की इच्छा से वार्ता -विरोधी यू पी डी एस आतंकवादियों ने पास की पहाड़ी से हथगोले फेंके। श्री सरमा ने पार्टी को उस दिशा में गोलीबारी द्वारा जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सबसे पहले गोलीबारी की शुरूआत करके वे स्वयं दल में शामिल हो गए। श्री सरमा और उनकी पार्टी की बहादुरीपूर्ण कार्रवाई ने आतंकवादियों को भागने पर विवश कर दिया, जो अंधेरे, पहाड़ी क्षेत्र और घने जंगल का लाभ उठाते हुए गायब होने में सफल हो गए। श्री सरमा के नेतृत्व, साहस और वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण, आतंकवादी सुरक्षा बलों को कोई क्षति नहीं पहुंचा सके तथा वहां से भागने के लिए मजबूर हुए तथा अपहृत व्यक्तियों को बचा लिया गया। 3 यू पी डी एस केडरों तथा बचाए गए 2 पीड़ितों के बयान से पता चला कि उन्होंने शिविर में आतंकवादियों के पास ए.के.-47 राइफल, यू एस कारबाइन, राकेट लांचर, एल एम जी, एम एम जी तथा छोटे हथियार आदि जैसे सभी प्रकार के हथियार देखे थे। यह बचाव अभियान, अदम्य साहस का अनूठा उदाहरण है। यह मुठभेड़ विपरीत परिस्थितियों में हुई थी जहां पुलिस की संख्या थोड़ी-बहुत थी तथा आतंकवादियों की संख्या 30 से अधिक थी। पुलिस पार्टी ने अपहृत व्यक्तियों को बिना किसी हानि के बरामद किया। आतंकवादियों को अधिकतम नुकसान हुआ जिनमें कई घायल हुए तथा मारे गए। इस तथ्य को जानने के बावजूद कि यह वार्ता-विरोधी यू पी डी एस आतंकवादियों का सक्रिय शिविर है और यहां अनेकों आतंकवादी छुपे हुए हैं, रात में शुरू किए गए दूसरे प्रयास में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया तथा शिविर ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई से उस छोटी सी पुलिस टीम की उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा, संकल्प और प्रेरणा का पता चलता है जिसने समग्र पुलिस बल को गौरवान्वित किया। यह अभियान कठिन पहाड़ी क्षेत्र में चलाया गया जहां सुरक्षा कार्मिकों की तुलना में आक्रमणकारी लाभ की स्थिति में थे और उनकी संख्या अधिक थी। श्री सरमा की त्वरित कार्रवाई और साहस से ऐसा बड़ा परिणाम सामने आया।

इस मुठभेड़ में, श्री पंकज शर्मा, पुलिस अधीक्षक तथा श्री अब्दुल गफूर, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 फरवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

([illegible])
निदेशक

सं0 149- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हरेन चन्द्र दास,
   उप-निरीक्षक
2. अहमद हुसैन मजूमदार,
   उप-निरीक्षक
3. अनिसुर रहमान,
   यू बी कांस्टेबल
4. श्री जगदीश डेका,
   यू बी कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

6.08.2003 को लगभग 4.20 बजे अपराह्न उप निरीक्षक हरेन चन्द्र दास ओ.सी. तमारहाट पुलिस स्टेशन को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति नामतः मोहम्मद खैरूल आलम मिंया, अध्यक्ष, कमान दांगा गांव पंचायत तथा मोहम्मद निजामुद्दीन शेख, श्यामगुड़ी एल.पी. स्कूल के मुख्य अध्यापक का बंदूक की नोक पर श्रीरामपुर रेलवे गेट से कुछ आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है तथा उन्हें राजबोंगशिपाड़ा की तरफ से ले जाया गया है। इस सूचना की प्राप्ति पर, उप निरीक्षक हरेन चन्द्र दास, उप निरीक्षक अहमद हुसैन मजुमदार, यू बी सी 25 अनिसुर रहमान तथा यू बी सी 20 जगदीश डेका के साथ वहां के लिए रवाना हुए। गांव पहुंचने पर इन्हें सूचना मिली कि चार उल्फा आतंकवादियों ने एक संतोष बर्मन के घर में अपहृत व्यक्तियों को रखा हुआ है। जैसे ही पुलिस पार्टी उक्त घर पर पहुंची, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोली चलाना शुरू कर दिया। मोहम्मद खैरूल आलम अपने सीने पर चोट के साथ घर से बाहर भागे और उनके पीछे-पीछे दो आतंकवादी एक पिस्तौल और हथगोलों के साथ बाहर निकले। घर में महिला और बच्चों की उपस्थिति को देखते हुए पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों पर यादृच्छिक रुप से गोली चलाने की बजाय नजदीकी लड़ाई में एक-एक करके आतंकवादियों का मुकाबला करने का निर्णय लिया। कमरे से बाहर निकले दो आतंकवादियों में से एक संतोष बर्मन था। उसने पुलिस पार्टी पर हथगोला फेंकने की कोशिश की परन्तु वह पुलिस पार्टी द्वारा गोलीबारी में मारा गया। दूसरा आतंकवादी उप निरीक्षक हरेन दास की तरफ भागा तथा पिस्तौल के साथ इन पर कूदा। दोनों ही सन्तुलन खो देने के कारण चारपाई पर गिर पड़े। उप निरीक्षक हरेन दास आतंकवादी के नीचे थे। आतंकवादी ने पुलिस अधिकारी के सिर पर पिस्तौल रखकर उप निरीक्षक हरेन दास को गोली मारने की कोशिश की। परन्तु अदम्य साहस के साथ उप निरीक्षक दास, आतंकवादी की पिस्तौल को परे हटाने में सफल हो गए और इन्होंने अपनी पिस्तौल आतंकवादी के गले पर रख दी और गोली चला दी। उसी समय, यू बी सी 25 अनिसुर रहमान भी आगे आ गए तथा एक तरफ से आतंकवादी पर गोली चला दी। दूसरे अपहृत व्यक्ति का इस्तेमाल करते हुए एक और आतंकवादी घर से बाहर निकल आया। मोहम्मद निजामुद्दीन शेख जो भागता हुआ घर से बाहर निकल रहा था, उसने पुलिस पार्टी पर फेंकने की दृष्टि से मृत संतोष बर्मन के हाथ से हथगोला उठाने की कोशिश की लेकिन पुलिस पार्टी ने उसे मार गिराया। इसके बाद पुलिस पार्टी ने घर की तलाशी ली तथा हरेश्वर राय नामक एक उल्फा आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। तीन खूंखार उल्फा आतंकवादी मारे गए तथा एक गिरफ्तार कर लिया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री हरेन चन्द्र दास, उप-निरीक्षक, अहमद हुसैन मजूमदार, उप-निरीक्षक, अनिसुर रहमान, यू बी कांस्टेबल और जगदीश डेका, यू बी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 150- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग,
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

22 अगस्त, 2003 को श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग को सूचना मिली कि माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (इंडिया) के कुछ सशस्त्र नक्सलवादी, बलरामपुर पुलिस जिले में पुलिस स्टेशन रामानुजगंज, गांव चाकी बसकटिया के जंगल में शरण लिए हुए हैं। नक्सलवादी हथियारों, हथगोलों तथा बारूदी सुरंगों से लैस थे। इन्होंने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया तथा नक्सलवादियों को पकड़ने के लिए उस क्षेत्र में अभियान चलाया। इन्होंने स्वयं पुलिस पार्टी का नेतृत्व किया तथा क्षेत्र और अभियान के बारे में पुलिस कार्मिकों को ब्रीफ किया। सूचना के अनुसार पुलिस पार्टी चिन्हित क्षेत्र तक पहुंची। इनके नेतृत्व में पुलिस पार्टी युक्तियुक्त योजना के साथ कठिन और दुर्गम जंगल में घेरा डालने में सफल रही। पुलिस पार्टी ने बसकटिया जंगल में गांव चाकी, लोधा तथा इन्द्रपुर खोरी से लगने वाली सड़कों के तिराहे के पास घात लगाई। लगभग 1900 बजे प्रसिद्ध ठाकुर, जोनल कमान्डर छत्तीसगढ झारखंड जोनल कमेटी के नेतृत्व में 12 नक्सलवादियों के एक सशस्त्र गेंग को गांव चाकी की तरफ आते हुए देखा गया। पुलिस पार्टी ने नक्सलवादियों को चुनौती दी तथा उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। नक्सलवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाना शुरू कर दिया तथा एक हथगोला फैंका। पुलिस पार्टी ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया तथा आत्मरक्षा में गोली चलाना शुरू किया। मोर्चा संभालने के लिए पुलिस पार्टी को आदेश देकर इन्होंने अत्यधिक बुद्धिमता से अपने पुलिस कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की। इन्होंने नक्सलवादी गोलीबारी के मुख्य आवेग को अपने ऊपर लेकर स्वयं को साहसपूर्वक जोखिम में डाला। अत्यधिक नाजुक स्थिति तथा बड़ी संख्या में आतंकवादियों की परवाह किए बिना श्री धमेन्द्र गर्ग ने विरोधियों को अस्थिर करने के लिए हमला करने का निर्णय लिया। अचानक इन्होंने देखा कि एक नक्सलवादी हथगोला लिए पुलिस पार्टी को उड़ाने के लिए उनकी तरफ दौड़ रहा है। श्री गर्ग अपनी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना सीधे आक्रमण के लिए आगे बढ़े। आतंकवादियों ने उनकी तरफ भारी गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई शुरू की। इस समय साहस खोये बिना, श्री गर्ग ने अपनी ए.के.47 राइफल के साथ नक्सलवादी पर धावा बोल दिया। कांपती हुई आवाज में "क्रान्ति, क्रान्ति" सुना गया तथा उस व्यक्ति को जमीन पर गिरते हुए देखा गया। इस हमले ने नक्सलवादियों के बीच भय पैदा कर दिया और वे अपनी जान बचाने के लिए भागे। लगभग चार घंटे तक गोलीबारी होती रही। मुठभेड़ के पश्चात क्षेत्र की तलाशी ली गई। सिंगल बैरल बारह बोर बन्दूक, आठ जिन्दा कारतूस, बारह बोर के तीन खाली कारतूस, एक हथगोला, एक टिफिन बम तथा कुछ कागजातों और अन्य सामग्री वाले एक बैग सहित एक नक्सलवादी का शव बरामद हुआ। मृत नक्सलवादी की

पहचान प्रसिद्ध ठाकुर, जोनल कमान्डर छत्तीसगढ़ झारखंड जोनल कमेटी के रूप में की गई। श्री गर्ग ने अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरी से लड़ाई की।

इस मुठभेड़ में, श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 151 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री हरप्रताप सिंह,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.12.2002 को 14.30 बजे विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि 9-10 खूंखार नक्सलवादी पुलिस जिला बलरामपुर में गांव करोंधा पुलिस स्टेशन कुसमी में रह रहे हैं। शस्त्रों और गोलाबारूद से सज्जित 1 ए पी सी, 2 हैड कांस्टेबलों, 4 कांस्टेबलों के साथ पुलिस स्टेशन कुसमी के स्टेशन अधिकारी श्री हर प्रताप सिंह तत्काल गांव करोंधा की तरफ दौड़े तथा गांव सुरबेना टोला चंदादांडी की तरफ खूंखार नक्सलवादियों की आवाजाही के बारे में पूछताछ की। श्री सिंह ने बल के साथ 5 कि.मी. लम्बे जोखिम भरे क्षेत्र, घने जंगल को पार किया तथा पैदल ही गांव सुरबेना टोला चंदादांडी पहुंचे। उनको जानकारी मिली कि 9 नक्सलवादी मकुड नगेसिया के घर में खाना तैयार कर रहे हैं। श्री सिंह ने अपने बल को ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र और दुश्मन नक्सलवादियों से खतरे की संभावना के बारे में काफी संक्षेप में ब्रीफ किया। इन्होंने मकुड नगेसिया के घर को घेर लिया और 7 पुलिस कार्मिकों की पार्टी का नेतृत्व किया तथा गांववासियों अथवा नक्सलवादियों को कोई आभास तक नहीं हुआ। पुलिस पार्टी ने कारगर हमला करने के लिए घर तक पहुंचने हेतु जटिल क्षेत्र की काफी दूरी रेंग कर तय की। पुलिस पार्टी को देखने के पश्चात, नक्सलवादी संतरी ने पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी करना शुरू कर दिया। गोली कांस्टेबल सूर्यकान्त कश्यप के कंधे के काफी नजदीक से गुजरी तथा एक गोली उनकी टोपी को फाड़ती हुई निकल गई तथा ये बाल-बाल बच गए। श्री सिंह ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी परन्तु उनकी गोलीबारी जारी रही। नक्सलवादियों से भारी गोलीबारी का सामना करने के बावजूद, श्री एच.पी. सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना बल को काफी सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। नक्सलवादियों के ठिकानों की दिशा में गोलीबारी करते हुए ये साहस के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े। इस समय, बिना साहस खोए, श्री एच.पी. सिंह ने अपनी ए.के.-47 राइफल से नक्सलवादी पर भारी गोलीबारी कर धावा बोल दिया तथा इसके परिणामस्वरूप दो खूंखार नक्सलवादी मारे गए। इससे नक्सलवादियों के बीच भय फैल गया और वे अपनी जान बचाने के लिए भागे। तलाशी लेने पर दो खूंखार नक्सलवादी (1) पी डब्ल्यू जी नक्सलवादी पी जी ए संगठन का ग्रुप कमांडर (1) तिराना उर्फ गिरेन्द्र उर्फ दीपक पुत्र शुभा सिंह, आयु लगभग 25 वर्ष, गांव नौ पुलिस स्टेशन पंकी, जिला पलामू, राज्य झारखंड (2) डिप्टी कमांडर सीताराम उर्फ सीता पुत्र सुखू कुजुर, आयु 25 वर्ष, गांव नौगोई, पी एस डुमरी जिला गुमला राज्य झारखंड मृत पाए गए तथा स्थल से भारी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद बरामद हुआ। भीषण विपरीत परिस्थितियों में, श्री एच.पी. सिंह ने साहस और पराक्रम के साथ सामाना करते हुए अदम्य साहस, वीरता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया जिससे आतंकवादी घटनास्थल पर हथियार और गोलाबारूद छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए भागने पर विवश हो गए। अपनी सूझबूझ और अभियान क्षमता के साथ इन्होंने न केवल अपने कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि

अपनी स्वयं की सुरक्षा की चिन्ता किए बिना गांववालों के जान और माल की भी रक्षा की। संवेदनशील स्थिति और बड़ी संख्या में आतंकवादियों की उपस्थिति से विचलित हुए बिना वे नक्सलवादियों की गोलीबारी का सामना करते हुए कर्त्तव्यपालन से ऊपर उठ गए और मिशन को सफल बनाया। श्री एच.पी. सिंह ने अदम्य साहस, पराक्रम और उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा के कारण ही नक्सलवादियों के विरूद्ध अपनी शानदार सफलता को संभव बनाया।

इस मुठभेड़ में, श्री हरप्रताप सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 दिसम्बर, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 152 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पूरन चंद,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29 अप्रैल, 2004 को पूर्वाह्न लगभग 3.40 बजे कांस्टेबल राजेश कुमार सं0 1467/जी जी एन को अशोक विहार, गुडगांव के क्षेत्र में अपराधी सुभाष की उपस्थिति के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई जिसने पुलिस स्टेशन दादरी, जिला भिवानी के क्षेत्र में 14,62,000/- रूपए की डकैती डाली थी। इन्होंने सबसे पहले अपराधी की उपस्थिति की पुष्टि की तथा श्री पूरन चंद, निरीक्षक, सी आई ए-II गुडगांव को सूचित किया, निरीक्षक पूरन चंद ने तत्काल तीन छापा पार्टियां तैयार की ओर ठिकाने को घेर लिया। परन्तु इसी बीच, इलाके के आवारा कुत्तों ने भोंकना शुरू कर दिया जिससे अपराधी सतर्क हो गया। पुलिस की उपस्थिति को देखते हुए उसने घर की छत से पुलिस पार्टी पर गोली चलाई तथा घर के पिछले हिस्से में छत से कूद पड़ा। श्री पूरन चंद, निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने सरकारी जीप में अपराधी का पीछा करना शुरू कर दिया तथा वह कालोनी में गायब होने में सफल हो गया। उस समय उसने बनियान और पायजामा पहन रखा था। अन्य दो पार्टियों ने उसे कालोनी में तलाशना शुरू कर दिया। कुछ समय पश्चात जनता द्वारा उसे दुबारा देखा गया तथा उन्होंने निरीक्षक पूरन चंद को सूचित कर दिया कि अपराधी रेलवे लाइन की तरफ भाग रहा है। उसे कांस्टेबल चांद सिंह सं0 550/जी जी एन ने गांव सराय अलावर्दी के तालब के निकट देखा और इन्होंने उसे निरीक्षक पूरन चंद के नेतृत्व वाली पार्टी की तरफ भागने के लिए विवश कर दिया। निरीक्षक पूरन चंद ने उसे पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। परन्तु उसने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और भागता रहा। भागते समय, उसने दुबारा पुलिस पार्टी पर गोली चलाई। उसकी गोली के कारण जीप का आगे का शीशा टूट गया और गोली कांस्टेबल ड्राइवर मंजीत सिंह, 1133/जी जी एन की दांयी बाजू में लगी तथा जीप की सीट में घुस गई। निरीक्षक पूरनचंद और कांस्टेबल देश राज, 917/जी जीएन वाहन से बाहर कूद पड़े तथा उसे आत्मसमर्पण करने की दुबारा चेतावनी दी। परन्तु अपराधी ने निरीक्षक पूरन चंद पर गोली चला दी जो बाल-बाल बचे। निरीक्षक पूरन चंद ने आत्मरक्षा और पुलिस पार्टी की रक्षा हेतु जवाब में गोली चलाई जो अपराधी के पेट में लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। उसे तत्काल दबोच लिया गया तथा उसकी जेब से एक 12 बोर देशी पिस्तौल तथा एक .303 बोर देशी पिस्तौल बरामद की गई। उसे तत्काल सिविल अस्पताल, गुडगांव में भर्ती किया गया जहां

उसने दम तोड़ दिया। पुलिस स्टेशन, सदर गुड़गांव में अपराधी के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दिनांक 29.04.2004 को मामला एफ आई आर सं0 218 दर्ज किया गया था। अभियुक्त खूंखार अपराधी था तथा पी.एस बोंड के गंभीर अपराध के चार मामलों में घोषित अपराधी भी था। निरीक्षक पूरन चंद की सूचना पर भिवानी पुलिस द्वारा बाद में उसके अन्य साथी विकास, निवासी गांव बोंड को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसके कब्जे से 13,70,000/- रूपए की राशि बरामद की गई। इस तरह निरीक्षक पूरन चंद के नेतृत्व में पुलिस कार्मिकों ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, व्यावसायिक कौशल तथा अभियान में सूझबूझ का परिचय दिया। इन्होंने खूंखार अपराधी को भागने नहीं दिया तथा अपनी जान जोखिम में डालते हुए वाहन में तथा पैदल कई किलोमीटर तक उसका पीछा किया।

इस मुठभेड़ में, श्री पूरन चंद, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 153 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. बलवान सिंह,
   पुलिस उपाधीक्षक
2. राजेश कुमार, (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10.01.2004 को अपराह्न लगभग 1215 बजे एक पुलिस पार्टी भा.दं.सं. की धारा 307 के तहत एफ आई आर सं. 1812/97 मामले में विचारणाधीन अभियुक्त हेमन्त कुमार को श्री बी एम बजाज, अपर सत्र न्यायाधीश, गुड़गांव के सम्मुख प्रस्तुत करने के पश्चात न्यायालय से बाहर आ रही थी। अचानक, प्रतिद्वन्दी गैंग के 4 खूंखार अपराधियों ने हेमन्त कुमार पर गोलीबारी करते हुए उस पर हमला कर दिया। कांस्टेबल राजेश कुमार, 1634/जी जी एन, जो दो कांस्टेबलों के साथ अभियुक्त हेमन्त कुमार को एस्कोर्ट करते हुए चल रहे थे, ने अपराधियों को पकड़ने तथा हेमन्त कुंमार और साथी पुलिस कार्मिकों की जान बचाने के प्रयास में उन पर झपट पड़े। तथापि, अपराधियों ने बिल्कुल नजदीक से कांस्टेबल राजेश कुमार पर गोली चला दी। कांस्टेबल राजेश कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए तथा उन्होंने दम तोड़ दिया। हेमन्त कुमार भी गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गया तथा एक सप्ताह पश्चात उसकी भी मृत्यु हो गई। तथापि, पुलिस एस्कोर्ट के अन्य सदस्य घटनास्थल से गांव पीपली, पुलिस स्टेशन खरखोदा, जिला सोनीपत के एक अपराधी दीपक पुत्र श्री करतार सिंह को तत्काल पकड़ने में सफल रहे। उसके कब्जे से चीन निर्मित 7.62 बोर की एक स्वचालित पिस्तौल, .38 बोर की एक रिवाल्वर, 7 जिन्दा कारतूस तथा दो खाली कारतूस बरामद किए गए। इस मामले में, पुलिस स्टेशन शहर गुड़गांव में भा.दं.सं. की धारा 302/307/332/353/34 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दिनांक 10.01.2004 को एफ आई आर सं. 20 दर्ज की गई थी। अन्य अपराधी न्यायालय परिसर से सफेद मारुति कार नं. एच आर-26 एन-4825 में भाग गए। यह सूचना मिलने पर, श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय गुड़गांव ने अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ अपराधियों का पीछा करना शुरु कर दिया। पुलिस के पीछा करने के दबाव को महसूस करते हुए अपराधियों ने अपने वाहन को सड़क के किनारे छोड़ दिया तथा पास ही के सरसों के खेतों में घुस गए तथा गांव बेगमपुर खटोला फार्म हाउस और खेतों के क्षेत्र में लम्बी सरसों की फसल में छुप गए। श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ने पुलिस पार्टियों को सर्वप्रथम बड़े क्षेत्र को घेरने तथा सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने का निर्देश दिया। घेराव के पश्चात दो अपराधी सरसों के खेतों में से बाहर निकल कर खुले में आ गए तथा पुलिस पार्टी पर गोली चलाना शुरु कर दिया। अभियुक्तों की गोलियाँ पुलिस मोबाइलों को लगी तथा एक गोली ए एस आई प्रेम सिंह के सिर के दाहिने हिस्से को छू कर निकली। अभियुक्तों को लगातार चेतावनी दी जा रही थी तथा उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया परन्तु वे पुलिस कार्मिकों पर गोली चलाते रहे। कोई और विकल्प न रहने पर, पुलिस पार्टियों ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की तथा दो अपराधियों को मार गिराया जबकि अन्य अभी भी सरसों के खेतों में छुपे हुए थे। शव परीक्षा के पश्चात उनकी पहचान राजेन्द्र उर्फ राजेश पुत्र भूप सिंह निवासी डाबला, पुलिस स्टेशन सदर झज्जर, जिला झज्जर और कैलाश उर्फ बुग्गा पुत्र श्री महाबीर सिंह निवासी चर्खा वाली ढाणी, पतराम गेट भिवानी के रुप में की गई। श्री बलवान सिंह पुलिस उपाधीक्षक ने नेतृत्व संभाला तथा सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते रहे। तभी अचानक तीसरा अपराधी

श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक के सम्मुख आ गया और उन पर गोली चला दी। श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक नीचे झुक गए तथा गोली लगने से बाल-बाल बचे। तब श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ने आत्मरक्षा में अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाई जो अपराधी की बांयी जांघ में लगी। अपनी जान की परवाह किए बिना श्री बलवान सिंह पुलिस उपाधीक्षक ने रेंगते हुए अपराधी की तरफ बढ़ना जारी रखा तथा उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। अपराधी हताश होकर खड़ा हो गया तथा गुस्से में अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी तथा गोलियों का सामना करने के लिए पुलिस पर चिल्लाया। तब पुलिस ने आत्मरक्षा में उसे सब तरफ से घेर लिया और अन्ततः अपराधी मारा गया जिसकी पहचान शव परीक्षा के बाद रुपेश पुत्र श्री धर्म चंद निवासी कृपा राम की ढाणी, मेहम गेट भिवानी के रुप में की गई। तत्पश्चात पुलिस स्टेशन सदर गुड़गांव में भा.दं.सं. की धारा 307/332/353/186/506 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दिनांक 10.01.2004 को एक अन्य मामला एफ आई आर सं. 25 दर्ज किया गया। खतरनाक हथियार, नामतः एक 7.65 एम एम स्वचालित कारबाइन, उसके 11 जिन्दा तथा 10 खाली कारतूस, देश में निर्मित एक 315 बोर, एक 7.65 बोर स्वचालित इटालियन पिस्तौल 2 जिन्दा और 9 खाली कारतूसों के साथ, 11 जिन्दा और 9 खाली कारतूसों के साथ एक 9 एम एम स्वचालित इटालियन पिस्तौल बरामद किए गए। इसके अलावा, जांच के दौरान यह पाया गया कि अपराधी संदीप गरोली के सक्रिय अन्तर राज्यीय गैंग से संबंधित थे तथा खतरनाक अपराधों अर्थात लूटमार, डकैती, हत्या, सरकारी कर्मचारियों पर हमले आदि के 25 से अधिक मामलों में शामिल थे। यह गैंग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले 4 वर्षों से सक्रिय था और इसने आम जनता के बीच आतंक पैदा किया हुआ था। श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय गुड़गांव ने व्यापक सतर्कता और व्यावसायिक कुशलता के साथ सम्पूर्ण अभियान को संचालित किया। इन्होंने न केवल उच्चकोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का ही परिचय दिया बल्कि अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी का सामना करते हुए अपने जीवन को जोखिम में डालकर अत्यधिक साहस और वीरता का भी परिचय दिया। अपनी ड्यूटी करते समय अपने जीवन को समर्पित करके कांस्टेबल राजेश कुमार ने भी अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री बलवान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक तथा (दिवंगत) राजेश कुमार कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 जनवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 154 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रणदीप कुमार,
पुलिस उप अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव मोरियां पुलिस स्टेशन मंजाकोटे में तीन आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर श्री रणदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (ओ पी एस) राजौरी ने कमान्डो ग्रुप राजौरी, पुलिस स्टेशन मंजाकोटे की टुकडियों तथा सेना के साथ दिनांक 11 जुलाई, 2004 को लक्षित क्षेत्र को घेर लिया। टुकडियों की आवाजाही को देख कर आतंकवादी गांव के साथ लगे घने जंगल में चले गए। जब टुकडियां जंगल की तरफ बढ़ रही थी तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की और गांव जमौला की तरफ भाग खड़े हुए। टुकडियों ने जवाब में गोलीबारी की तथा एक आतंकवादी को घायल कर दिया। इस अधिकारी और टुकडियों द्वारा इन आतंकवादियों का गांव जमौला तक पीछा किया गया। क्षेत्र का घेराव किया गया तथा तलाशी के दौरान आतंकवादी, जोकि मक्का के खेतों में छुपे हुए थे, ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, टुकडियों ने जवाब में गोलीबारी की फिर भी मक्का के खेतों में छुपे आतंकवादियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाना बहुत ही कठिन था। इसलिए, मक्का के खेतों में घुसना बहुत ही कठिन कार्य था क्योंकि आतंकवादी अन्दर से गोली चला रहे थे तथा यह घातक सिद्ध हो सकता था। पुलिस उपाधीक्षक रणदीप कुमार ने रणनीति तैयार की तथा एक तरफ से आतंकवादियों को उलझाए रखने के लिए टुकडियों को कहा तथा एक कांस्टेबल निसार खान सं0 112/आर, के साथ अधिकारी ने दूसरी तरफ से मक्का के खेतों में प्रवेश किया। मक्का के खेतों में कुछ हरकत पाए जाने पर आंतकवादियों ने उस दिशा में गोलीबारी की। तथापि, पुलिस उपाधीक्षक और कांस्टेबल सही सलामत बच गए। श्री रणदीप कुमार और कांस्टेबल निसार खान ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की तथा उनको मार गिराया। भारी गोलीबारी के बीच अपने जीवन की परवाह किए बिना श्री रणदीप कुमार अडिग रहे तथा प्रतिबंधित हुजी गुट से संबंधित दो खूंखार आतंकवादियों को समाप्त करने में सफल रहे। उनमें से एक की पहचान अब्बास उर्फ अबु विलाल, हुजी गुट के डिवीजनल कमान्डर के रूप में की गई जिसने इलाके में दहशत पैदा कर रखी थी तथा जो गम्भीर/मुघलान क्षेत्र में कई सिविलियनों की हत्याओं में भी संलिप्त था।

इस मुठभेड़ में, श्री रणदीप कुमार, पुलिस उप अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 155 प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विशाल शूर,
   उप निरीक्षक
2. अनिल कुमार,
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

26/27 जुलाई, 2004 के बीच की रात को कश्मीर पुलिस को गांव ब्रजलु से अमनु तक आतंकवादियों की आवा-जाही के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। उप निरीक्षक विशाल शूर के नेतृत्व में एक छोटी सी टीम जिसमें आठ पुलिस कार्मिक शामिल थे, ने गांव ब्रजलु और अमनु के बीच नाले में घात लगाई। लगभग 2130 बजे पुलिस पार्टी द्वारा कुछ संदिग्ध हरकत देखी गई। पुलिस पार्टी द्वारा चुनौती देने पर, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया तथा पुलिस कार्मिकों को मारने के लिए हथगोले भी फेंके। श्री विशाल शूर, उप निरीक्षक तथा हैड कांस्टेबल अनिल कुमार ने तत्काल जमीन पर मोर्चा संभाला तथा एक आतंकवादी, जिसने मिट्टी के ढेर के पीछे मोर्चा संभाल रखा था, की तरफ रेंगते हुए बढ़ना शुरू कर दिया। उप निरीक्षक विशाल शूर और हैड कांस्टेबल अनिल कुमार अपनी जान की परवाह किए बिना मिट्टी के ढेर के समीप पहुंचने में सफल हो गए। छुपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर गोली चलाना शुरू कर दिया। जवाब में गोलीबारी की गई जिसके परिणामस्वरूप एक कट्टर विदेशी आतंकवादी मारा गया, जो कई पुलिस मुखबिरों की हत्याओं में संलिप्त था तथा कई बार घेराबन्दी से भागने में सफल रहा था। मारे गए आतंकवादी की पहचान आसिफ अली उर्फ अंसारी पुत्र हकीम अली, निवासी हकीम मुगल गुजरात, पाकिस्तान, हिज्बी-ई-इस्लामी गुट के जिला कमान्डर के रूप में की गई। कार्रवाई स्थल से चीनी पिस्तौल-01, चीनी पिस्तौल मैग-01, गोलाबारुद-07 राउन्ड, हाथगोला-01, तथा कुछ कागजात बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री विशाल शूर, उप निरीक्षक और श्री अनिल कुमार, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 156 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद असलम, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

एच एम पी पी आर का एक पाक अधिकृत कश्मीर नेशनल कमान्डर, आतंकवादी अजीम, कोई अपूर्व कार्रवाई करने की योजना बना रहा था, की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना पर 20.06.2004 को गांव डोडासन पैन, थानामंडी में एक अभियान चलाया गया। जब पुलिस पार्टी ठिकाने के समीप पहुंची तो छुपे हुए आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया तथा भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। इस कार्रवाई के दौरान, एक समय आतंकवादियों ने लाभप्रद पोजीशन ग्रहण कर ली थी जिसके कारणवश समग्र पुलिस पार्टी का जीवन खतरे में पड़ सकता था। इसे देखते हुए, कांस्टेबल मोहम्मद असलम सं0 1058/आर तत्काल यह जानते हुए कि वह बहुत नजदीक से आतंकवादियों की गोलीबारी की परिधि में आ गए हैं, ये आतंकवादी पर टूट पड़े। दोनों के बीच हाथापाई होने लगी जिसके दौरान कांस्टेबल ने उच्च कोटि की जिम्मेदारी का परिचय दिया तथा अपने साथियों के जीवन बचाने और एक खूंखार आतंकवादी को मारने में सफल रहे। 3 मेगजीनों तथा 60 राउन्ड गोलाबारूद सहित एक ए.के.-56 बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री मोहम्मद असलम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 157 - प्रेजं/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जे एल शर्मा,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पी पी अरनास के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत खरोग-केडी क्षेत्र में ए एन ई की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर 01.09.2004 को श्री जे एल शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रेसाई तत्काल पुलिस कैम्प अरनास पहुंचे जहां इन्होंने एक अभियान की योजना बनाई तथा अभियान पार्टी को तीन ग्रुपों में विभाजित कर दिया। जब अधिकारी के नेतृत्व में मुख्य पार्टी लक्षित क्षेत्र की तरफ बढ़ रही थी तो आतंकवादियां ने अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया जिसका जवाब मुख्य पार्टी द्वारा मोर्चा संभालने के पश्चात दिया गया। अधिकारी ने छुपे हुए आतंकवादियों का ध्यान बांटने के लिए कवरिंग पार्टी को गोलीबारी करने का आदेश दिया तथा कुछ ही समय में एस एस पी, रेसाई के नेतृत्व में मुख्य पार्टी ने छुपे हुए आतंकवादियों को घेर लिया। जैसे ही एक आतंकवादी मुख्य पार्टी पर हथगोला फेंकने के लिए ठिकाने से बाहर निकला, अधिकारी ने अपनी जान की परवाह किए बिना उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया तथा अभियान पार्टी पर हथगोला फैंकने से पूर्व उस आतंकवादी को मार गिराया। इसके बाद, लगभग तीन घंटों तक आतंकवादियों और अभियान पार्टी के बीच भीषण गोलीबारी होती रही जिसके परिणामस्वरूप विगत 6/7 वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय एच एम गुट के एक खतरनाक खूंखार आतंकवादी नामतः मुश्ताक अहमद उर्फ फारूख पुत्र मामु गुज्जर, निवासी डोडा, तहसील महोरे मारा गया। इसके अलावा, मारे गए आतंकवादी के कब्जे से हथियार, गोला बारूद, भारतीय मुद्रा में कुछ नगदी भी बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री जे एल शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 सितम्बर, 2004 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 158 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री त्रिलोचन सिंह,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.08.2004 को गांव डोडासन पैन, रजौरी में किसी शौकत शाह के घर में आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना पर उप निरीक्षक त्रिलोचन सिंह सं0 7543/एन जी ओ की कमान में कमान्डो ग्रुप तथा पुलिस स्टेशन राजौरी के कार्मिकों सहित एक पुलिस टीम ने तत्काल एक अभियान की योजना बनाई । दो अन्य कांस्टेबलों के साथ उप निरीक्षक ने शौकत शाह के घर पर दस्तक दी। उसी क्षण, संवासियों ने दरवाजा खोल दिया तथा उप निरीक्षक और दो कांस्टेबलों ने भीतर प्रवेश किया, आतंकवादियों ने घर की महिलाओं को ढाल बनाकर पुलिस पार्टी पर गोली चलाई। सिविलियनों को हताहत होने से बचाने के लिए पुलिस पार्टी ने जवाब में गोली नहीं चलाई तथा आतंकवादी को घर से बाहर आने दिया तथा चालाकी से उसको लड़ाई में उलझाए रखा। घर से बाहर आने के पश्चात आतंकवादी मक्का के खेत की तरफ भागा। अपनी जान की परवाह किए बिना, उप निरीक्षक ने खेत में उसका पीछा किया तथा इसी बीच अन्य पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में आतंकवादी मारा गया। उसकी पहचान अबु सुफियान उर्फ तलहा अफाकी निवासी पाक, जिला कमान्डर, एच एम पी पी आर गुट के रूप में की गई। वर्ष 2002 और 2003 में अबु सुफियान कई निर्दोष लोगों की हत्या में संलिप्त था। इस अभियान को स्वतंत्र रूप से पुलिस द्वारा चलाया गया तथा उप निरीक्षक त्रिलोचन सिंह द्वारा दिखाए गए साहस और वीरता के कारण, पुलिस अभियान में शामिल जम्मू और कश्मीर पुलिस कार्मिकों अथवा सिविलियनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और वह एच एम पी पी आर के सबसे वांछित शीर्ष कमान्डर को मारने में सफल रहे। एक ए.के.-47, मेगजीन ए.के.-47-04 नग, गोलाबारूद ए.के.-80 राउन्ड, हथगोले-02 नग, पाउच-1 नग, मेट्रिक्स शीट-01 नग तथा 01 डायरी बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री त्रिलोचलन सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अगस्त, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 159 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सय्यैद अब्दुल शबीर,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव गुन्डीपोडा, बीरवाह में अल-बदर गुट के कट्टर/उच्च रैंक के आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर 08.06.2004 को 128 बटालियन 19, बटालियन सी आर पी एफ और 34 आर आर की एक-एक कम्पनी की सहायता से श्री राकेश कुमार धर, पुलिस उपाधीक्षक ओप्स बडगाम की कमान में एक विशेष पुलिस टीम वहां के लिए रवाना हुई। क्षेत्र को सील कर दिया गया तथा आतंकवादियों, जिन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, ने टुकडियों पर अंधाधुंध गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक ने तत्काल सहायक उप निरीक्षक सय्यैद अब्दुल शबीर से सं0 6970/एन जी ओ को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी के साथ मकान के पिछले हिस्से की तरफ जाने के लिए कहा। पार्टी ने मोर्चा संभाल लिया तथा आतंकवादियों को घर से बाहर निकलते हुए देखा। अधिकारी, सहायक उप निरीक्षक सय्यैद शबीर और इनके कार्मिकों ने प्रभावपूर्ण तरीके से उन्हें नियंत्रित किया तथा दोनों आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया। मारे गए आतंकवादी, जिनकी पहचान अली हसनैन उर्फ डाक्टर, निवासी गुजरांवाला, पाक अधिकृत कश्मीर (अल-बदर गुट के डिप्टी चीफ) तथा बड़गाम के लिए अल-बदर के जिला कमान्डर अबु हमजा के रूप में की गई जो आई ई डी विशेषज्ञ थे तथा कई आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त थे।

दो घंटों से अधिक तक चली इस मुठभेड़ के दौरान, सहायक उप निरीक्षक सय्यैद अब्दुल शबीर ने सिविलियनों को हताहत होने से बचाने के लिए अत्यधिक संयम बरता। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई की अभियान में जुटे संलग्न सुरक्षा बलों के साथ-साथ स्थानीय जनता द्वारा काफी प्रशंसा की गई क्योंकि इस मुठभेड़ के दौरान कोई सिविलियन/एस एफ/पुलिस कार्मिक हताहत नहीं हुआ ।

इस मुठभेड़ में, श्री सय्यैद अब्दुल शबीर, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 160 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अशोक कुमार,
   उप निरीक्षक
2. आशिक हुसैन,
   एस जी कांस्टेबल
3. वसीम अहमद,
   एस जी कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

इस विशिष्ट सूचना के आधार पर कि बटालियन कमान्डर की कमान में एच एम गुट के आतंकवादी गांव तंगोरा अखल में उपस्थित हैं तथा गंभीर अपराध अर्थात् निर्दोष यात्रियों की हत्या/व्यपहरण करके डर पैदा करने तथा यात्रा में बाधा डालने की मंशा से श्रीनगर-बलताल रोड पर अमरनाथ जी यात्रियों पर हमला करने के संबंध में बैठक करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और अतिसावधानीपूर्वक योजना बनाने के पश्चात 20.07.2004 को पुलिस उपाधीक्षक (आपरेशन) द्वारा गांव में एक अभियान शुरू किया गया। तलाशी पार्टी की पहुंच की भनक लगते ही उन्हें मारने तथा पीछे हटाने के लिए आतंकवादियों ने पास के मक्का के खेत से तलाशी पार्टी की तरफ अंधाधुंध गोली चलाई जिससे कि वे स्वयं भागने के लिए रास्ता बना सकें। पुलिस पार्टी ने तुरन्त बड़े मक्का के खेत में घेरा डाल दिया तथा आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद उनके भागने के सभी रास्तों को रोक दिया। बाद में आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी गई परन्तु उन्होंने इसकी कोई परवाह नहीं की तथा हथगोले फैंकना शुरू कर दिया, बैक अप सहायता के लिए 24 आर आर टुकडियों ने बाहरी घेराबंदी की। आपरेशन के दौरान उप निरीक्षक अशोक कुमार सं0 5905/एन जी ओ, एस जी कांस्टेबल आशिक हुसैन सं0 195/जी बी एल तथा एस जी कांस्टेबल वसीम अहमद 128/जी बी एल ने अपने जीवन को भारी जोखिम में डालते हुए स्वेच्छा से विशाल/घने मक्का के खेत में प्रवेश किया तथा आतंकवादियों की तरफ से भारी गोलीबारी और हथगोलों के हमले के बावजूद आतंकवादियों के काफी निकट पहुंच गए। युक्तियुक्त तरीके से जवाबी कार्रवाई की तथा दो घंटों तक आपस में गोलीबारी होती रही। अधिकारी एच एम गुट के एक कट्टर आतंकवादी कमान्डर को समाप्त करने में सफल रहे जिसकी पहचान शबीर अहमद शाह उर्फ डाक्टर अबरार कोड 05 पुत्र जी एच रसुल शाह निवासी, तांगाचत्तर अखल कंगन, बी वर्ग में आने वाले एच एम गुट के बटालियन कमान्डर के रूप में की गई तथा यह विगत सात वर्षों से वांछित था। यह आतंकवादी इस क्षेत्र में उत्पीड़न और लूट खसोट सहित सुरक्षा बलों/बेगुनाह लोगों की अनेक हत्याओं के लिए जिम्मेवार था। मुठभेड़ स्थल/हलाक आतंकवादी "कमान्डर" से 01-ए के राइफल तथा दो मेगजीन बरामद की गईं। श्री अशोक कुमार, उप निरीक्षक, एस जी कांस्टेबल अशिक हुसैन, एस जी कांस्टेबल वसीम अहमद तथा मुठभेड़ पार्टी ने आतंकवादियों से समर्पण के साथ लड़ने में, सम्पूर्ण जोश के साथ अडिग साहस और वीरता का परिचय दिया तथा कट्टर/वांछित आतंकवादी कमान्डर को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अशोक कुमार, उप निरीक्षक, आशिक हुसैन, एस जी कांस्टेबल तथा वसीम अहमद, एस जी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 161 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस.ए. मजताबा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2. ग्रेवाल सिंह, (मरणोपरान्त) कांस्टेबल
2. शौकत अमीन, (मरणोपरान्त) कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.12.2003 को लगभग 1100 बजे एक अज्ञात आतंकवादी ने सेना कार्मिक का ढोंग रच कर राजौरी पूंछ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक के आवास में घुसने का प्रयास किया। कांस्टेबल शौकत अमीन सं0 593/पी. ने उसे अपनी पहचान बताने के लिए कहा तथा उसे डी.आई.जी. के आवास में घुसने से रोकने का प्रयास किया। दोनों में हाथापाई हुई और इस हाथापाई में आतंकवादी ने कांस्टेबल पर गोली चलाई। आतंकवादी को डी आई जी कार्यालय की तरफ भागते देख, श्री एस.ए. मजताबा, एस.एस.पी. राजौरी, कांस्टेबल ग्रेवाल सिंह सं0 1104/आर के साथ डी आई जी राजौरी पूंछ रेंज के कार्यालय की तरफ दौड़े। उनकी इस कार्रवाई को देखने के पश्चात, आतंकवादी ने एस एस पी और कांस्टेबल ग्रैवाल सिंह पर गोली चलाई। अपनी जान तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना एस एस पी और कांस्टेबल, डी आई जी कार्यालय की तरफ दौड़े तथा कार्यालय कार्मिकों को कवर प्रदान किया जिन्हें भवन से निकाल दिया गया। तत्पश्चात, एस.एस.पी. और कांस्टेबल ने भवन के पिछले हिस्से की तरफ आतंकवादी का पीछा किया। आतंकवादी ने लाभप्रद मोर्चा संभालते हुए भारी गोलीबारी की तथा एस एस पी और कांस्टेबल पर हथगोले फेंके। इस लड़ाई में कांस्टेबल ग्रेवाल सिंह सं0 1104/आर. को गोली लगी जिसके कारण बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड दिया। सर्म्पण, कर्त्तव्यनिष्ठा तथा उत्कृष्ट साहस के कारण डी आई जी कार्यालय के स्टाफ की जान बची।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एस.ए. मजताबा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, (दिवंगत) ग्रेवाल सिंह कांस्टेबल तथा (दिवंगत) शौकत अमीन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 162 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्रीकृष्ण सूर्यकांत पेडनेकर (मरणोपरांत)

पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30.8.2002 को 00.55 बजे, पंत नगर पुलिस स्टेशन के पी एस आई श्री जयेन्द्र सावंत को सूचना प्राप्त हुई कि घाटकोपर रेलवे स्टेशन, घाटकोपर के नजदीक स्थित होटल साई लीला में दो मोटर वाहन चोर बैठे हुए हैं। सूचना प्राप्त होने पर पी एस आई श्री जयेन्द्र सावंत और पता लगाने वाला स्टाफ तत्काल होटल साई लीला के निकट पहुँचे, इन्होंने देखा कि दो व्यक्ति संदेहास्पद तरीके से होटल की सीढ़ियों से तेजी से नीचे उतर रहे हैं। पी एस आई जयेन्द्र सावंत ने स्टाफ को सतर्क कर दिया और इन दो व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा। उन्होंने रुकने की बजाय, भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। एक अभियुक्त पी एस आई जयेन्द्र सावंत, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र घडगे और पी एन सुभाष पाणिग्रही द्वारा पकड़ लिया गया। उसी समय पी सी महागांवकर और सरवे दूसरे अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। उनसे बचने के प्रयास में, अभियुक्त ने पी एस आई जयेन्द्र सावंत और एच सी घडगे को उनकी बाँहों के अगले हिस्से में काट लिया। धक्का-मुक्की को देखकर और यह महसूस करते हुए कि उनके साथियों को अभियुक्तों को पकड़ने में दिक्कत महसूस हो रही है, पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर श्री श्रीकृष्ण पांडेकर, जो, आवश्यकता पड़ने पर, हल्के पुलिस वाहन के स्टियरिंग व्हील्स पर तैयार बैठे हुए थे, तत्काल पी एस आई जयेन्द्र सावंत और स्टाफ की सहायता हेतु तेजी से आगे बढ़े। जब तक ये उस टीम के पास पहुंचते, संदिग्ध व्यक्ति ने अपनी कमर में लगी पिस्तौल निकाल ली और श्री पांडेकर पर गोली चला दी। श्री पांडेकर छाती में गोलियां लगने से जख्मी हो गए। वे गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद भी, सहायता हेतु आगे आने का प्रयास कर रहे थे। तथापि, उनके दायें बाजू में एक और गोली लगी। गिरने से पहले इन्होंने अपने साथियों को जोर से चिल्लाकर बताया कि संदिग्ध व्यक्ति ने उन पर गोली चलाई है और वे उसे बच कर न जाने दें। वे जख्मों के कारण वहीं गिर पड़े। अपनी छाती में गोलियों के घावों के बावजूद, श्री पांडेकर ने मौत को सामने देखते हुए अपने साथियों को सतर्क करने और अपने साथियों को उसके बच कर भाग न निकल सकने के लिए चेताने में अनुकरणीय साहस और असाधारण कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया। तत्पश्चात, पी एस आई जयेन्द्र सावंत, हैड कांस्टेबल घडगे और पी सी पाणिग्रही अभियुक्त को काबू में करने और उसे शस्त्र विहीन करने में सफल हो गए। उसके कब्जे से इटली निर्मित एक पिस्तौल, तीन राऊंद और एक मोबाइल फोन बरामद किया। घायल पी सी ड्राइवर श्री पांडेकर को एच सी घडगे द्वारा तत्काल राजावड़ी अस्पताल ले जाया गया और तत्पश्चात इन्हें सिआन अस्पताल ले जाया गया जहां इन्होंने 6.9.2003 को घावों के कारण दम तोड़ दिया। दिवंगत श्री श्रीकृष्ण पांडेकर अपने वाहन में सुरक्षित रह सकते थे लेकिन अपराधी के बचने की आशंका को देखते हुए और अपराधी को काबू में करने हेतु एक अतिरिक्त व्यक्ति की जरुरत को महसूस करते हुए इन्होंने निर्भय होकर उच्चकोटि की समर्पण भावना का परिचय दिया। अभियुक्त का नाम मोहम्मद इरशाद उर्फ छोटू कमारु हसन शेख के रुप में प्रकट किया गया। वह अभियुक्त जो भाग गया था, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का साथी था और उसका नाम मोहम्मद रफीक जुमराती शेख उर्फ राजू बताया गया। जांच के दौरान, यह पता चला कि दोनों अभियुक्त कुख्यात थे और वे दुःसाहसी लूटपाट सहित गंभीर किस्म के ग्यारह अपराधों में संलिप्त थे। पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर श्री पांडेकर ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत श्री श्रीकृष्ण सूर्यकांत पेडनेकर, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 अगस्त, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 163 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संजीव सिंह भदोरिया (मरणोपरांत)
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

चंबल रेंज का भिंड जिला डकैती प्रभावित क्षेत्र है। गिजुररा जिला भिंड के ज्ञान सिंह गुर्जर की सनसनीखेज हत्या 22.6.2002 को गांव कैरारा पी एस बरासो में एक लखन सिंह और उसके साथियों द्वारा की गई। 22.6.2002 को हुई इस घटना से गांव में काफी आतंक फैल गया। पी एस मेहगांव के एस ओ पी एस बरासो, ए एस आई आर बी एस यादव, ए एस आई बी पी द्विवेदी, एच सी संजीव सिंह भदोरिया सं. 96 को साथ लेकर एस डी ओ पुलिस सुरेन्द्र जैन के नेतृत्व में एक पुलिस दल और डी ई एफ तथा एस ए एफ के अन्य कार्मिक घटनास्थल की ओर तेजी से भागे। यह विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर कि गांव कैरारो के राजेश और कालीचरण ब्राह्मण के घरों में अभियुक्त छिपे हुए हैं, एस डी ओ मेहगांव श्री जैन ने अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु एक पुलिस पार्टी बनाई। ए एस आई बी पी द्विवेदी के नेतृत्व वाले दल में आर बी एस यादव, ए एस आई,एच सी संजीव सिंह भदौरिया सं. 96 और अन्य पुलिस कार्मिक थे। वे वहां पहुँचे, और 22.6.2002 को लगभग 21.20 बजे, इन्होंने राजेश और कालीचरण शर्मा के घरों, जहां अपराधियों के छिपे होने की संभावना थी, को घेर लिया। कालीचरण शर्मा के घर की छत पर अपराधियों को देखकर, पुलिस पार्टी ने अभियुक्त को समर्पण करने के लिए कहा। प्रत्युत्तर में, कालीचरण शर्मा ने अपनी 12 बोर की बंदूक से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की, जिसके कारण पुलिस कार्मिकों की जानें खतरे में पड़ गईं। इस नाजुक समय पर पुलिस ने गोली न चलाने का निर्णय लिया चूंकि इससे गांव के कई निर्दोष लोगों की जानें जा सकती थीं, क्योंकि कालीचरण शर्मा का घर गांव के बीच में स्थित था। किसी अप्रिय घटना को टालने के लिए, एच सी संजीव सिह भदौरिया मौके की नजाकत को देखते हुए खुले मैदान में आ गए। इन्होंने अपराधियों से पुनः समर्पण करने के लिए कहा लेकिन अभियुक्त लखन सिंह ने संजीव सिंह पर गोली चला दी लेकिन वे घायल होने से बाल-बाल बच गए। किन्तु स्थिति की बाध्यता के कारण, संजीव सिह भदौरिया अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, अपनी राइफल को लोड करने के पश्चात स्थिति को काबू में करने के लिए बहादुरी के साथ आगे बढ़े और अपनी बैरल की दिशा अपराधियों की ओर कर दी, लेकिन दुर्भाग्यवश वे गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। यह गोली कालीचरण शर्मा द्वारा चलाई गई थी। श्री संजीव भदौरिया, हैड कांस्टेबल उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए अपनी आखिरी सांस तक बहादुरी से लड़े।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री संजीव सिंह भदौरिया, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 जून, 2002, से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 164 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. साजिद फरीद शापू,
   पुलिस अधीक्षक
2. राम दयाल मिश्रा,
   उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11.3.2004 को मध्य रात्रि में लगभग 1.00 बजे श्री साजिद फरीद शापू , पुलिस अधीक्षक, भिंड को सूचना प्राप्त हुई कि डकैत कालिया जाटव अपने 3-4 सशस्त्र साथियों के साथ गांव ज्ञानपुरा से किसी का अपहरण करने की मंशा से गांव ज्ञानपुरा, पी एस दाबोह, जिला भिंड के जंगल में पनाह लिए हुए हैं । श्री शापू ने तत्काल पी एस दाबोह में अपने पुलिस बल को इकट्ठा किया। श्री शापू, उस सर्द मध्यरात्रि को पी एस दाबोह पहुँचे और अधिकारियों और कार्मिकों को अभियान के संबंध में ब्रीफ किया। इन्होंने फिर कार्मिकों को तीन पर्टियों में बांट दिया और प्रत्येक पार्टी का नेतृत्व एक अधिकारी कर रहा था। तब, मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पार्टियां ज्ञानपुरा गांव पहुंची और वहां से मुखबिर द्वारा बताए गए गंतव्य स्थल की ओर चल पड़ी। पुलिस पार्टी ने तलाशी शुरू कर दी और विभिन्न स्थानों पर घात भी लगा दी। प्रातः लगभग 3.15 बजे, जब पुलिस पार्टियों में से एक पार्टी घात लगाने के लिए पोजीशन ले रही थी कि तभी सामने की दिशा से अचानक गोलियों की बौछार हुई जिससे सभी आश्यचर्यचकित रह गए । श्री शापू, जिनकी पार्टी भारी गोलीबारी के बीच आ गई थी, ने तत्काल वायरलैस सेट के माध्यम से अन्य दो पुलिस पार्टियों को सतर्क कर दिया और अपराधियों को समर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी को मारने की मंशा से इन पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। पुलिस अधीक्षक श्री शापू और थानाध्यक्ष पी एस फूप, श्री आर डी मिश्रा बाल-बाल बच गए क्योंकि दोनों खड़े हुए थे और गोलियां निकल गईं। दोनों अधिकारी तत्काल जमीन पर गिर गए। अपने अधिकारियों को जमीन पर गिरते देख बल के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। ऐसी नाजुक स्थिति में, पुलिस अधीक्षक ने खतरे की परवाह न करते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत किया और उस स्थिति में नहीं घबराए और धैर्य के साथ हमले का जवाब देने का निर्णय लिया तथा अपनी एस एल आर से गोलीबारी शुरू कर दी और अपने साथियों को जवाबी गोलीबारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपराधियों द्वारा चलाई गई प्रत्येक गोली उनकी जान के लिए खतरा थी। अपने नेता की वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण न केवल बल का मनोबल ही बढ़ा बल्कि उनमें नया जोश भर गया। श्री शापू ने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी जारी रखी। इन्होंने स्वयं एक उदाहरण प्रस्तुत करके अपने साथियों को एकजुट किया और फिर से उनमें आत्म-विश्वास पैदा किया। पुलिस

अधीक्षक ने फिर उप निरीक्षक आर डी मिश्रा, हैड कांस्टेबल-कमलेन्द्र और राजवीर को उस स्थान की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ने के लिए कहा जहां से अपराधी गोलीबारी कर रहे थे, जैसे ही वे उस जगह के नजदीक पहुँचे, तभी मिट्टी के टीले के पीछे छिपे हुए दो व्यक्तियों ने उप निरीक्षक आर डी मिश्रा और हैड कांस्टेबल कमलेन्द्र सिंह को निष्क्रिय करने की मंशा से, उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। यहां उप निरीक्षक आर डी मिश्रा ने वास्तव में साहस और समय रहते सूझबूझ का परिचय देते हुए हैड कांस्टेबल कमलेन्द्र को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उन्होंने नीचे लेटते हुए तत्काल पोजीशन ले ली तथा अपराधियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों अपराधी जमीन पर गिर पड़े। लेकिन तभी उनमें से एक तत्काल उठ खड़ा हुआ और उसने उप निरीक्षक मिश्रा और उनकी पार्टी पर पुनः गोलीबारी शुरू कर दी। इस नाजुक क्षण में, श्री शापू तत्काल तेजी से आगे बढ़े और अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह किए बगैर मौके के अनुसार कार्रवाई की और अपराधियों को ढूंढ लिया, और उन पर अपनी एस एल आर से गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप अपराधी नीचे गिर पड़ा। इसके पश्चात शीघ्र ही गिरोह के शेष सदस्यों ने वापिस पीछे हटना शुरू कर दिया। श्री शापू के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने भाग रहे डकैतों का पीछा किया लेकिन वे अंधेरे और घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गए। मृत व्यक्ति की पहचान गिरोह के सरगना कल्लू उर्फ कालिया जाटव के रूप में की गई जिस पर मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से 10,000/- रूपये और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 5,000/- रू0 का पुरस्कार था। उसके पास से एक 315 बोर की इंग्लिश राइफल बरामद की गई। इस पूरे अभियान में श्री साजिद फरीद शापू ने अनुकरणीय साहस, कर्त्तव्य के प्रति संपूर्ण समर्पण, अतिसावधानीपूर्वक योजना बनाने, चातुराईपूर्ण एवं प्रोत्साहित करने वाले नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इन्होंने दृढ़ संकल्प, साहस एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया। आसन्न खतरे के सामने उत्कृष्ट नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का उदाहरण प्रस्तुत किया जिसकी वजह से इनके साथी बहादुरी से लड़े एवं इस मुठभेड़ में सफलता हासिल की। इसी प्रकार उप निरीक्षक आर डी मिश्रा ने भी हिम्मत, पराक्रम, सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। श्री मिश्रा ने जिस प्रकार के साहस का प्रदर्शन किया ऐसा यदा-कदा ही देखने में आता है।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री साजिद फरीद शापू, पुलिस अधीक्षक और राम दयाल मिश्रा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 165 प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शंभू सिंह जाट,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.9.2000 को निवारी उप जेल से अदालत में गवाही हेतु ले जाते समय अपने भाई मुकेश यादव के साथ पुलिस हिरासत से फरार होने के पश्चात डकैत जयहिन्द यादव के गिरोह ने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और दतिया जिलों में आतंक फैला रखा था। लूटपाट के कारण यह गिरोह अत्यधिक कुख्यात हो गया था और आतंक का पर्याय बन गया था। दो वर्ष के अल्प समय में ही इस गिरोह ने हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण और लूटपाट के दो दर्जन से ज्यादा अपराध किए। गिरोह के डकैत जयहिन्द यादव को पकड़नें के लिए पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़ के अनुदेश पर, निरीक्षक शंभू सिंह जाट ने 3 जी डी कांस्टेबलों, 1 हैड कांस्टेबल, ड्राइवर हैड कांस्टेबल के साथ 7 और 8 फरवरी, 2002 को ओर्चा रोड से बारास्ता गांव लिधोरा से होकर गांव मौनपुरा तक गहन गश्त की। गांव मौनपुरा में रात को रुकने के पश्चात, पुलिस बल 9 फरवरी, 2002 की प्रातः गांव सुजानपुरा पहुंचा। निरीक्षक जाट ने गांव सुजानपुरा में पहले से ही रुके पुलिस गार्ड से एक हैड कांस्टेबल और दो कांस्टेबलों को इकठ्ठा किया। मत्या भेलशा जंगल और देवताघाट से जामनी नदी तक तलाशी अभियान शुरु किया। जामनी नदी के तट के साथ-साथ चलने के पश्चात बल जैसे ही मजगाटा घाट के पास पहुँचा, तभी इन्होंने घने जामुन के वृक्षों के नीचे दो डकैतों को राइफलों के साथ बैठे देखा। जब पुलिस पार्टी उनकी गतिविधियों को भांप रही थी तभी इन्होंने तीन और डकैतों को जामनी नदी के पत्थरों के पीछे देखा। जयहिन्द यादव गिरोह की उपस्थिति का संदेह होने पर, निरीक्षक शंभू सिंह जाट ने डकैतों को अपने हथियारों के साथ समर्पण करने के लिए कहा लेकिन डकैतों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। एक गोली निरीक्षक जाट के सिर के ऊपर से सनसनाती हुई निकल गई और ये बाल-बाल बच गए। पुलिस पार्टी ने अपने बचाव में डकैतों पर गोलियां चलाईं। अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए और अपनी जान की परवाह न करते हुए, श्री शंभू सिंह जाट ने अपनी राइफल से जवाबी गोलीबारी की और साथ ही अपने साथियों से आत्मरक्षा में अपनी राइफलों से गोलीबारी करने का निदेश दिया। आपसी गोलीबारी लगभग डेढ़ घंटे तक जारी रही। इसी बीच, तीन डकैत घने वृक्षों, बड़े पत्थरों का लाभ उठाकर और जामनी नदी को पार करके यूकारा की ओर भाग गए। तब पुलिस द्वारा मुठभेड़ स्थल की तलाशी लेने पर दो डकैत गंभीर रुप से जखमी पाए गए। उन्होंने अपने नाम इस प्रकार बताए :-

(1) डकैत मुकेश ब्राह्मण, निवासी उप्रे, पी एस गोराघाट, जिला दतिया, जिसके सिर पर 3000/-रु0 का इनाम था।

(2) डकैत महेश काच्छी, निवासी निवारी, पी एस निवारी, जिला टीकमगढ़। उनसे 21 जिंदा कारतूसों के साथ एक 12 बोर डी बी, 15 जिंदा कारतूसों के साथ एक 12 बोर एस बी और नित्य प्रयोग की अन्य वस्तुएं बरामद की गईं। उनकी क्रमशः 13 और 9 जघन्य अपराधों में तलाश थी। घायल डकैतों ने अन्य तीन डकैतों, जो भाग गए थे, के नाम बताए जो निम्न प्रकार हैं :-

1. गिरोह का सरगना जयहिन्द यादव
2. डकैत महेश डांगी
3. डकैत चैना डांगी

पुनः पुलिस पार्टी ने निरीक्षक शंभू सिंह जाट के नेतृत्व में अन्य डकैतों को पकड़ने के लिए जंगल में अपना तलाशी अभियान जारी रखा। जब तलाशी अभियान चल रहा था, उस समय एक गोली निरीक्षक शंभू सिंह जाट के दायें कान के नजदीक से सनसनाती हुई निकल गई। डकैतों ने नारे भी लगाए और अश्लील भाषा का प्रयोग किया तथा पुलिस कार्मिकों को मारने की धमकी दी। अचानक हुई गोलीबारी से भयभीत हुए बिना और हिम्मत दिखाते हुए निरीक्षक जाट ने जवाबी गोलीबारी की। इन्होंने ठंडे दिमाग से काम लेते हुए और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए आत्मरक्षा में डकैतों की ओर तत्काल दो गोलियां चला दीं जो उन डकैतों में से एक को लगी। दो डकैत नामतः जयहिन्द यादव और चैना डांगी घने वृक्षों और नदी में पड़े बड़े-बड़े पत्थरों का लाभ उठाते हुए बच कर निकलने में कामयाब हो गए। तलाशी लेने पर, घटनास्थल से एक शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान डकैत महेश पुत्र हरचरण डांगी निवासी उप्रे, पी एस गोरघाट, जिला दतिया के रुप में हुई जिसके सिर पर 10,000/-रु0 का पुरस्कार था। घटनास्थल से 21 जिंदा कारतूसों के साथ एक देशी माऊजर राइफल बरामद की गई। डकैत महेश डांगी टीकमगढ़ और दतिया जिलों में 17 जघन्य अपराधों जैसे हत्या, अपहरण के लिए जिम्मेवार था।

इस मुठभेड़ में, श्री शंभू सिंह जाट, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 फरवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 166 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

केदार लाल शर्मा (मरणोपरांत)
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16 फरवरी 2003 को, कांस्टेबल-537 सुरेन्द्र सिंह सिकरवर के साथ तैनात एक मुखबिर से श्री अंगद सिंह कुश्वाहा, एस डी ओ पी करेरा को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात डकैत हाकिम सिंह बुंदेला अपने भाई डकैत उमराव सिंह बुंदेला, निवासी कुदारी, जिला दतिया, चंदन सिंह मान सिंह ठाकुर के घर में गांव जगदोरा (बलूशा का पुरा) में शरण लिए हुए हैं और उनकी मंशा जघन्य अपराध करने की है। इस सूचना के प्राप्त होने पर, एस डी ओ पी करेरा खतरनाक हथियार जैसे एस एल आर, .303 राइफल, रिवाल्वर और पर्याप्त मात्रा में गोलाबारुद के साथ ए एस आई केदार लाल शर्मा पी एस करेरा हैड कांस्टेबल 67 सुरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल 151 राजबीर सिंह, ए एस आई रणबीर सिंह यादव, कांस्टेबल-537 रविन्द्र सिंह, सी /803 निहाल अहमद, एस ए एफ कांस्टेबल 04 रणबीर सिंह, हैड कांस्टेबल 829 नासिर खान, एच सी 26 रमेश सिंह, कांस्टेबल -320 राजपाल सिंह, कांस्टेबल 242 बिरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल 529 उदयवीर सिंह, एस ए एफ कांस्टेबल 399 रघुराज सिंह, कांस्टेबल 577 उमेश, कांस्टेबल 607 मुकेश नागर को लेकर घटनास्थल की ओर तेजी से बढ़े । लगभग 1600

बजे, पुलिस पार्टी उस जगह पर पहुँच गई और कुछ घरों के संवासियों की तलाशी शुरु कर दी जिसके दौरान इन्होंने एक दरवाजे को बाहर से ताला लगा देखा लेकिन उसके अंदर से कुछ आवाज आ रही थी। इस पर पुलिस पार्टी को कुछ संदेह हुआ। पुलिस पार्टी उसका ताला तोड़ने में सफल हो गई लेकिन फिर भी दरवाजा नहीं खुला क्योंकि वह अंदर से बंद किया गया था।पुलिस पार्टी ने कमरे के अंदर आंसू गैस के ग्रेनेड फेंकने का निर्णय लिया। ए एस आई केदार लाल शर्मा ने मिट्टी की बनी कुछ टाइलों (खपरों) को हटाने और उसमें एक छेद बनाने का प्रयास किया ताकि कमरे के अंदर आंसू गैस का ग्रेनेड फेंका जा सके, लेकिन अचानक डकैतों ने अपनी राइफल की बैरल निकाल ली और तत्काल गोलीबारी शुरु कर दी जिसके पश्चात श्री के एल शर्मा मूर्छित होकर गिर पड़े। शेष पुलिस पार्टी ने सुरक्षित दूरी बनाए रखकर उस घर को चारों ओर से घेर लिया और डकैतों को गोलीबारी करके उलझाए रखा और श्री केदार लाल शर्मा,जो गोली लगने से घायल हो गए थे, को खींच कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में कामयाब हो गए । ए एस आई केदार लाल शर्मा की हालत तेजी से खराब होने लगी और अंत में उन्होंने उसी जगह प्राण त्याग दिए। इस सूचना के प्राप्त होने के तुरंत पश्चात पुलिस अधीक्षक स्वयं पर्याप्त कार्मिकों की कुमुक और शस्त्र/ गोलाबारुद के साथ उस जगह की ओर तेजी से गए और उस घर के चारों ओर मजबूत घेराबंदी कर दी। डकैत घर के अंदर से विभिन्न दिशाओं में निरंतर गोलीबारी करते रहे। पुलिस पार्टी ने भी अपनी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी जारी रखी। 17.2.2003 को तड़के (पौ फटते ही) डकैतों को आंसू गैस के गोलों की मदद से उस घर के बाहर निकलने के लिए विवश कर दिया गया और गोलीबारी के पश्चात, डकैत को मार गिराया गया। बाद में उसकी पहचान, हाकिम सिंह बुंदेला निवासी गांव कुदारी, पी एस- थारेट, जिला- दतिया के रुप में की गई जिसके सिर पर 20 हजार रु0 का पुरस्कार था। वह कम-से-कम चार दर्जन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेवार था और वर्ष 1994 से फरार था। कई प्रयुक्त और जिंदा कारतूस के साथ एक .306 बोर की यू एस निर्मित राइफल, 20 हजार रु0 नगद और रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं बरामद की गईं। इस साहसिक मुठभेड़ में पुलिस पी एस- करेरा के ए एस आई श्री केदार लाल शर्मा ने अनुकरणीय साहस और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया । उन्होंने अत्यधिक जोखिम उठाते हुए अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए जान की बाजी लगा कर अपना जीवन बलिदान कर दिया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत श्री केदार लाल शर्मा, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 फरवरी, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 167 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) एच. देवेन्द्र सिंह,
उप निरीक्षक

(2) ए सुभाष सिंह
जमादार

(3) मोहम्मद अब्दुल बारिक
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

6 जनवरी 2004 को प्रातः लगभग 7.00 बजे हीरोक खनोऊ क्षेत्र में सशस्त्र उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर, थौबल जिला कमांडो ने पुलिस अधीक्षक/ थौबल के समग्र पर्यवेक्षण के अंतर्गत क्षेत्र में अभियान चलाया। कमांडो ने विशिष्ट कार्यों के साथ और लगभग दो किमी के क्षेत्रफल को कवर करते हुए स्वयं को तीन ग्रुपों में बांट लिया। उप-निरीक्षक एच. देवेन्द्र सिंह और जे.सी. सं. 517 जमादार ए. सुभाष सिंह दोनों ए के असाल्ट राइफल से सुसज्जित होकर टीम का नेतृत्व कर रहे थे। वे प्रत्येक व्यक्ति की जांच करते हुए बेले पुल से होकर इंगैंगलोक की ओर बढ़े । लगभग प्रातः 7.35 बजे, टीम को सूचना मिली कि सशस्त्रों से लैस कुछ संदिग्ध उग्रवादियों को इंगैंगलोक गांव से पुल की ओर आते देखा गया है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने उपने वाहनों को पुल के निकट खड़ा कर दिया और पैदल ही पुल को पार किया। जैसे ही पार्टी पुल के दूसरे सिरे पर पहुँची, तभी उग्रवादियों ने कमांडों पर अपने अधुनातन हथियारों से गोलीबारी शुरु कर दी। टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक एच देवेन्द्र सिंह और जमादार ए सुभाष सिंह ने तत्काल पुल के खंभे के पीछे पोजीशन ले ली और जवाबी कार्रवाई की। उग्रवादी जो अत्यधिक लाभकारी स्थिति में थे, ने वृक्षों ओर ऊँची उठी हुई एक जगह की आड़ का पूरा लाभ उठाते हुए गोलीबारी जारी रखी। सशस्त्र उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी करके कमांडो को उत्तरी दिशा की तरफ जाने से रोके रखा, जो इंगैंगलोक की पहाड़ियों की ओर बच कर निकलने का मुख्य मार्ग था। मुठभेड़ लगभग 15/20 मिनट तक चली। लगभग प्रातः 7.55 बजे गंभीर खतरे को अनदेखा करते हुए, एस आई एच. देवेन्द्र सिंह ने जमादार, ए. सुभाष सिंह और राइफलमैन सं0 132001282 मोहम्मद अब्दुल बारिक (जो एस एल आर पकड़े हुए थे)के साथ नाला पार किया और उस जगह की ओर रेंगते हुए बढ़े जहां उग्रवादियों ने पोजीशन ली हुई थी। जब वे उस जगह के नजदीक पहुँचे तो इन्होंने स्वयं को फैला दिया। जमादार ए. सुभाष सिंह बायीं तरफ, राइफलमैन अब्दुल बारिक दायीं तरफ और एस आई, एच. देवेन्द्र सिंह बीच में हो गए। कुछ दूर रेंगने के पश्चात, एस आई, एच. देवेन्द्र सिंह ने एक उग्रवादी को देखा जो लगातार गोलियों की बौछार कर रहा था। एस आई एच देवेन्द्र सिंह ने अपनी ए के असाल्ट राइफल से गोली चलाकर उस उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद में प्रतिबंधित गुट कांग्लेई याओल कान्ना लुप (के वाई के एल) के दुर्दान्त उग्रवादी, याईरिपोक खोईरोम मयाई लेकई के नामतः नोंगमैथेम ब्रोजेन सिंह उर्फ रोबर्ट (25) पुत्र एन शामू सिंह के रुप में की गई। उसके सिर और छाती में गोलियां लगी थीं। जमादार ए सुभाष सिंह जब बायीं तरफ रेंगते हुए बढ़ रहे थे तभी इन्होंने 2/3 उगवादियों को नाले की तरफ से उनकी ओर गोलीबारी करते हुए आते देखा। इन्होने भी तत्काल जवाबी गोलीबारी की और उनमें से एक उग्रवादी को वहीं पर मार गिराया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद, में हिरोक पार्ट-II देवी मंडोप के एक लैशराम शांतिकुमार सिंह उर्फ पुकचाउ (19) पुत्र (एल) एल. मंगलेम सिंह के रुप में की गई। उसके कंधे में गोली

लगी थी। इसी बीच, अन्य उग्रवादियों ने भी राइफलमैन मोहम्मद अब्दुल बारिक पर गोलीबारी कर दी और इन्होंने भी काफी निकट से उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं और उनमें से एक उग्रवादी को वहीं पर मार गिराया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद में हिरोक पार्ट-III, इंगैंगलोक के एक थोकचोम परशुराम सिंह (30) पुत्र टी एच. ईबोटोम्बी सिंह के रुप में की गई । मृतक की छाती और गर्दन गोलियों से जख्मी हो गई थी । 4/5 मिनट तक निरंतर गोलीबारी के पश्चात अन्य उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर इंगैंगलोक की ओर बच कर निकल भागने में कामयाब हो गए। कुमुक के आने के पश्चात , उस क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी ली गई जहां मुठभेड़ हुई थी। तलाशी के दौरान उस जगह से निम्नलिखित अभिशंसी वस्तुएं / मदें बरामद की गईं:-

(1) एक मैगजीन युक्त और चैंबर में एक जिंदा राउंद के साथ 4 जिंदा कारतूस के साथ बट सं. 416536 वाली चीन निर्मित एक 9 एम एम पिस्तौल

(2) एक वायरलैस सेट (केनवुड)

(3) ए के गोलाबारुद के चले हुए 14 खोल

(4) 9 एम एम गोलाबारुद के चले हुए 4 खोल

(5) पंजीकृत सं. एम एन- 05/9255 वाली एक लाल रंग की मोटरसाईकल कुछ झाड़ियों के पीछे छिपाई गई पाई गई।

(6) हिरोक पार्ट-II, देवी मंडोप के लैशराम शांतिकुमार सिंह उर्फ पुकचाऊ (19) पुत्र एल ओ एल. मंगलेम सिंह के शव से 1,00,000 /- रु. का एक डिमांड लैटर बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एच. देवेन्द्र सिंह , उप निरीक्षक, ए. सुभाष सिंह , जमादार और मोहम्मद अब्दुल बारिक, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 जनवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 168 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सोमायो आर. शिमरे
   सहायक उप निरीक्षक
2. एन. अशोक कुमार सिंह
   हवलदार
3. टीएच. बिजेन सिंह
   राइफलमैन
4. के. किरण सिंह
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19.6.04 को रात लगभग 10.00 बजे एक विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ सशस्त्र युवक, जिनका पीपल रिवोल्यूशनरी ऑफ कांग्लेईपाक (प्रीपाक) के कार्यकर्ता होने का संदेह था, विध्वंसकारी और नापाक गतिविधियों की दृष्टि से क्वाकेईथेल थोनाऊजेम केकई में इधर-उधर घूम रहे हैं और वहां शरण लिए हुए हैं। इस विश्वसनीय सूचना के प्राप्त होने पर, तीन मारुती जिप्सी वाहनों में ए एस आई सोमायो आर. शिमरे, ए एस आई पी. अचौबा और हवलदार सं. 739 अशोक सिंह के नेतृत्व में इंफाल पूर्वी जिला पुलिस कमांडो की एक टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए उक्त क्षेत्र की ओर शीघ्रता से रवाना हुई। रात लगभग 11.00 बजे, सी डी ओ टीम क्वाकेथेल थाऊनाऊजेम लेकई पहुँची। तेङ्गीम सड़क पर, चल वाहन खड़े करने के पश्चात, अपराधियों को हैरत में डालने और उन्हें पुलिस टीम के आने का पता न चल सके, टीम चतुराई के साथ पैदल आगे बढ़ी। इसके पश्चात बच कर भाग निकलने के संभावित मार्गों पर विचार करके, उक्त क्षेत्र में विशेष रुप से वर्तमान में क्वाकेईथेल थोनाऊजेम लेकई, में किलांग चाजिंग के एक सांसाम राकेश (28) पुत्र एस. कुल्ला के निवास जहां तथाकथित प्रीपाक कार्यकर्ताओं के पनाह लेने का संदेह था, में एक तलाशी अभियान चलाया।

2. पुलिस कमांडो टीम, सभी प्रकार की तैयारी करने के पश्चात उक्त घर की ओर चल दी। अचानक ए एस आई सोमायो आर. शिमरे के नेतृत्व में पुलिस कमांडो टीम की एक यूनिट, जो शरण लिए गए स्थल की पूर्वोत्तर दिशा से आ रही थी, अंदर पनाह लिए हुए यू जी द्वारा अधुनातन हथियारों से की गई भारी गोलीबारी की जद में आ गई। तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने उस दिशा की तरफ गोलीबारी शुरु कर दी जहां से गोलीबारी हो रही थी। यू जी काडर लाभकारी स्थिति में थे, चूंकि पुलिस टीम अनजान क्षेत्र में उबड़-खाबड़ स्थान में थी। फिर भी, पुलिस टीम विशेष रुप से ए एस आई सोमायो आर शिमरे और राइफलमैन सं. 653 टी एच. बिजेन सिंह ने मुकाबला जारी रखा। पुलिस कमांडो टीम की वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण, यू जी, जिनकी संख्या लगभग 5 (पांच) थी, ने अपने को तितर-बितर कर, उस क्षेत्र के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बच कर भागने का प्रयास किया। भाग रहे सशस्त्र युवकों का पीछा करते हुए, ए के राइफल से लैस ए एस आई सोमायो आर. शिमरे और एस एल आर से लैस राइफलमैन सं. 653 बिजेन सिंह आगे बढ़े। इस गोलीबारी की भीषण लड़ाई में, राइफलमैन सं. 653 टीएच.

बिजेन सिंह बायीं तरफ की जांघ और पेट के दांयी तरफ गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। इसी बीच, हवलदार सं. 739 अशोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमांडो टीम की दूसरी यूनिट भाग रहे यू जी को रोकने की दृष्टि से उत्तरी दिशा से पहुँच गई। वहाँ दिखाई भी कम दे रहा था और भारी वर्षा के कारण पराक्रमी पुलिस कमांडो टीम के डब्ल्यू/टी सेट प्रभावित हो जाने की वजह से संचार सुविधा में बाधा आ रही थी जिसके परिणामस्वरुप यू जी काडरों की पोजीशन के बारे में डब्ल्यू/टी सेट के माध्यम से सूचना देने में रुकावट पैदा हो गई थी। पुलिस टीम की यूनिट, विशेष रुप से, कार्बाइन से लैस हवलदार सं. 739 अशोक और एस एल आर से लैस सी/सं. 9801044 के. किरण सिंह ने भाग रहे यू जी, जो क्रमशः अपनी 9 एम एम और ए.के-56 से लगातार गोलीबारी कर रहे थे, की ओर बढ़े। पुलिस यूनिट उबड़-खाबड़ अनजान क्षेत्र के कारण पुनः अलाभकारी स्थिति में थी और हवलदार सं. 739 अशोक और सी/सं. 9801044 के. किरण सिंह दलदल वाले धान के खेत, जो भाग रहे यू जी और पुलिस यूनिट के बीच में थे, के कारण तेजी से आगे नहीं बढ़ पाए। इसी बीच, सी/सं. 9801044 के. किरण सिंह भी बायें हाथ की कोहनी और बायीं पसली में गोलियां लगने से घायल हो गए। हवलदार सं. 739 अशोक बहादुरी से आगे बढ़े और उनमें से एक यू जी पर कूद पड़े जो भागने का प्रयास कर रहा था। इस गुत्थम-गुत्था लड़ाई में हवलदार सं. 739 अशोक पर एक अज्ञात यू जी ने छोटे हथियार का प्रयोग करके गोली चला दी तथा इन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। फिर भी, हवलदार सं. 739 ने हार नहीं मानी और इन्होंने कुछ ही मिनटों में यू जी काडर को भी मार गिराया। कमांडो की साहसिक कार्रवाई के कारण, एक यू जी मारा गया और निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किया गया :-

(1) एक तरफ 1(एक) 9 एम एम पिस्तौल माऊजर वर्के ओबेनडोर्फ्ट गैम्ब्ट और पंजीकरण सं. 8081-7488 वाली मोड 90- डी ए कैल. 9 एम एम पैराबीलियम

(2) 9 एम एम गोलाबारुद के 5 जिंदा राऊंद के साथ 1(एक) मैगजीन

(3) 2(दो) हरे रंग की मच्छरदानियां

(4) 2(दो) जोड़ी जूते इत्यादि।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री सोमायो आर. शिमरे, सहायक उप निरीक्षक, एन. अशोक कुमार सिंह, हवलदार, टीएच. बिजेन सिंह, राइफलमैन और के. किरण सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 169 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक /वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं: -

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह, निरीक्षक	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2.	एच. ईश्वरचंद, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिए पदक)
3.	मोहम्मद मुहाशिन, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	विल्सन होकिप, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	के एच. रणजीत सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का बार)
6.	के एच. कुमार चोथे, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

मणिपुर के तीन घाटी उग्रवादी गुटों नामतः यू एन एल एफ, पी एल ए और के वाई के एल ने अप्रैल 2004 में आयोजित संसदीय चुनाव, 2004 के बहिष्कार का आवहान किया। इस संबंध में आम जनता पर अपनी इच्छा थोपने के लिए, इन गुटों ने मतदाताओं को डराने, चुनाव एजेंटों इत्यादि को जान से मारने के प्रयास शुरु कर दिए। इसके परिणामस्वरुप, 19.4.2004 को आयोजित चुनाव के प्रथम चरण ई वी एम को छीनने, निर्वाचन ड्यूटी पर लगे वाहनों को जलाने, सुरक्षा कार्मिकों पर घात लगाकर हमला करने इत्यादि के कारण घाटी में तुलनात्मक रुप से कम मतदान हुआ। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त आसूचना जानकारियों से यह पता चलता था कि ये गुट 26.4.2004 को आयोजित किए जाने वाले चुनाव के दूसरे चरण में तोड़-फोड़ करने के हरसंभव प्रयास करेंगे। विशेष रुप से, इन रिपोर्टों से यह पता चला था कि वे उन चुनाव मतदान केन्द्रों, जो दूर-दराज के तलहटी क्षेत्रों में स्थित हैं, में मतदान संबंधी ड्यूटियों पर जाने वाली मतदान पार्टियों और सुरक्षा कार्मिकों को निशाना बनाएंगे। इसी बीच, पुलिस अधीक्षक पूर्वी इंफाल को आसूचना रिपोर्टें प्राप्त हुईं कि लगभग 30/40 एम पी एल एफ काडर का शस्त्रों से सुसज्जित एक ग्रुप, इस मार्ग से जाने वाले मतदान और सुरक्षा कार्मिकों पर घात लगाने के उद्देश्य से याईरिपोक से मोईरांगप्युरेल तक के मार्ग के चारों ओर घात लगाए बैठा है। दूसरे चरण के लिए इन क्षेत्रों में 12 मतदान केन्द्र स्थित थे। उपर्युक्त सूचना के प्राप्त होने पर, पुलिस अधीक्षक पूर्वी इंफाल ने उस क्षेत्र को क्लिअर करने और वहां जाने वाली मतदान पार्टियों और सुरक्षा कार्मिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए श्री टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह, निरीक्षक, ओ/सी कमांडो यूनिट, पूर्वी इंफाल जिला की कमान के अंतर्गत 40 कमांडो कार्मिकों वाले एक विशेष कार्य बल की तैनाती की। श्री टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह और इनकी पुलिस पार्टी 25.4.2004 की प्रातः जिला मुख्यालय, पूर्वी इंफाल से उक्त क्षेत्र के लिए चल पड़ी। इसी दिन दोपहर में, लगभग 1230 बजे श्री टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह के नेतृत्व में जब कमांडो, अन्य कमांडो टीमों के साथ एक मारुती जिप्सी में येरिपोल-कैथिलामन्बी गांव को जोड़ने वाली सड़क से कैथिलमन्बी गांव की ओर जा रहे थे, तभी सामने की तरफ से तेज गति से एक मारुति वैन आई। कमांडो पार्टी को देखकर, वैन अचानक एक स्कूल इमारत के नजदीक खड़ी हो गई और इसी के साथ उसमें सवार लोगों ने ए के राइफल और लिथोडे बमों जैसे अधुनातन हथियारों से श्री टीएच. कृष्णातोम्बी सिंह के वाहन पर गोलियां चलाईं। निरीक्षक टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह और इनकी पार्टी ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की और एक दम अपने वाहन रोक कर, जल्दी से उससे कूद पड़े और वाहन के पीछे आड़ ले ली। कार्य बल के अन्य सदस्य काफी पीछे थे और वे आस-पास के क्षेत्र में घात लगाए बैठे थे और मारुती वैन में छिपे अतिवादियों की ओर से की जा रही भारी गोलीबारी के कारण तत्काल

उस जगह पर पहुँच नहीं सकते थे। श्री टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह और टीम के सदस्यों ने भारी गोलीबारी से अपना बचाव करना था। हालांकि, वे इससे पूरी तरह से अचंभित हो गए थे और अपने को खतरे में पड़ा देख श्री कृष्णातोम्बी ने अपना धैर्य नहीं खोया। इन्होंने तुरंत स्थिति को नियंत्रण में लिया और हमले का मुकाबला करने संबंधी उपाय करने हेतु टीम के सदस्यों को सुव्यवस्थित किया। इन्होंने अनुमान लगा लिया कि वे तीन व्यक्ति हैं जो गोलीबारी कर रहे हैं। दो व्यक्तियों के पास ए के-राइफल थीं, उनमें से एक वैन के सामने वाली सीट से और दूसरा वाहन की पीछे की सीट से गोलीबारी कर रहा था। तीसरा व्यक्ति वाहन के पिछले हिस्से से एम-79 लांचर से लिथोडे बमों को दाग रहा था। मारुति वैन में सवार सशस्त्र युवकों के अतिरिक्त, नजदीक छिपे हुए अन्य अतिवादी, जिनकी संख्या लगभग 30/40 थी, भी मुठभेड़ में शामिल हो गए और इस प्रकार उनकी संख्या, वास्तव में मुठभेड़ में जुटे कमांडो की संख्या से बहुत ज्यादा हो गई। इस प्रकार, कई दिशाओं से भारी गोलीबारी हो रही थी। इस नाजुक मौके पर, कमांडों को मारुति वैन से की जा रही गोलीबारी से जान जाने के तत्काल खतरे का भी ध्यान रखना था। श्री कृष्णातोम्बी ने अपने टीम के सदस्यों, कांस्टेबल ईश्वर चन्द और मोहम्मद मोहशिम को लीथोडे बमों को दागने वाले व्यक्ति को ढूंढने और उसे निशाना बनाने तथा कांस्टेबल रणजीत और विल्सन होकिप, जिनके पास ए के-47 राइफल थी, को पिछली सीट से ए के राइफल से गोली चला रहे व्यक्ति को निशाना बनाने तथा अपने कांस्टेबल ड्राइवर कुमार चोथे, को कवरिंग फायर प्रदान करने के निदेश दिए। इन्होंने स्वयं, वाहन के पीछे से ए के राइफल से गोलियां चला रहे व्यक्ति को काबू करने का निर्णय लिया। ये सी आई ऑपरेशन के अपने दीर्घकालीन अनुभव का इस्तेमाल करके फुर्ती और चतुराई से वैन की ओर बढ़े जबकि कांस्टेबल ड्राइवर कुमार चोथे ने अपनी 9 एम एम पिस्तौल से कवरिंग फायर दिया और उसी समय वे खुले में आ गए। कांस्टेबल रणजीत और कांस्टेबल विल्सन होकिप वैन की तरफ फुर्ती से जाने में सफल हो गए और इन्होंने लक्षित व्यक्ति, जो वैन के सामने की सीट से ए के राइफल से गोलियां चला रहा था, को मार गिराया। उसी प्रकार, कांस्टेबल ईश्वरचंद, जिनके पास एस एल आर थी और कांस्टेबल मोहशिन, जिनके पास ए के-47 राइफल थी, भी अपने-अपने लक्ष्यों से निपटने के लिए जिम्मेवार थे। निरीक्षक कृष्णातोम्बी जब अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए खुले में आ गए तो इन पर गोली चलाई गई। तथापि, ये अपना बचाव करने में सफल हो गए और इन्होंने अपनी ए के-47 राइफल से सटीक गोलीबारी करके अपने लक्ष्य को मार गिराया। मारुति वैन का ड्राइवर भी मुठभेड़ में गोलियां लगने से घायल हो गया। बाद में यह पाया गया कि उस वैन का अपहरण किया गया था और उसके ड्राइवर को इसे चलाने के लिए विवश किया गया था। इस मुठभेड़ में मारे गए तीन उग्रवादियों की पहचान निम्नलिखित के रुप से हुई :-

(1) सलाम जॉय सिंह (उम्र लगभग 20 वर्ष) आंद्रो ऊनामबोल के अमू सिंह का पुत्र, जो यू एन एल एल आर्मी फाइटिंग ग्रुप का एक सदस्य था। वह उनमें से था जो उस वाहन के सामने की सीट से ए के राइफल से गोली चला रहा था।

(2) कोनजेंगबाम चौबा सिंह उर्फ लामजिंगबा (उम्र लगभग 25 वर्ष) येरिपोक यामबेम लेकई के के. मणी सिंह का पुत्र, यू एन एल एफ आर्मी फाइटिंग ग्रुप का स्वंभू लांस कॉरपोरल। यह वही व्यक्ति था जो लीथोडे बम दाग रहा था।

(3) तोंगब्राम रतन सिंह उर्फ लांसेम्बा (उम्र लगभग 27 वर्ष) फनजंगखोंग के टी. मोहन सिंह का पुत्र, यू एन एल एफ आर्मी फाइटिंग ग्रुप का स्वंभू लांस कॉरपोरल। यह वही व्यक्ति था जो उस वैन के पीछे से ए के राइफल से गोलियां चला रहा था।

इस मुठभेड़ में कृष्णातोम्बी और इनकी टीम के सदस्यों ने अनुकरणीय साहस, कर्तव्यपरायणता और व्यावसायिकता का परिचय दिया। इन सभी कर्मियों ने उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के सम्मुख आकर,

सुविचारित ढंग से सोच-समझकर जोखिम उठाया। इन्होंने चतुराई, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करके, विपरीत स्थिति को अपने अनुकूल बना लिया। इस मुठभेड़ में यू एन एल एफ की हार ने तीनों उग्रवादी गुटों के काडरों का मनोबल गिरा दिया जिसके परिणामस्वरुप, संसदीय चुनाव का उत्तरवर्ती चरण तुलनात्मक रुप से ज्यादा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और घाटी के क्षेत्र में काफी संख्या में मतदाता आए। मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किया गया :-

(i) सं. 130668-के-कन्नार-सी ओ पी यू वाला एक लीथोडे बम लांचर एम-79
(ii) लीथोडे बम के बारह जिंदा राऊंद
(iii) सं. 3926072 और 3923858/28858 वाली दो ए के-56 राइफलें
(iv) ए के-56 गोलाबारुद के आठ जिंदा राऊंद

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री टीएच. कृष्णातोम्बी सिंह, निरीक्षक, एच. ईश्वरचंद, कांस्टेबल, मोहम्मद मुहाशिन, कांस्टेबल, विल्सन होकिप, कांस्टेबल, केएच. रणजीत सिंह, कास्टेबल और के एच. कुमार चोथे, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक/पुलिस पदक का बार नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 170 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उड़ीसा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुरेश चंद्र ढल (मरणोपरांत)

निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2 जून, 2004 की रात को, पीपली पुलिस स्टेशन के सतासा और बारगढ़, मालीबराही, कुलासीखरपतना और बहाबाजा के ग्रामीणों के बीच पहले से चली आ रही दुश्मनी के कारण, बारागढ़, मालीबराही, कुलासीखरपतना और बहाबाजा के लगभग 200 ग्रामीण, हथियारों से लैस होकर एन एच-203 पर बारागढ़ के समीप एकत्र हुए और विरोधी ग्रुप पर हमला करने के लिए लगभग 1(एक) कि.मी. दूर स्थित गांव सतासा की ओर चल दिए। सतासा गांव के 100 से ज्यादा लोग भी हमले का जवाब देने हेतु शस्त्रों से लैस हो गए थे। आसन्न झगड़े की ऐसी भयानक स्थिति की सूचना के प्राप्त होते ही, श्री सुरेश चंद्र ढल, पिपली पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक अन्य अधिकारियों और पुलिस स्टेशन में उपलब्ध सशस्त्र पुलिस रिजर्व बल की एक टुकड़ी को साथ लेकर समय गवांए बगैर उस जगह की ओर तुरंत रवाना हो गए। दंदामुकुन्दपुर बाजार पहुँचने पर, इन्हें दंगे पर उतारु भीड़ को नियंत्रित करने हेतु गांव सतासा के नजदीक तीन अधिकारियों के साथ बल की उपलब्ध टुकड़ी को तैनात करना पड़ा। इस प्रकार, इन्हें अन्य चार गांवों की दो सौ गांववासियों की भीड़, जो अब दंदामुकुन्दपुर बाजार की ओर बढ़ना शुरु हो गई थी, की ओर अकेले ही जाना पड़ा। हालांकि, अकेले होते हुए भी इन्होंने कारगर रुप से बीच-बचाव किया और बस स्टॉप के नजदीक इस दंगाई भीड़ को रोक लिया। तथापि वे अभी भी सतसा गांव पर हमला करने की धमकी दे रहे थे और वे उनसे केवल 200 गज की दूरी पर ही थे। इन्होंने इस दंगाई भीड़ में समझौता कराया और उन्हें तितर-बितर करने का प्रयास किया और इस प्रकार गंभीर रक्तपात होने से बचा लिया। जिस समय श्री ढल उग्र भीड़ के साथ विचार-विमर्श में लगे थे उसी समय एक शरारती व्यक्ति नामतः अशोक जेना ने श्री एस सी ढल, निरीक्षक पर एक बम फेंका जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए और वहीं जमीन पर गिर पड़े। श्री एस सी ढल ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। निरीक्षक एस सी ढल ने अपनी ड्यूटी के दौरान अपनी जान की परवाह न करके अनुकरणीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और इस प्रकार खून-खराबा होने से बचा लिया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत श्री सुरेश चंद्र ढल, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 171- प्रेज/2005-राष्ट्रपति, तमिलनाडु पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. थीरु के. विजय कुमार, भा.पु.से. (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
   अपर महानिदेशक
2. थीरु एफ.एम. हुसैन, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   पुलिस उपाधीक्षक (अब अपर पुलिस अधीक्षक)
3. थीरु एन के सेथांमराई कन्नान, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   पुलिस अधीक्षक
4. थीरु एन. राजाराजन, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   निरीक्षक (अब पुलिस उपाधीक्षक)
5. एस. वैल्लादुरई, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   उप-निरीक्षक (अब पुलिस उपाधीक्षक)
6. एम. श्रवणन (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   ग्रेड-I (अब उप-निरीक्षक)
7. वी. कुमारेसन, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   ग्रेड-II (अब हैड कांस्टेबल)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उनके प्रतिभाशाली अधीनस्थ अधिकारियों के सहयोग से थीरु के. विजय कुमार, भा.पु.से. द्वारा "आपरेशन कोकून" में किए गए प्रयास सफल हुए। इसके लिए गुप्त रुप से योजना तैयार की गई थी। एस टी एफ के भेदिए कर्नाटक और तमिलनाडु में फील्ड में विभिन्न सैक्टरों और जेलों में तैनात किए गए थे। इनमें से कुछ भेदिए नलसाज, मिस्त्री, बस में काम करने वाले कर्मचारी और यहां तक कि कुछ को रसोइयों के रुप में नियुक्त किया गया था। सभी तीनों पुलिस अधीक्षकों को एक-एक बड़ी परियोजना आवंटित की गई थी। कर्नाटक एस टी एफ के साथ निकट सहयोग करके वीरप्पन को उसके गढ़ से बाहर निकालने के लिए उस दस्यु के सुरक्षित गढ़ के चारों तरफ संयुक्त टुकड़ियों का जाल बिछाया गया था। इस रणनीति का फल छः महीने बाद उस समय मिला जब वीरप्पन छितरे वन क्षेत्र में आपॅरेशन स्थल के पूर्वी छोर की ओर बढ़ा। वीरप्पन के चाय-पीने के साथी चन्द्रगौड़ा, जिसकी भावनात्मक सुभेद्यता इस काम के लिए उपयोगी साबित हुई, को प्रलोभन देकर इन दोनों के बीच मतभेद पैदा करने का बीज बोया गया। सतर्क निगरानी और फील्ड जानकारियों का विश्लेषण करने के बाद "ऑपरेशन कोकून" की अभेद्य योजना तैयार की गई। व्यावसायिक कौशलता और असाधारण गोपनीयता तथा अत्यधिक साहसिक घुसपैठ को आधार बनाकर "ऑपरेशन कोकून" को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए यह आपरेशन उच्चस्तरीय समन्वय और चतुराई पूर्ण निष्पादन पर निर्भर था। प्रत्येक अधिकारी ने बड़े ही गुप्त तरीके से कार्रवाई की क्योंकि गोपनीयता

बनाए रखना सबसे बड़ी बात थी। इसका अर्थ था कष्टप्रद सामंजस्य तथा पारस्परिक समन्वय। एक बार पाप्परापट्टी को मिलनस्थान आर वी निर्धारित कर लिए जाने के बाद पारपरापट्टी जाने वाली सभी सड़कों को पुलिस उपायुक्तों, निरीक्षकों और उनकी विशेष आपरेशनल टीमों की प्रच्छन्न मौजूदगी द्वारा सील कर दिया गया। समग्र ऑपरेशन अचिन्हित निजी वाहनों में, सिविलियन कपड़ों में चलाया गया। विभिन्न स्थानों (प्वॉइंट) पर आगमन, प्रवेश के तरीके, रेडियों साइलैंस तथा कूट संकेतों आदि के द्वारा और अधिक गोपनीयता बरती गई। सबसे विलक्षण पहलू वह तरीका था जिसके द्वारा वीरप्पन की सेलुलर सिक्रेट कट आउट प्रणाली को उसके विरुद्व हथियार के रुप में परिवर्तित कर दिया गया। अभियान में चालक श्रवणन और उप निरीक्षक वैलादुरई की विशिष्ट तैनाती एक अति जोखिमपूर्ण कार्य था। एक कुमारेसन पी सी 1619, जिसे तीन दिनों के लिए अलग-थलग करके ांव में छोड़ा गया था, से मिली छोटी-मोटी महत्वपूर्ण जानकारी से ऑपरेशन को और चतुरतापूर्ण बनाने में मदद मिली। "ऑपरेशन कोकून" के लिए तीन कोर टीमें, जोकि त्वरित प्रतिक्रिया और अनुकूलनशीलता के लिए विख्यात एस टी एफ की सर्वोत्तम टीम थी, तैनात की गई। इन टीमों को ए डी जी पी श्री के विजय कुमार द्वारा व्यक्तिगत रुप से 100 से अधिक बार कठोर अभ्यास करवाया गया। ये एस टी एफ चांदमारी रेंज से रेत की बोरियों से भरी सिविलियन लौरी में निकले जैसे कि मानो वे प्रशिक्षण अभ्यास के लिए निकले हों। गन्नों से भरी एक लौरी जिसका कूट-नाम स्वीट बॉक्स था, अचानक नाकाबंदी करने के लिए उसके साथ-साथ चली। ए डी जी पी और एस पी जिन्होंने पहले आर वी प्वाइंट की टोह ली थी, सिविलियन वाहन में निकले। वे आर वी से मात्र 10-11 मिनट की ही दूरी पर थे जब उन्हें ये संदेश मिला कि कोकून अर्थात एम्बुलैंस वैन मुख्य पापरापट्टी धर्मपुरी मुख्य सड़क पर चल रही है। लगभग 2245 बजे एक पुलिस वाहन, जिसे एम्बुलैंस की शक्ल दी गई थी, आपरेशन क्षेत्र में रुक गया। श्री विजय कुमार उस वाहन से एक मीटर की दूरी पर चालक सीट की तरफ आगे दाईं दिशा में खड़े थे और इन्होंने तत्काल निरीक्षक राजाराजन के सहयोग से चालक श्रवणन की, पेड़ के पीछे आड़ लेने में मदद की। तब तक उप निरीक्षक वैल्लादूरई भी आगे की बांई सीट से कूद पड़े। इन्होंने कुछ ही सेकंडो में चालक श्रवणन और वैलादुरई से गैंग की मौजूदगी और उनके हथियारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर ली। श्री विजय कुमार ने चिल्ला कर यह जानकारी एस पी और अन्य लोगों को दी। वीरप्पन और उसके आदमी राइफलों और हथगोलों से लैस पूरी तरह से तैयार थे। किसी भी गलत चाल से वह भारी संख्या में लोगों को हताहत करके भाग सकते थे। दस्यु के आदमियों ने गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई शुरु की। स्थिति से कारगरता से निपटने के लिए श्री विजय कुमार दाएं से बाएं आए। वे पीछे की तरफ भागे जहां तब तक पी सी कुमारेसन पहले ही पहुंच चुके थे। इन्होंने वहां दृढ़ता से मोर्चा संभाल लिया। वहां उनकी मोर्चाबंदी से गैंग के बच निकलने का रास्ता अवरुद्ध हो गया। यह देखने पर कि दाहिनी तरफ विद्यालय भवन के ऊपर एस टी एफ टीम द्वारा ले जाया गया एक्सटेंशन लैम्प वीरप्पन के आदमियों द्वारा की गई गोलीबारी के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, इन्होंने आगे की कार्रवाई की चतुराई के साथ व्यूह रचना की। ये प्रत्येक कदम पर आगे होकर पुलिस अधीक्षक और टीम के अन्य सदस्यों का मार्गदर्शन कर रहे थे।

थीरु एफ एम हुसैन वेश बदल कर सादे कपड़ों में 22.30 बजे मुख्य मिलन स्थान (आर वी) पर पहुंचे। इन्होंने अपनी तीन टीमों को एम्बुलैंस रुकने के स्थान पर तैनात किया, एक टीम को विद्यालय भवन के ऊपर, एक टीम को मोबाइल बंकर लौरी पर और एक टीम को उसी लोरी के पीछे इमली के पेड़ के नीचे तैनात कर दिया। उन्होंने स्वयं मोबाइल बंकर लौरी के आगे कवर ले ली जिससे जब एम्बुलैंस, मोबाइल बंकर के पास रुके तो वे बिजली की गति से

कार्रवाई करके उप निरीक्षक वैल्लादूरई को एम्बुलैंस से बाहर निकालकर निर्धारित सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सके। योजनानुसार उप निरीक्षक वैल्लादुरई एम्बुलैंस से कूद पड़े। थीरु एफ एम हुसैन ने उनको बाहों में ले लिया और उन्हें तेजी से कवर की सुरक्षा में ले गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सार्वजनिक घोषणा प्रणाली पर वीरप्पन गैंग को आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा गया लेकिन एम्बुलैंस के अंदर बैठे व्यक्तियों ने इसका जवाब गोलीबारी करके दिया। गैंग द्वारा एम्बुलैंस के अंदर से थीरु एफ एम हुसैन पर गोलीबारी की गई। उनके पेट के दाएं हिस्से में छर्रों से चोटें आई। उन्होंने जवाबी गोलीबारी की और सड़क के दूसरी तरफ जाने के लिए अपना मोर्चा छोड़ दिया। ये इमली के पेड़ के पीछे टीम में शामिल हो गये। कुछ ही मिनटों में गोलीबारी रुक गई और थीरु हुसैन हमले का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार होकर एम्बुलैंस के अंदर कूद गए। चूंकि घायलों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर इन्होंने घायल व्यक्तियों के हथियार छीन लिए और वन दस्यु वीरप्पन और उसके तीन साथियों की पहचान कर ली। घावों से बहते खून की परवाह न करते हुए इन्होंने शीघ्रता और युक्तिपूर्वक कार्रवाई करते हुए अनुठे साहस का परिचय दिया। वाहन के कमांडर को बचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका और अंततः एम्बुलैंस में घुसने की इनकी कार्रवाई उच्चतम बहादुरी का परिचायक है ।

थीरु एन. राजाराजन, अपनी टीम को पूरी तरह से छद्म-वेश में साथयामंगलम से धर्मपुरी लाए मानो यह टीम प्रशिक्षण ड्रिल पर हो। ये तयशुदा मिलन स्थान पर ठीक समय पर पहुंचे और शीघ्र ही व्यवस्थित हो गए। जब उस स्थान पर ऐंबुलैंस पहुंची तो थीरु. एन. राजाराजन और इनकी टीम ने वन दस्यु वीरप्पन और उसके सहयोगियों के विरुद्व आगे की कार्रवाई की गति तेज कर दी। मुठभेड़ में थीरु एन. राजाराजन ने वीरता का परिचय दिया। इनका जीवन निश्चित जोखिम में था लेकिन इसकी अनदेखी करते हुए इन्होंने एस टी एफ दल को बचाया। इन्होंने कवर फायर कर सहायता प्रदान की और अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए निकट से जवाबी गोलीबारी की। जब दोनों ओर से गोलीबारी रुक गई तो ये ऐंबुलैंस में गए और गंभीर रुप से घायल वीरप्पन और उसके सहयोगियों से हथियार निकाल दिए। इन्होंने आपरेशन में साहसिक और निर्णायक भूमिका निभाई।

थीरु एन.के. सेंथामराइ कन्नान, भा.पु.से. को वन दस्यु वीरप्पन के विरुद्व आपरेशन में मुख्य भूमिका सौंपी गई थी। इन्होंने वीरप्पन के महत्वपूर्ण सूत्र को एस टी एफ के विश्वसनीय मुखबिर के रुप में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया। यद्यपि यह महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र था, वस्तुतः इन्होंने पिछले आठ महीनों से धर्मपुरी के वनों में गैंग की वास्तविक गतिविधि पर नजर रखी हुई थी और चालाकी से काम लिया था। इन्होंने वीरप्पन के कई महत्वपूर्ण सूत्रों को एस टी एफ की तरफ किया और वीरप्पन को वन से बाहर आने के लिए उसे सफलतापूर्वक प्रलोभन दिया। थीरु. एन.के. सेंथामराइ कन्नान प्रलोभन दे कर न केवल वीरप्पन और उसके गैंग के तीन सदस्यों को पूर्व-निर्धारित मिलन स्थल तक लाने में सफल हुए बल्कि इन्होंने आगे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दिन 18 अक्तूबर, 2004 को वीरप्पन गैंग के साथ नजदीकी मुठभेड़ में, जो लगभग 20 मिनट तक चली, इन्होंने स्वयं असॉल्ट टीमों का नेतृत्व किया और अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाल कर गोलीबारी नियंत्रित करने और टीम तैनाती का समन्वय करने में प्रमुख भूमिका निभाई। निकट के स्कूल की छत के ऊपर से सार्वजनिक घोषणा प्रणाली पर गैंग को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देने के बाद इन्होंने गैंग के विद्रोही सदस्यों, जिन्होंनें स्कूल की ओर गोलीबारी शुरु कर दी थी, पर गोलीबारी कर दी। एक बार फिर ये उतर कर उस स्थल की ओर गए जहां विशेष कार्य बल के प्रमुख थे और बिजली की गति से लगातार आगे की कार्रवाई का समन्वय किया तथा प्रभावी जवाबी गोलीबारी की। इनकी बुद्धिमत्तापूर्ण तैनाती और सतर्क योजना के परिणामस्वरुप यह आपरेशन सफल हुआ जिसमें एस टी एफ का कोई कार्मिक गंभीर रुप से घायल नहीं हुआ। इनकी निर्भीक कार्रवाई, धैर्य और संकल्प असाधारण स्वरुप के हैं और प्रेरक हैं।

थीरु एस. वैल्लादुरई ने वीरप्पन और उसके गैंग को ऐंबुलैंस वाहन में निर्दिष्ट स्थल तक लाने में असाधारण साहस का परिचय दिया। पूर्व-निर्धारित स्थल तक वाहन लाने के बाद थीरु वैल्लादुरई ने वाहन छोड़ दिया और तेजी से सुरक्षित स्थान पर चले गए। जब गैंग ने आत्मसमर्पण आदेश नहीं माना और गोलियों की बौछार कर दी तो ये टीम को निकट ही सुरक्षित स्थान पर ले गए। इन्होंने बंकर लॉरी के सामने मोर्चा लेकर स्वयं भी गोलीबारी शुरु कर दी। गोलीबारी और जवाबी गोलीबारी के हृदय की गति रोकने वाले उन क्षणों में ये ऐंबुलैंस के बांये से सामने आ कर नजदीकी टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे और यह सुनिश्चित कर रहे थे कि वह गैंग इन्हें कोई बेवजह क्षति न पहुंचाने पाए या बच कर भागने की कोशिश न करे। इस अभियान में अंतर्निहित अत्यधिक जोखिम से पूरी तरह से वाकिफ होने पर भी ये अत्यंत खतरनाक गैंग को यहां तक लाए थे। इन्होंने वन दस्यु वीरप्पन और उसके साथियों के सामने अपने निर्भीक रवैये और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया। थीरु वी. श्रवणन, उप निरीक्षक, धर्मपुरी जिला, को पुलिस वाहन को ऐंबुलैंस में बदलने का काम सौंपा गया था। वीरप्पन गैंग को लाने के लिए ऐंबुलैंस वाहन चलाने के खतरनाक और नाजुक कार्य करने के लिए ये स्वंय आगे आए। छोटी सी गलती का मतलब निश्चित मौत थी। ये खतरनाक गैंग के साथ वाहन चला रहे थे और इन्होंने आपरेशन क्षेत्र में पाप्परापट्टी गांव में वह वाहन खड़ा किया। इसके बाद वे तुरंत वाहन से उतरे और सुरक्षित स्थान में चले गए। इसके बाद इन्होंने जवाबी गोलीबारी करके आपरेशन में भाग लिया। जब ये वाहन में ड्राइवर की सीट पर बैठे थे और इसके बाद जब ये वाहन से बाहर आकर अपने साथियों के साथ मिल कर गैंग से लड़ाई लड़ रहे थे तो दोनों ही दशाओं में इन्हें जोखिम की बिल्कुल भी परवाह नहीं थी।

थीरु वी. कुमारेसन, हैड कांस्टेबल, 1619 को आपरेशन से तीन दिन पहले धर्मपुरी जिले के पाप्परापट्टी गांव में तैनात किया गया था। इन्होंने गांव के लोगों पर पैनी नजर रखे हुई थी और आपरेशन कोकून से संबंधित महत्वपूर्ण आसूचना एकत्र की। इन्होंने विभिन्न सड़कों, उनके चिह्न आदि के बारे में महत्वपूर्ण सूचना पहुंचाई। एस टी एफ प्रमुख और पुलिस अधीक्षक के साथ आपरेशन कोकून का ब्लू प्रिंट तैयार करने में इनकी मुख्य भूमिका थी। 18.10.2004 की रात को इन्होंने ऐंबुलैंस के अंदर गैंग के सदस्यों की गतिविधि और संभावित संख्या के बारे में एस टी एफ टीम को सूचित किया। इस प्रकार इन्होंने योजना निष्पादित करने के लिए महत्वपूर्ण सूचना प्रदान की। इनके द्वारा लिया गया जोखिम, हर पल इनके जीवन को गंभीर खतरा था। वे ऐंबुलैंस के पीछे-पीछे गए और खतरे को दरकिनार करते हुए शीघ्र ही आपरेशन स्थल पर पहुंच गए। ये उत्साह के साथ खतरे के क्षेत्र में निरंतर रुप से कार्य कर रहे थे और अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर पर इन्होंने गोलीबारी करके टीम की सहायता की। इन्होंने गैंग को बच कर नहीं जाने दिया। इन्होंने प्रभावी जवाबी गोलीबारी भी की और बाद में उस समय चतुराईपूर्ण कवर भी प्रदान किया जब एस टी एफ अधिकारी ऐंबुलैंस में घुसे।

की गई बरामदगी :-

(i)	ए के-47 राइफल	-	2
(ii)	एस एल आर राइफल	-	1 नग
(iii)	12 बोर गन	-	1 नग
(iv)	ए के-47 अतिरिक्त मैगजीन	-	1 नग
(v)	ए के-47 राउंद	-	90 नग
(vi)	एस एल आर राउंद	-	82 नग

(vii)	12 बोर के कारतूस	-	25 नग
(viii)	ग्रेनेड	-	3 नग
(ix)	नकद	-	5,48,293रुपये

और कपड़ों, जेवरों, इलैक्ट्रोनिक सामान इत्यादि की 186 मदें गैंग से जब्त की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री थीरु के विजय कुमार, भा.पु.से., अपर महानिदेशक, थीरु एफ एम हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक, थीरु एन के संथामराई कान्नान, पुलिस अधीक्षक, थीरु एन. राजाराजन, निरीक्षक, एस. वैल्लादूरई, उप निरीक्षक, एम. श्रवणन, ग्रेड-I और वी. कुमारेसन, ग्रेड-II ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 2004 से दिया जाएगा।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 172 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री तिमिर दास
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13.7.2004 को लगभग 0945 बजे, श्री तिमिर दास, एस डी पी ओ को सुमंतापाड़ा के नजदीक जंगल में शस्त्रों से पूरी तरह से लैस ए टी टी एफ ग्रुप के 18-20 सदस्यों की उपस्थिति के संबंध में एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, श्री तिमिर दास, ओ सी, चंपाहोर पी एस, के एच डब्यू पी एस के ए एस आई डी. रुद्रपाल और 16 टी एस आर कर्मी एक्स-छोदई पी एस, सुमंतापाड़ा के लिए रवाना हुए। लगभग 1045 बजे, जब वे तुलाशिखर टी एस आर कैंप पहुँचे तब इन्होंने और ज्यादा बल एकत्र करने का प्रयास किया चूंकि उनके साथ उपस्थित कर्मियों की संख्या शस्त्रों से पूरी तरह से लैस ए टी टी एफ के इतने बड़े ग्रुप के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए पर्याप्त नहीं थी। तथापि, चूंकि पार्टियां तुलाशिखर कैंप से एक और ऑपरेशन चलाने के लिए चल पड़ी थीं और इसलिए उन्हें और ज्यादा बल कर्मी नहीं मिल सके। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के परिणामों की चिंता किए बगैर, श्री तिमिर दास अपने उपलबध बल के साथ, अतिवादियों को हैरत में डालने की दृष्टि से सामान्य मार्ग की बजाय

पगडंडी के रास्ते सुमंतापाड़ा की ओर चल पड़े। लगभग 1450 बजे वे गांवों से होकर न गुजरते हुए विपरीत दिशा से पगडंडी के रास्ते अतिवादी ग्रुप के संभावित छिपने के अड्डे के निकट पहुँचे। ऑपरेशन पार्टी ने उपलब्ध फायर कवर का इस्तेमाल करते हुए पहाड़ी के ऊपरी हिस्से पर पोजीशन ले ली। कुछ समय प्रतीक्षा करने के पश्चात इन्होंने गांव में असामान्य हलचल देखी और वे चौकन्ने हो गए। लगभग 45 मिनट के पश्चात, ऑपरेशनल पार्टी को अगली पहाड़ी के ऊपरी हिस्से पर एक अतिवादी ग्रुप की मौजूदगी की पुष्टि हो गई। लगभग 1525 बजे इन्होंने चार अतिवादियों को अधुनातन हथियारों के साथ पहाड़ी से नीचे उतरते देखा। अतिवादियों के ग्रुप ने ऑपरेशनल पार्टी को देख लिया और उन्होंने तत्काल ऑपरेशनल पार्टी को लक्ष्य करके अपने निजी हथियारों से गोलीबारी शुरु कर दी। श्री तिमिर दास अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए रेंगते हुए आगे बढ़े और एक पेड़ के तने के पीछे पोजीशन लेकर इन्होंने अतिवादियों को लक्ष्य करके अपने व्यक्तिगत हथियार से जवाबी गोलीबारी की। उस समय तक, पहाड़ी के ऊपरी हिस्से पर छिपे हुए अतिवादी ग्रुप ने भी ऑपरेशन पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक जारी रही, उसके पश्चात अतिवादी ग्रुप घने जंगल की आड़ का लाभ उठाकर भाग खड़ा हुआ। गोलीबारी रुकने के लगभग 15 मिनट पश्चात, ऑपरेशन पार्टी ने उस क्षेत्र की संपूर्ण तलाशी ली। ऑपरेशन पार्टी को अन्य अभिशंसी वस्तुओं के साथ-साथ दो ए के श्रृंखला की राइफलें, तीन ए के श्रृंखला की मैगजीन और ए के श्रृंखला के गोलाबारुद के इकहत्तर राउंड बरामद किए। अज्ञात ए टी टी एफ अतिवादी ग्रुप के एक सदस्य का शव भी बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री तिमिर दास, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 173 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सरुता रंजन देबबर्मा (मरणोपरांत)
उप निरीक्षक (यू बी)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

22.8.2004 को 0005 बजे ओ/सी पी एस को गुप्त स्रोत से सूचना मिली कि एन एल एफ टी (बी एम) ग्रुप के लगभग 15/16 अतिवादियों का एक ग्रुप, एन एल एफ टी (बी एन) अतिवादी ग्रुप के सहयोगी (कॉलेबोरेटर), प्रकाश सरदपाड़ा-पी/एस टकरजला के समपराई देबबर्मा के पुत्र उत्तम देबबर्मा के साथ अमरेन्द्र नगर-टकरजला रोड पर जीप के ड्राइवर और सवारियों का अपहरण करने की मंशा से पैलाभंगा और जंगालिया के बीच कुछ अज्ञात स्थानों पर ठहरे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर, एस डी पी ओ बी एल जी श्री माणिक दास, एस आई प्रणब सेनगुप्ता ओ/सी टी के जे पी एस, टी के जे पी एस के उप निरीक्षक सरुता रंजन देबबर्मा, छठी ए/आर भूतपूर्व - टी के जे के मेजर अमर सिंह क्वात्रा और असम राइफल स्टाफ की एक टुकड़ी ने गमन बाजार और पैलाभंगा क्षेत्र में एक अभियान चलाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार, ऑपरेशन पार्टी ने जंगालिया पाड़ा में घात लगाई और प्रातः तक अतिवादी ग्रुप की प्रतीक्षा की। 22.8.04 की सुबह, ऑपरेशन पार्टी को पुनः एक और सूचना प्राप्त हुई कि अतिवादी ग्रुप इस समय पी एस से दक्षिण की ओर लगभग 5 कि.मी. की दूरी पर टकरजला पी एस के अंतर्गत पैलाभंगा में ठहरा हुआ है। तदनुसार, एस डी पी ओ बी एल जी, टी के जे पी/एस के उप निरीक्षक सरुता रंजन देबबर्मा, छठी असम राइफल्स के मेजर अमर सिंह क्वात्रा और छठी असम राइफल्स, भूतपूर्व टी के जे कैंप के दो अन्य असम राइफल्स कर्मियों को साथ लेकर तीन सिविल जीपों में सवार होकर अमरेन्द्र नगर से पैलाभंगा की ओर चल दिए। लगभग 0815 बजे, उपर्युक्त वाहन पैलाभंगा पहुँचे और उस समय नागरिक के भेष में अतिवादियों में से एक ने पहली जीप सं. टी आर 01-ए-3083 को रोकने का संकेत दिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए एस डी पी ओ बी एल जी, ओ/सी पी/एस और मेजर क्वात्रा अतिवादी को पकड़ने हेतु उस पर कूद पड़े। जब ऑपरेशन पार्टी अतिवादी के साथ हाथापाई में उलझी हुई थी, तभी सड़क के किनारे जंगल में छिपे हुए अतिवादी ग्रुप ने इनको लक्ष्य करके अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। ऑपरेशन पार्टी ने भी अपने निजी हथियारों से जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। उसी समय, उप निरीक्षक सरुत रंजन देबबर्मा जो दूसरी जीप में थे, अपनी जीप से तत्काल कूदे और अतिवादी ग्रुप को लक्ष्य करके अपने हथियार से उन पर गोलीबारी शुरु कर दी। वे अपनी जान की बाजी लगाकर अतिवादियों की भारी गोलीबारी की जद में आए अपने वरिष्ठ अधिकारियों की जान बचाने हेतु आगे आए। इसी बीच, अतिवादियों में से एक ने अपने स्वचालित हथियार से उप निरीक्षक सरुता रंजन देबबर्मा को लक्ष्य करके गोली चला दी जिसके कारण उप निरीक्षक सरुता रंजन देबबर्मा गोली लगने से जख्मी हो गए और तत्पश्चात उन्होंने दम तोड़ दिया। आपसी गोलीबारी लगभग 20 मिनट तक चलती रही। इसके पश्चात, अतिवादियों ने घने जंगल की आड़ लेते हुए पीछे हटना शुरु कर दिया। मुठभेड़ के पश्चात ऑपरेशन पार्टी ने स्थल की पूर्ण रुप से तलाशी ली और गोलियों से घायल अज्ञात अतिवादी का 1(एक) शव बरामद किया। उस जगह से 1(एक) ए के-56 राइफल, 3 (तीन) मैगाजीन, 72 (बहत्तर) राउंद, ए के-राइफल के 8(आठ) खाली केस और .38 " पिस्तौल के इस्तेमाल किए गए गोलाबारुद के 5(पांच) खाली केस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत)श्री सरुता रंजन देबबर्मा, उप निरीक्षक (यू बी) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 अगस्त, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 174 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पिनाकी सामंता ,
सहायक कमांडेट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

31.07.04 को 9 बजे के लगभग श्री सामंता को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि 15/16 अतिवादियों (जिनका ए टी टी एफ के होने का संदेह था) का एक ग्रुप, कल्याणपुर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत वांडरलोंग गांव में और इसके आस -पास घूम रहा है। इन्होंने तत्काल कार्रवाई की और अपने कैम्प तुलसीखर से दक्षिणी-पश्चिम में लगभग 18 किमी वांडरलोग गांव की ओर रवाना हो गए।सड़क की स्थिति बहुत खराब थी और वहां पर अधिकतर घात, सुरगें और आई ई डी लगी होती थी । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी चिन्ता किए बगैर ये उपलब्ध केवल एक गैर बुलेट-प्रुफ जिप्सी के साथ वांडरलोंग गांव के लिए निकल पड़े। इन्होंने टेलिफोन पर अपने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी तथा तलाशी और घात लगाने लिए अपने साथ मात्र छः टी एस आर कार्मिकों को लेकर इन्होंने अभियान शुरु कर दिया। इसी बीच कमांडेंट ने समीप के गांव दुललिया और अकराबारी (दोनों वांडरलोंग गांव से लगभग 4 किमी दूर है) में नाका स्थापित करके इनकी पार्टी को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए एस डी पी ओ (खोवई) को सूचित करने के अलावा रामचन्द्र घाट और अम्पूरा स्थित पास के टी एस आर कैम्पों को आदेश दिए। आस पास के क्षेत्र की गहन तलाशी के बाद, श्री सामंता ने वांडरलोंग गांव में घात लगाने का निर्णय लिया। घात पार्टी का स्काउट-1 होने के नाते जब श्री सामंता , अतिवादी ग्रुप की घात में प्रवेश करने की प्रतिक्षा कर रहे थे तो इन्होंने वांडरलोंग के एक छोर की तरफ एक व्यक्ति को आते देखा जो एक अपरिचित लड़की के साथ बातचीत करने लगा। श्री सामंता उनसे पूछताछ करने के लिए अपने प्रारम्भिक मोर्चे से रेंगते हुए और गोलीबारी की उपलब्ध प्राकृतिक कवर का फायदा उठाते हुए आगे बढ़े। जैसे ही वे उनके पास पहुचे और उन्हें ललकारा, अचानक पास के जंगलों में छिपे उग्रवादियों ने ए के - 47, एस एल आर आदि जैसे अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी।

भाग्यवश, श्री सामंता को गोली नहीं लगी और इन्होंने तत्काल जवाब में गोली चलाई और अपने कार्मिकों को उग्रवादियों की गोलीबारी से बचाने तथा उन पर प्रभावपूर्ण गोलीबारी करने हेतु अपने कार्मिकों को सुविधापूर्ण स्थिति उपलब्ध कराने के लिए निडरता से लगातार जवाबी गोलीबारी की जिसके परिणामास्वरुप उग्रवादियों को गांव के उस कोने में पनाह लेने के लिए विवश होना पड़ा जहां अभियान पार्टी के अन्य सदस्यों ने, जो पहले से ही वहां मोर्चा संभाले हुए थे, इन पर गोली चलाई। श्री सामंता ने 10 राउंद गोलियां चलाई जो पूरी तरह नियंत्रित और कारगर थी। गोलीबारी समाप्त होने के पश्चात अभियान पार्टी ने आसपास के जंगल क्षेत्र की तलाशी ली और 7-62 एम एम एस एल आर की एक मैगजीन, जिसमें 4 जीवित राउंद थे, और उग्रवादियों द्वारा चलाए गए कारतूसों के कुछ खाली केस और 5565 रुपए केवल बरामद किए। अज्ञात विद्रोही का एक शव, जिसकी पहचान बाद में अशोक देव बर्मा उर्फ सरुआ, उर्फ गुमसा, उर्फ ए टी टी एफ के स्वयंभू सार्जेंट पीटर देव बर्मा सिधई पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत दैगोबारी के रमेश देव वर्मा के पुत्र के रुप में की गई । वह ए टी टी एफ का खुंखार क्षेत्रीय कमांडर था तथा आई ई डी विशेषज्ञ था । सड़क के किनारे घास -पत्तियों पर खून के धब्बे भी देखें गए जिनसे पता चलता है कि कुछ अन्य उग्रवादी भी घायल हुए थे लेकिन वे भागने में सफल हो गए। श्री सामंता की उत्कृष्ट वीरता और त्वरित कार्रवाई के कारण ही उग्रवादियों को पार्टी पर हावी होने और लाभप्रद पोजीशन संभालने तथा किसी को हताहत करने से पहले ही अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा ।

इस मुठभेड़ में, श्री पिनाकी सामंता, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 175 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री,

1. अखिल कुमार,
   पुलिस अधीक्षक
2. गंगा नारायण मिश्रा
   पुलिस उपाधीक्षक
3. विनोद कुमार श्रीवास्तव,
   निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.05.2003 को तड़के , श्री अखिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस पार्टी का संतू लोध के सशस्त्रों से पूरी तर सज्जित गिरोह के साथ भीषण मुकाबला हुआ, जिसके परिणामस्वरुप आतंक के पर्याय संतू लोध और उसके एक साथी का खत्मा हो गया।मुठभेड़ के दौरान श्री अखिल कुमार, एस पी बांदा सौभाग्य से बच गए क्योंकि दो गोलियां उनके सीने में लगी । ये अवश्यंभावी मौत से बच गए क्योंकि इन्होंने बुलैट-प्रुफ जैकेट पहनी हुई थी। गोली लगने से भी वह घबराए नहीं। वह अदम्य साहस और वीरता के साथ अपने कर्मियों का मार्गदर्शन करते रहे और उन्हें प्रोत्साहित करते रहे। इसी बीच, पुलिस उपाधीक्षक श्री गंगा नारायण मिश्रा और निरीक्षक श्री वी के श्रीवास्तव, तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद एक आदमी से दूसरे के पास जा - जाकर उन्हें प्रेरित करते रहे। इस कार्रवाई में, इन्होंने अपने जीवन को भारी जोखिम में डाल दिया क्योंकि गोलियां लगातार इनके सिर के ऊपर से चल रही थी। अंधेरी रात में हुई इस मुठभेड़ में दुर्दान्त अपराधी संतू लोध और उसका नजदीकी सहयोगी लक्खु मारे गए। यह परिपूर्ण पुलिस योजना , रणनीति और समन्वय का एक उदारण था जिसमें पुलिस पार्टी द्वारा उस समय अत्यधिक संयम दिखाया जब उन पर भारी खतरा मंडरा रहा था।

इस मुठभेड़ में, श्री सर्व/ श्री अखिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, गंगा नारायण मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक और विनोद कुमार श्रीवास्तव, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 176 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अनंत देव,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. अनिल कुमार सिंह,
   प्लाटून कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक दुर्दान्त अपराधी अशोक कुमार उर्फ शूटर पर पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी ने 10,000 रुपये का नकद इनाम रखा हुआ था। वह अनुबंधित हत्याओं और फिरौती के लिए कुख्यात था, फिर भी उसके कुकृत्यों ने लोगों में इतना भय और आतंक पैदा कर दिया था कि लाखों रुपये लुटाने के बाद भी किसी ने पुलिस के पास अधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत नहीं की। अशोक सिंह उर्फ शूटर और उसके साथी जगदम्बा सिंह, जिन पर लूटमार और हत्या इत्यादि के 17 मामले थे और अपर पुलिस अधीक्षक अनंत देव, प्लाटून कमांडर (पीसी) अनिल कुमार सिंह एवं कुछ अन्य के नेतृत्व वाली एस टी एफ की टीम के बीच एक दुःसाहसी और खूनी मुठभेड़ हुई। 5.7.2001 को पूर्वाह्न 6 बजे के लगभग लखनऊ में गुदम्बा रोड गांव रसूलपुर के नजदीक पिकनिक स्थल जहां सैर करने के लिए मुख्यतः धनी और प्रभावशाली व्यक्ति ही जाते हैं, पर सुबह-सुबह सनसनीखेज अपराध करने के इरादे से दो गुण्डे इकट्ठा हुए थे। पुलिस पार्टी ने दोनों गुन्डों को पहचान लिया और अनंत देव ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा। अनंत देव के कहने पर समर्पण करने के बजाए, गुंडो ने पुलिस वालों को मारने के इरादे से काफी निकट से गोलीबारी शुरु की। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अनंत देव और प्लाटून कमांडर अनिल कुमार सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई की और गुंडों पर गोलीबारी करते हुए उनका पीछा किया। जब गुन्डों को समर्पण करवाने के सभी प्रयास विफल हो गए, तब पुलिस पार्टी ने रणनीतिक रुप से और प्रभावपूर्ण जवाबी में जवाबी गोलीबारी की। दोनों गुण्डे गम्भीर रुप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए अस्पताल ले जाया गया परन्तु ड्यूटी पर तैनात डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनसे एक .38 बोर और .32 बोर के दो रिवाल्वरों के साथ बड़ी मात्रा में गोलबारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अनंत देव, अपर पुलिस अधीक्षक, अनिल कमार सिंह, प्लाटून कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 जुलाई, 2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 177 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उत्तर पदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. दलजीत सिंह चौधरी,
   वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2. दिनेश कुमार यादव,
   उप निरीक्षक
3. राम कुमार यादव,
   कांस्टेबल
4. राजेन्द्र सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

05.03. 2005 को 14.15 बजे दलजीत सिंह चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस एस पी) इटावा, विश्वसनीय सूचना पर अपने धावा दल का नेतृत्व करते हुए जिला औरिया के पुलिस स्टेशन अजीत मल के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाली गौहानी और जाजपुर की घाटियों में पहुंचे, जहां राजन गुर्जर गैंग रुका हुआ था। एस एस पी की धावा पार्टी में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव , कांस्टेबल रामकुमार और राजेन्द्र सिंह शामिल थे। योजना के अनुसरण में, भागने के रास्तों को रोकने के लिए नाका पार्टियों को रणनीतिक रुप से तैनात किया गया। एस ओ जी टीम के सदस्यों द्वारा धावा पार्टी को कवर प्रदान किया गया। तथापि, गैंग ने पुलिस पार्टी को पहाड़ी पर चढ़ते हुए देख लिया तथा एस एस पी को मारने के लिए उन पर गोली चलाई। एस एस पी ने अत्यधिक साहस के साथ गैंग को चुनौती दी परन्तु उसके जबाव में उन्होंने गोलियों की बौछार की जो इनकी बुलैट प्रुफ जैकेट पर लगी तथा वे बाल-बाल बचे। धावा पार्टी ने आत्मसुरक्षा में सुविचारित हमला बोला परन्तु इसी बीच बदमाशों ने गोलीबारी की और एक अपहृत व्यक्ति को घायल कर दिया जो पुलिस की ओर दौड़ रहा था। उसको तत्काल बचा लिया गया । गैंग में 20-25सदस्य थे जो हथियारों से पूरी तरह लैस थे उन्होंने पुनःसंगठित होकर होकर दोबारा मोर्चा संभाल लिया तथा अंधाधुंध गोलीबारी की। साहसी एस एस पी के नेतृत्व के अन्तर्गत पुलिस पार्टी ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अनूठी वीरता और साहस के साथ निरन्तर कार्रवाई जारी रखी तथा पश्चिम में लगभग 500 गज की दूरी पर गैंग लीडर ने आमने-सामने की लड़ाई में एस एस पी को अपने आपको बचाने की चुनोती और इन्हें मारने की दृष्टि से इन पर गोलीबारी की। एस एस पी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर और अपने कर्त्तव्य के प्रति सम्पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ उत्कृष्ट पराक्रम और वीरता दिखाते हुए आत्मरक्षा में अपनी ए.के. 47 राइफल से गोलीबारी का जवाब दिया। गोलियां राजन को लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। लवली पाण्डेय ने कांस्टेबल राम कुमार यादव और कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह पर गोली चलाना शुरु कर दिया तथा इन्होंने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाई जिसके कारण वह गिर पड़ी। राजन के एक सहयोगी ने उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव को मारने के लिए गोली चलाई लेकिन इन्होंने भी स्वयं को बचाने के पश्चात आत्मरक्षा में गोलियां चलाई जिसके परिणामस्वरुप गैंग का सदस्य शांत हो गया। एस ओ जी की टीम ने भागते हुए डकैतों का पीछा किया तथा उनमें से एक को घायल कर दिया

जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। इस तरह दिन दहाड़े हुई आमने-सामने की मुठभेड़, जो कि लगभग 2 घंटे तक चली , के परिणामस्वरुप अन्तर्राज्यीय गैंग का मुखिया राजन गुर्जर और उसके तीन दुर्दान्त सदस्य मारे गए। बुलैट प्रुफ जैकटों के कारण एस एस पी और इनकी पार्टी घायल होने से बच गई। बाद में इन अपरीचित अपराधियों की पहचान मुन्ना सिंह भदूरिया पुत्र मछाल सिंह, निवासी गांव गरिहामालु सिंह पुलिस स्टेशन बधपुरा जिला इटावा तथा योगेन्द्र मल्ला उर्फ यादव पुत्र श्री राम, निवासी मन्दरियांव मल्ला अंडावा पुलिस स्टेशन बकवार,जिला इटावा के रुप में की गई। मुठभेड़ के बाद निम्नलिखित बरामदगियां की गईः-

(1) एक सेमी ऑटोमेटिक राइफल, यूएस निर्मित स्प्रिग फिल्ड, .306 केलीबर (फैक्ट्री निर्मित)
(2) दो बोल्ट एक्शन राइफल, .303 केलीबर, मार्क 3 (फैक्ट्री निर्मित)
(3) एक वोल्ट एक्शन राइफल, .315 केलीबर (फैक्ट्री निर्मित)
(4).306 केलीबर, 226 राउंद और दो खाली खोल
(5) .303 केलीबर, 100 जीवित राउंद, 14 नष्ट हुए राउंद और 05 खाली खोल
(6) .315 केलीबर, 235 जीवित राउंद 03 खाली खोल।
(7) 512243/- रुपये मात्र(पांच लाख बारह हजार दो सौ तैंतालीस रुपये मात्र)
(8) बहुत से स्वर्ण आभूषण, लैटर पेड और दैनिक प्रयोग की सामग्री।
(9) एक अपहृत व्यक्ति अंकूर, 12 वर्ष।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री दलजीत सिंह चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दिनेश कुमार यादव, उप-निरीक्षक, राम कुमार यादव, कांस्टेबल और राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5मार्च, 2005 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 178 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उत्तरांचल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

1.श्री महेश चन्द्र यादव,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री महेश चन्द्र, कांस्टेबल, पुलिस स्टेशन विकास नगर, जिला देहरादून, 6-7जून, 2003 के बीच की रात को डाकपत्थर रोड (विकासनगर) पर रंगरुट कांस्टेबल महेन्द्र कुमार के साथ पिकेट डयूटी पर था, जब श्रीमती कमला देवी ने उन्हें सूचित किया कि उसके घर में चोरी हुई । वह रंगरुट कांस्टेबल महेन्द्र कुमार के साथ मौके पर गए और इन्होंने भागते हुए संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया जो एक घर के अन्दर घुस गया। जब कांस्टेबल महेश चन्द्र घर की सीढ़ियां चढ़ रहे थे तो इन पर गोलियां चलाई गई और एक गोली इनके कंधे के अन्दर घुस गई जिससे ये बुरी तरह घायल हो गए तथापि इन्होंने जवाबी गोलीबारी की और अपराधी को बचने का मौका नहीं दिया। इसी बीच, पुलिस कुमुक आ गई और आगे हुई गोलीबारी में अपराधी मारा गया। मृत अपराधी की पहचान सुरेश (कल्लू) के रुप में हुई। मृतक से .38 बोर की एक पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस रिकार्ड के अनुसार मृत अपराधी पुलिस स्टेशन विकासनगर का हिस्ट्रीशीटर था। उसके विरुद्ध कुछ वर्षों पहले विकासनगर पुलिस स्टेशन द्वारा 10 अपराधिक मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए थे।

इस मुठभेड़ में, श्री महेश चन्द्र यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जून, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 179 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, उत्तरांचल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आर.बी.चमोला,
उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सतपाल और नेकपाल लूटपाट, हत्या ओर अपहरण सहित अनेक आपराधिक मामलों में वांछित थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने सतपाल पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। इन अपराधियों के बारे में सूचना मिलने पर, उप निरीक्षक श्री आर बी चमोला ने 5.6.2002 को 21.20 बजे गन्दीखाता जांच चौकी के पास वाहनों की जांच करनी शुरु की। उस समय एक मारुती कार पुलिस अवरोधक से टकराई और भाग रही थी। अचानक कार से पुलिस कार्मिकों पर गोलीबारी शुरु हुई और पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की और अपराधियों को समर्पण के लिए कहा। गोलीबारी के दौरान, दो अपराधी घायल हो गए जिनकी पहचान बाद में सतपाल और नेकपाल के रुप में हुई। तथापि 2 अन्य अपराधी बच निकले। उनसे 2 सी एम पी 12 बोर, 13 जिन्दे और 9 दागे हुए कारतूस और एक मारुती कार (डी ए कयू 7439) बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री आर बी चमोला, उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 जून, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 180 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पी एम जीनगर,
   सहायक कमांडेट
2. संजय उपाध्याय,
   निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव बरेनवार, जिला बड़गाम जम्मू और कश्मीर में एक आतंकवादी की उपस्थिति के संबंध में आसूचना जानकारी के आधार पर 29 फरवरी/1मार्च, 2004 के बीच की रात को बी एस एफ की 76वीं बटालियन की टुकड़ी द्वारा अभियान की योजना बनाई ओर अभियान शुरु किया। एक छोटी टीम जिसमें श्री पी एम जीनगर सहायक कमांडेंट और निरीक्षक (जी) संजय उपाध्याय शामिल थे, आधी रात को लक्षित गांव में घुसे, उस घर के पीछे गए और उग्रवादी की उपस्थिति की पुष्टि की। पार्टी, ऑपरेशन बेस में वापिस आयी और योजना की रुपरेखा बनाई। योजना के अनुसार, श्री जीनगर, ए सी की कमान में जवानों ने लगभग 02:30 बजे लक्षित घर की घेराबंदी कर ली और तलाशी अभियान शुरु किया। जब तलाशी अभियान मोहम्मद शबीर नजर के घर में चल रहा था, तो घर में छुपा हुआ उग्रवादी अपनी कवर से बाहर आया और तलाशी पार्टी पर गोलीबारी करते हुए बचने का हताशापूर्ण प्रयास किया । उग्रवादी की चाल को समझते हुए , श्री जीनगर, ए सी और श्री उपाध्याय, निरीक्षक ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए स्वयं उसके सामने आकर उग्रवादी को रोका। उग्रवादी ने पोजीशन ले ली और श्री जीनगर और श्री उपाध्याय पर गोलीबारी केन्द्रित की। तथापि, दोनों श्री जीनगर और उपाध्याय अपनी सुरक्षा और गोलीबारी की तनिक भी परवाह न करते हुए उसके मोर्चे के नजदीक पहुंच गए और नजदीकी लड़ाई में उसे मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, चीन निर्मित एक पिस्तौल, एक वायरलैस सेट और गोलाबारुद सहित मृत उग्रवादी का शव बरामद हुआ। मृत आतंकवादी की पहचान अब्दूल रशीद खांडे (रेना) उर्प सुजाद कोड नाम फैजल पुत्र वली मोहम्मद रैना (खांडे) निवासी हसीपुरा, जिला बडगाम (जम्मू और कश्मीर) हिजबुल मुजाहिद्दीन (एच एम) गुट के दुर्दान्त बटालियन कमांडर के रुप में हुई।

इस मुठभेड़ में,सर्व/श्री पी एम जीनगर,सहायक कमांडेंट और संजय उपाध्याय, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 181 प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जी.सुशीलन (मरणोपरात)
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

आम चुनाव , 2004 के अवसर पर आर-III सीमा सुरक्षा बल तदर्थ बटालियन गठित की गई थी । इस बटालियन को छत्तीसगढ में दांतेवाड़ा जिले के अत्याधिक नक्सली गतिविधि बहुल क्षेत्रों में ड्यूटी पर तैनात किया गया था। 19 अप्रैल, 2004 को स्थानीय पुलिस के तीन कार्मिकों के साथ एक अधिकारी और छत्तीस अन्य रैंकों की एक पार्टी को दुर्घटना मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने हेतु गश्त लगाने और क्षेत्र प्रभुत्व स्थापित करने के लिए पुष्पक भेजा गया था। हैड कांस्टेबल जी. सुशीलन, स्काउट के रुप में सीमा सुरक्षा बल की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। जब गश्त लगाने वाला दल गुंडम गांव के निकट पहुंचा तो निकटवर्ती वन में छिपे नक्सलियों ने उक्त पार्टी पर आई ई डी विस्फोट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी कर दी जिसके परिणामस्वरुप हैड कांस्टेबल जी. सुशीलन, किरचे लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। लेकिन हैड कांस्टेबल जी. सुशीलन ने गंभीर रुप से घायल होने पर भी अद्वितीय साहस का परिचय दिया और सटीक जवाबी गोलीबारी की। उक्त हैड कांस्टेबल द्वारा प्रदर्शित साहसिक कृत्य से प्रेरित हो कर दूसरे कार्मिकों ने नक्सलियों को उलझाये रखा जिसके कारण उन्हें दुर्घटना स्थल से भागने पर मजबूर होना पड़ा । लेकिन घायलावस्था में ही हैड कांस्टेबल जी. सुशीलन की मृत्यु हो गयी। हैड कांस्टेबल जी. सुशीलन ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना और गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद जिस उच्चकोटि के साहस, धैर्य और दृढ निश्चय का परिचय दिया उसके परिणामस्वरुप अपने लोगों और सामान को भारी हानि/क्षति होनी से बच गई।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री जी. सुशीलन , हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 182 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. आई.एस.राणा,
   कमांडेंट
2. जी.एच.खान,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

बटनूर (बिस्मल) जिला पुलवामा, जम्मू और कश्मीर के सामान्य क्षेत्र के वनों में विदेशी उग्रवादियों की मौजूदगी के संबध में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्री आई एस राणा, कमांडेंट, 120 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल(बी एस एफ) ने योजना बनाई और 7 जून , 2004 को क्षेत्र में एक अभियान शुरु किया। योजना के अनुसार श्री आई एस राणा, कमान्डेंट के नेतृत्व में एक छोटी पार्टी लक्ष्यगत क्षेत्र की ओर बढ़ी। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में पैदल चलने के बाद बिना किसी को पता चले यह पार्टी लक्ष्य क्षेत्र में पहुंची। जब यह पार्टी और आगे घने वन की ओर बढ़ रही थी तभी पत्तों के झुरमुटों में छिपे उग्रवादियों ने बी एस एफ की टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी और इसके बाद ग्रेनेड फेंके । ग्रेनेडों में से एक ग्रेनेड श्री आई एस राणा, कमांडेंट और उनके साथी कांस्टेबल जी एच खान के निकट गिरा और फटा । लेकिन वे बाल-बाल बच गए। उग्रवादियों की गोलीबारी से घबराये बिना श्री राणा और उनकी पार्टी ने मोर्चा लिया और जवाबी गोलीबारी की । इसी बीच श्री राणा, कमांडेंट और कांस्टेबल जी एच खान ने असाधारण साहस का परिचय दिया और रेंगते हुए चुपके -चुपके आगे बढ़े। अचानक एक उग्रवादी छिपने की अपनी जगह से बाहर कूदा और उसने श्री राणा, कमांडेंट और कांस्टेबल खान पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। लेकिन दोनों ने अपने होशो-हवास पर काबू रखते हुए फुर्ती से अपना मोर्चा संभाला, जवाबी गोलीबारी की और एक उग्रवादी को घायल करने में सफल हो गए। तथापि, घायल उग्रवादी एक पत्थर के पीछे मोर्चा संभालने में सफल हो गया और उसने दोनों पर गोलीबारी करनी जारी रखी। यद्यपि, पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की थी लेकिन क्योंकि उग्रवादी खाई में सुरक्षित थे इसलिए यह प्रभावी नहीं हो सकी।उग्रवादी का सफाया करने के उद्देश्य से श्री राणा, कमांडेंट और कांस्टेबल जी. एच. खान अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना और गोलीबारी से विचलित हुए बिना रेंगते हुए उग्रवादी के मोर्चे के निकट पहुंचे और निकट की नजदीकी लड़ाई में एक उग्रवादी को मौके पर ही गोली से मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के शृंखला की एक राइफल ,दो हथ गोलों और गोली बारुद के साथ मृत उग्रवादी का शव बरामद हुआ । मारे गए उग्रवादी की पहचान जैश-ए-मोहम्मद गुट के अब्दुल हकीम सिदीक, निवासी रावलकोट, पाकिस्तान के रुप में हुई ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री आई. एस. राणा, कमांडेंट और जी एच खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 1183 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल , के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. वेद प्रकाश,
   कांस्टेबल
2. कुलदीप सिंह,
   हैड कांस्टेबल
3. वी. के. लांगू
   सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

17 अक्तूबर, 2003 को लगभग 1015 बजे गश्त लगाने वाले एक दल ई एक्स-43 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने मुख्य मंत्री, जम्मू और कश्मीर के निवास स्थान, एम ए रोड, श्रीनगर के निकट दो उग्रवादियों को रोका। गश्ती लगाने वाले दल ने नियंत्रित गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों का पीछा किया ताकि सिविलियनों को हताहत होने से बचाया जा सके जब कि उग्रवादियों ने भारी और अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर ग्रेनेड फेंके जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल श्री गोपाल और हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह गोली लगने से जख्मी हो गए और घायलावस्था में ही उनकी मृत्यु हो गई। गश्ती लगाने वाले दल ने उग्रवादियों को मुख्य मंत्री के निवास स्थान में घुसने से रोकने के लिए जवाबी गोलीबारी की। उग्रवादी किसी तरह डा. अली जान परिसर ,एम ए रोड पर एक प्रमुख शॉपिंग आर्केड में मोर्चा लेने में सफल हो गए। इस घटना की सूचना मिलने पर श्री प्रमोद कुमार, स्थानापन्न कमांडेंट 43 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने तत्काल उस स्थल की ओर कूच किया। स्थिति का जायजा लेने के बाद इन्होंने उग्रवादियों की भारी गोलीबारी और फेंके जा रहे ग्रेनेडों के बीच सीमा सुरक्षा बल के मृत कार्मिक को वहां से हटाया। इस कार्रवाई के दौरान, किरचे लगने से वे घायल हो गए लेकिन फिर भी ये उस स्थान से नहीं हटे। इसी बीच, श्री वी.आर. बहल, ए डी आई जी, सी आई ओ पी एस-II भी कुमुक के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद बिल्डिंग से बाहर निकलने के सभी रास्तों को कवर किया गया जिससे उग्रवादी वहां से बच कर न जा पाएं। इसी बीच , यह पता लगा लिया गया कि दूसरी और तीसरी मंजिल पर सिविलियन तो नहीं फंसे हैं। तदुनसार, श्री वी. आर. बहल, ए डीआई जी और कांस्टेबल वेद प्रकाश ने

अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना तीसरी मंजिल में प्रवेश किया। इस चाल को देख कर उग्रवादियों ने अपने सुरक्षित स्थान से श्री वी. आर. बहल और कांस्टेबल वेद प्रकाश पर गोलियां चलाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। कुछ समय बाद कांस्टेबल वेद प्रकाश , उग्रवादियों की सही स्थिति का पता लगाने में सफल हो गए। प्रभावी गोलीबारी कर उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से वे सामने आए और उग्रवादियों पर गोलीबारी कर दी जिससे उग्रवादियों में से एक गंभीर रुप से घायल हो गया। तथापि , उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक गोली कांस्टेबल वेद प्रकाश की दाईं जांघ में लगी जिससे वे गिर पड़े लेकिन इन्होंने फिर भी उग्रवादियों को उलझाये रखा। कांस्टेबल वेद प्रकाश की गंभीर स्थिति को भांपते हुए श्री वी. आर. बहल ने अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए उग्रवादियों द्वारा फेंके जा रहे ग्रेनेडों के बीच घायल कांस्टेबल को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। इस कार्रवाई में, श्री बहल भी किरचें लगने से घायल हो गए। घायल होने पर भी श्री बहल ने आगे बढ़ना जारी रखा, ग्रेनेड फेंके और उग्रवादियों को दूसरी मंजिल की ओर भागने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर का लाभ उठाते हुए वे फंसे हुए सिविलियनों और घायल कार्मिकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। अगले दिन यह निर्णय लिया गया कि बिल्डिंग पर धावा बोला जाए। इसके लिए एक धावा बोलने वाले दल का गठन किया गया। सं. 873322346 हैड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, धावा बोलने वाले दल के एक सदस्य थे। उग्रवादियों की भारी गोलीबारी और फेंके गए उनके ग्रेनेडों के बीच बिना किसी सुरक्षा कवच के इन्होंने अपने दल का नेतृत्व किया और निर्भीक हो कर आग बढ़े। आगे बढ़ते समय उग्रवादियों की एक गोली इन्हें लगी। इससे विचलित हुए बिना तथा अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बगैर इन्होंने उग्रवादियों पर भारी गोलीबारी कर दी और उनमें से एक को मार गिराया। जब दूसरे उग्रवादी ने देखा कि उसका सहयोगी मारा गया है तो वह पहली मंजिल की ओर भागा और वहां पर उसने शौचालय में मोर्चा संभाल लिया तथा वहां से पुलिस कार्मिकों पर ग्रेनेड फेंके। यह देखते हुए कि उग्रवादी को समाप्त करना कठिन है, श्री प्रमोद कुमार , 2 आई सी और श्री वी.के. लांगू, सहायक कमांडेंट ने अपनी जान की परवाह नहीं की और भारी गोलीबारी के बीच शौचालय की ओर बढ़े। अपने जीवन को भारी खतरे में डालते हुए जब श्री वी.के. लांगू , शौचालय के निकट पहुँचे तो इन्होंने रोशनदान से हथगोले फेंके। विस्फोट के परिणामस्वरुप उग्रवादी, शौचालय से बाहर निकल आया और श्री लांगू तथा श्री प्रमोद कुमार पर गोलीबारी कर दी। उग्रवादी की एक गोली श्री लांगू को लगी। गोलीबारी और घायल होने से विचलित हुए बगैर दोनों अधिकारियों ने उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और उग्रवादी की ओर बढ़े तथा उसे मार गिराया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के श्रृंखला की दो राइफलों, आठ ग्रेनेडों और गोली बारुद के साथ मारे गए उग्रवादियों के शव बरामद हुए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान अरशद-उदल, निवासी-चक - 68 खनबल और मोहम्मद नसीर खान निवासी मलखान बीर के रुप में की गई। दोनों ही पाकिस्तानी राष्ट्रिक थे।

इस मुठभेड़ में सर्व /श्री वेद प्रकाश, कांस्टेबल, कुलदीप सिंह, हैड कांस्टेबल और वी.के. लांगू , सहायक कामंडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 184 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	(दिवंगत) विक्रम जीत सिंह, एस जी कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक
2.	संदीप वजीर, उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	जोगिन्दर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

17.10.2003 को लगभग 1000 बजे दो विदेशी आतंकवादी, एम.ए. रोड, श्रीनगर पर अली जान शॉपिंग कॉप्लेक्स के नजदीक प्रकट हुए और दो बी एस एफ कर्मियों पर गोलीबारी करके उन्हें वहीं पर मार गिराया। आतंकवादियों ने, आगे, शॉपिंग कॉप्लेक्स के अंदर भागते समय, उस क्षेत्र में आतंक पैदा करने के लिए सड़क की तरफ ग्रेनेड फेंके। कॉप्लेक्स में प्रवेश करने के पश्चात, आतंकवादियों ने स्वयं को सुरक्षित जगह में छिपा लिया। सूचना के प्राप्त होने पर, एस एस पी श्रीनगर के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी जिसकी सहायता बी एस एफ की एक टुकड़ी कर रही थी, श्री एम.ए. शाह, डी आई जी, सी के आर, श्रीनगर की कमान के अंतर्गत स्थिति से निपटने के लिए तेजी से उस स्थल की ओर रवाना हुई। कुछ समय के पश्चात, पुलिस महानिदेशक श्री गोपाल शर्मा, भी उस स्थान पर पहुँच गए और ऑपरेशन की कमान संभाल ली। उस घटना के समय कंप्यूटर का प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों सहित कुछ निर्दोष सिविलियन भी उस इमारत के अंदर फंस गए थे। उन्हें बचाने और जान एवं माल की सुरक्षा करने के उद्देश्य से, आतंकवादियों को बार-बार समर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से आतंकवादियों को थकाने के लिए, इस ऑपरेशन को 24 घंटों के लिए आगे बढ़ा दिया गया। पुलिस महानिदेशक जम्मू और कश्मीर के गहन पर्यवेक्षण की अधीन निष्पादित एक सुनियोजित योजना के तहत, इमारत के अंदर और इसके साथ लगी इमारतों में भी फंसे निर्दोष सिविलियनों को रात ढलने से पहले बिना किसी नुकसान के बचा लिया गया। सुबह होने पर उपर्युक्त पार्टी ने, इससे होने वाली किसी भी क्षति को टालने के लिए उचित सावधानियां बरतते हुए आतंकवादियों के विरुद्ध आगे कार्रवाई शुरु की। उन्हें पुनः समर्पण करने के लिए कहने पर, आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरु कर दी जिसका छापामार पार्टी ने कारगरता से जवाब दिया। छापामार पार्टी ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और अपनी जान की परवाह किए बगैर गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों के नजदीक पहुंचने के लिए आगे बढ़े। इस परस्पर गोलीबारी में दो आतंकवादी, किसी भी सिविलियन को जान और माल की क्षति पहुंचाए बिना, उसी जगह पर मार गिराए गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में, एल ई टी आतंकवादी गुट से जुड़े अबू जुनैद एवं अबु हबीबुल्लाह के रुप में की गई। इस ऑपरेशन में, श्री संदीप वजीर, उप पुलिस अधीक्षक गंभीर रुप से जख्मी हो गए जबकि एस जी कांस्टेबल विक्रम जीत सिंह ने अपने जीवन का बलिदान दिया। मारे गए उग्रवादियों से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं :-

1.	ए के 47 राइफल	-	1 नग (क्षतिग्रस्त)
2.	ए के 56 राइफल	-	1 नग (क्षतिग्रस्त)
3.	ए के मैगजीन	-	2 नग (बगैर स्प्रिंग के)
4.	मैगजीन का टूटा भाग	-	1 नग

5.	ए के 47 के राऊंद	-	11 नग
6.	अप्रयोज्य राउंद	-	4 नग
7.	अप्रयोज्य पाऊच	-	1 नग

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री (दिवंगत) विक्रम जीत सिंह, एस जी, कांस्टेबल, संदीप वजीर, उप पुलिस अधीक्षक और जोगिन्दर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 185 प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. श्री मुश्ताक अहमद मीर, हैड कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2. श्री राम प्रीत, कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3. वी. एस. तिवारी, सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
4. सुरेन्द्र कुमार निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5. प्रदीप कुमार कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर, कार्रवाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने 1आर आर की टुकड़ियों के साथ योजना बनाई और 16 सितम्बर, 2003 को ग्राम-नार्विन, जिला पुलवामा,जम्मू और कश्मीर की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। लक्ष्य क्षेत्र में पहुँचने पर, टुकड़ियों को तीन भागों में बांटा गया। ग्रामीणों को सभा क्षेत्र में एकत्र करने के बाद मकानों की तलाशी ली गई। जब तलाशी ली जा रही थी तो गोशाला में छिपे उग्रवादियों ने अचानक ग्रेनेड फेंके तथा भारी गोलीबारी कर दी। पार्टी ने मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी की और उग्रवादियों को अपने मोर्चे से बाहर आने पर मजबूर कर दिया। इसी बीच दो उग्रवादियों ने बच कर भाग निकलने की कोशिश में ग्रेनेड फेंक कर घेराबंदी तोड़ने की भरसक कोशिश की । इस पर श्री वी एस तिवारी , सहायक कामंडेंट, कांस्टेबल राम प्रीत और कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने समुचित कार्रवाई की और गोलीबारी कर उग्रवादियों को उलझाए रखा। दोनों ओर से की गई गोलीबारी और ग्रेनेड फेंकने से श्री वी.एस. तिवारी के बाएँ बाजू और दायीं कलाई में किरचें लगने से कई घाव हो गए

लेकिन श्री तिवारी ने उग्रवादियों को उलझाए रखा और उन्हें बचकर निकलने नहीं दिया। इस पर उग्रवादियों ने आड़ के पीछे मोर्चा संभाला और गोलीबारी तेज कर दी। कांस्टेबल राम प्रीत ने यह अनुमान लगा लिया कि उग्रवादी उनकी पार्टी को और अधिक हानि पहुंचा सकते हैं इसलिए अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना ये अपनी आड से निकल कर बाहर आए और उग्रवादियों में से एक उग्रवादी के निकट आकर, उसे मौके पर ही मार गिराया। इसी बीच दूसरे उग्रवादी ने बहुत देर तक गोलीबारी करके कांस्टेबल राम प्रीत को गंभीर रुप से घायल कर दिया। यद्यपि , कांस्टेबल राम प्रीत को अस्पताल ले जाया गया लेकिन घायलावस्था में उनकी मृत्यु हो गई। कांस्टेबल राम प्रीत को घायल करने के बाद दूसरे उग्रवादी ने बच कर भागने की कोशिश की लेकिन श्री वी. एस. तिवारी , सहायक कमांडेंट ने अपने जख्मों की परवाह न करते हुए कांस्टेबल प्रदीप कुमार के साथ उग्रवादी का पीछा किया। भाग रहे उग्रवादी ने एक मकान में शरण ली और भारी गोलीबारी कर दी जिसके परिणामस्वरुप श्री तिवारी और कांस्टेबल प्रदीप कुमार गोलियां लगने से घायल हो गए। गोलियों से गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद श्री तिवारी और कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया और उग्रवादी के मोर्चे की घेराबंदी की और उसे मौके पर ही मार गिराया। अभियान क्षेत्र के दूसरे छोर पर सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों और तीसरे उग्रवादी के बीच भयंकर गोलीबारी चल रही थी। जब उग्रवादी ने देखा कि उसका सहयोगी मारा गया है तो वह घबरा गया और बच कर भाग निकलने की कोशिश में भारी गोलीबारी करते हुए अपने मोर्चे से बाहर निकल आया। इस पर निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार और हैड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद मीर ने तत्काल कार्रवाई की और उग्रवादी को रोका। उसने तुरंत पोजीशन ले ली और निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार पर ग्रेनेड फेंका और भारी गोलीबारी की। इससे निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के दोनों पैरों पर किरचें लगने और दाईं जांघ में गोली लगने से कई जख्म हो गए। इन जख्मों के बावजूद निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने हैड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद मीर के साथ उग्रवादी को उलझाए रखा। जब हैड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद मीर ने देखा कि निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए हैं तो अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना ये अपने मोर्चे से बाहर आए और उक्त उग्रवादी को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से उसके मोर्चे की ओर बढे। लेकिन इस कार्रवाई के दौरान उग्रवादी द्वारा किए गए भारी विस्फोट और गोलीबारी से वे गंभीर रुप से घायल हो गए। यद्यपि हैड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद मीर के शरीर से अत्यधिक रक्त बह रहा था फिर भी यह महसूस करते हुए कि उक्त उग्रवादी बचकर निकल भागने की कोशिश कर सकता है, इन्होंने अपने जीवन को जोखिम में डाला और इससे पहले कि इनकी हिम्मत जबाव दे दे इन्होंने एक नजदीकी लड़ाई में उस उग्रवादी को मार गिराया। हैड कांस्टेबल मुश्ताक अहमद मीर को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां घावों के कारण इनकी मृत्यु हो गई। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के शृंखला की तीन राइफलों , एक पिस्तौल, छः हथगोलों ,एक रेडियो सेट और एक ग्लोबल सेटेलाइट फोन के साथ उग्रवादियों के तीन शव बरामद हुए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान निम्नानुसार की गई:

(क) अबू उमई उर्फ उमर, निवासी पाकिस्तान । यह बडगांव , पुलवामा, सोफियां, कुलगांव और अनंतनाग में लश्कर-ए-तैयबा गुट का आपरेशनल कमांडर था।

(ख) अबू वालिद उर्फ वालिद निवासी पाकिस्तान। यह लश्कर-ए-तैयबा गुट का डिस्ट्रिक्ट कमांडर था।

(ग) मोहम्मद अमीन वानी पुत्र अब्दुल अजीज वानी निवासी- सोफियां , जम्मू और कश्मीर।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (दिवंगत) मुश्ताक अहमद मीर, हैड कांस्टेबल, (दिवंगत) राम प्रीत, कांस्टेबल, वी.एस. तिवारी, सहायक कमांडेंट, सुरेन्द्र कुमार, निरीक्षक और प्रदीप कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के

लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 सितम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 186 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सी.डी.सोमन्ना,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

मलास, जिला ऊधमपुर (जम्मू और कश्मीर) के सामान्य क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में आसूचना रिपार्ट पर कार्रवाई करते हुए, 102 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) ने 8 मई, 2004 को उक्त क्षेत्र का तलाशी अभियान शुरु किया । लगभग 1730 बजे जब बी एस एफ की कांबेट टीम मलास नाले की ओर बढ़ रही थी उसी समय उग्रवादियों ने इन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। टुकड़ियों ने जवाबी गोलीबारी की और मुठभेड़ शुरु हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक गोली, कांस्टेबल सी. डी. सोमन्ना की बाईं बांह को भेदती हुई निकल गई। इसके कारण बह रहे अत्यधिक रक्त से विचलित हुए बिना कांस्टेबल सोमन्ना ने उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और चतुराई से उग्रवादी के मोर्चे के नजदीक पहुंच गए और अचूक निशाना लगा कर उग्रवादियों में से एक को मौके पर ही ढेर कर दिया। दूसरे उग्रवादी ने गोलीबारी जारी रखी लेकिन मुठभेड़ में मारा गया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के शृंखला की दो राइफलों, तीन हथगोलों, एक रेडियो सेट और गोली-बारुद के साथ दो उग्रवादियों के शव बरामद हुए । मारे गए उग्रवादियों की पहचान तारिक हुसैन, कूट नाम मुस्तकिन और मुल्ला उमर कूट नाम उमर, के रुप में की गई । ये दोनों पाकिस्तानी राष्ट्रिक थे।

इस मुठभेड़ में श्री सी डी सोमन्ना, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 187 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस. प्रताप सिंघा (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल
2. मकबूल पेयर (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

खान मोहल्ला, गांव नरवाह, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के एक अब्दुल अहमद खान के घर में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, 71वीं बटालियन की टुकड़ियों ने 17 जनवरी, 2004 को एक ऑपरेशन की योजना बनाई और उसे शुरु किया। योजना के अनुसार, एक पार्टी जिसमें एक अधिकारी, दो अधीनस्थ अधिकारी और सैंतालिस अन्य रैंक थे, उस गांव की ओर तेजी से रवाना हुए। अपने लक्ष्य क्षेत्र पर पहुँचने पर, टुकड़ियों को दो ग्रुपों में बाँट दिया गया और दो दिशाओं से गांव की घेराबंदी कर दी गई। टुकड़ियों की मौजूदगी महसूस करने पर, घर के अंदर छिपे उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी शुरु कर दी। तत्काल, पार्टी कमांडर श्री बी बी सिधरा, डी सी ने स्थिति का जायजा लिया और कांस्टेबल मकबूल पेयर तथा अपनी पोजीशन बदल ली और उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से और चुपके से लक्षित घर की ओर बढ़े। खतरा महसूस होने पर, दो उग्रवादी उस घर से बाहर कूद पड़े और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास किया तथा कांस्टेबल एस. प्रताप सिंघा, जिन्हें लक्षित घर के निकट अंदरुनी घेराबंदी पर तैनात किया गया था, को जख्मी कर दिया। अपने जख्मों से भयभीत हुए बिना और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए, कांस्टेबल प्रताप सिंघा ने अत्यधिक साहस का परिचय देते हुए, भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया और दम तोड़ने से पहले उनमें से एक उग्रवादी को घायल कर दिया। ऑपरेशन के दूसरे चरण में, तीसरा उग्रवादी, जिसने स्वयं आड़ के पीछे पोजीशन ले ली थी, टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। जबाबी गोलीबारी की गई लेकिन वह कारगर नहीं थी। उस उग्रवादी को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से, कांस्टेबल मकबूल पेयर, अपनी सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए, उग्रवादी की पोजीशन की ओर खतरनाक ढंग से रेंगते हुए आगे बढ़े और उसके साथ हुई हाथापाई में उसे गोली मार कर ढेर कर दिया। तथापि, इस कार्रवाई में, वे कई जगह गोलियां लगने से जख्मी हो गए और बाद में उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर, उस मारे गए उग्रवादी के शव के साथ-साथ एक ए के श्रृंखला की राइफल, चार ए के मैगजीन, एक हैंड ग्रेनेड और गोलाबारुद बरामद किया गया। मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में, एच एम गुट के मोहम्मद युसुफ डार पुत्र गुलाम मोहम्मद डार निवासी चुखर्द, पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री एस. प्रताप सिंघा, कांस्टेबल और (दिवंगत) श्री मकबूल पेयर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17 जनवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 188 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री उदय वीर सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर 120 बटालियन सीमा सुरक्षा बल और 42 आर आर की टुकड़ियों द्वारा 5 अगस्त, 2003 को ग्राम- लुरागाम, त्राल, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) में एक संयुक्त अभियान चलाया गया था। लक्ष्यगत मकान के चारों ओर घेराबंदी करने के बाद आपरेशनल पार्टी ने उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन ऐसा करने की बजाए उन्होंने घेरा तोड़ने के लिए कोर्डन पार्टी पर भारी गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। तथापि,सतर्क टुकड़ियों ने जवाबी गोलीबारी की और उग्रवादियों को कवर लेने पर मजबूर कर दिया। उग्रवादियों को मकान से बाहर निकालने के उद्देश्य से पार्टी ने मकान के अंदर ग्रेनेड फेंके जिसके परिणामस्वरुप उग्रवादियों में से एक उग्रवादी मकान से बाहर निकल आया और उसने कोर्डन पर अंधाधुंध गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके लेकिन टुकड़ियों ने उसे मार गिराया। छिपे हुए उग्रवादी ने जब देखा कि उसका साथी मारा गया है तो उसने गोलीबारी तेज कर दी। दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी में मकान में आग लग गई और मकान आग की लपटों में समा गया। उग्रवादी , गर्मी और धुआं तथा टुकड़ियों की सीधी गोलीबारी नहीं सह सका इसलिए उसने कोर्डन पर ग्रेनेड फेंक कर बच निकलने का अंतिम प्रयास किया। इस नाजुक मौके पर कांस्टेबल उदयवीर सिंह, जो लक्ष्यगत मकान के निकट क्षेत्र में तैनात थे, ने बहुत फुर्ती से कार्रवाई की। इन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की और अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए ये उग्रवादी के मोर्चे की ओर बढ़े तथा उसे मौके पर ही मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक ए के राइफल ,एक हथगोला, एक यू बी जी एल ग्रेनेड,एक रेडियो सेट और गोली-बारुद के साथ दो उग्रवादियों के शव बरामद हुए। मारे गए उग्रवादी की पहचान अयाज शाहीन उर्फ शाहीन पुत्र मौलवी मुबारकशाह,निवासी पाकिस्तान और अयाज हजम उर्फ जरार पुत्र गुलाम अहमद हजम,निवासी सतुरा, त्राल (जम्मू और कश्मीर) के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में श्री उदयवीर सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 189 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संजय यादव
   द्वितीय कमान अधिकारी
   (सेकेंड-इन-कमांड) — वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक
2. मोहम्मद इशाक
   कांस्टेबल — वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

ग्राम तंसार, जिला-अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए 27 मई, 2004 को सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) और 9 आर आर की टुकड़ियों द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई और उसे संचालित किया गया। योजना के अनुसार टुकड़ियों द्वारा गांव की घेराबंदी की गई और एक तलाशी अभियान चलाया गया। श्री संजय यादव, द्वितीय कमान अधिकारी (सेकेन्ड इन कमांड), 90 बटालियन , सीमा सुरक्षा बल के नेतृत्व वाला तलाशी दल जब गोशाला की तलाशी ले रहा था तो छिपे हुए उग्रवादियों ने इस दल पर भारी गोलीबारी करने के बाद ग्रेनेड फेंके। पार्टी ने जवाब में गोलियां चलाईं और भयंकर गोलीबारी शुरु हो गई। इस अवस्था में दो उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की कवर में और हथगोले फेंकते हुए बच कर निकलने की कोशिश की। कांस्टेबल मोहम्मद इशाक, जो उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने के बहुत निकट अनुकूल स्थान पर तैनात थे, ने अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की और सामने आ गए तथा उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों में से एक को मौके पर ही मार गिराया। इसके बाद दूसरा उग्रवादी बिजली की गति से श्री संजय यादव की ओर बढ़ा लेकिन श्री यादव ने लड़ाई के दौरान अद्वितीय निर्भीकता और अदम्य साहस का परिचय देते हुए क्षण भर में ही उग्रवादी पर दो बार किक मारी जिसके परिणामस्वरुप उग्रवादी हथियार पकड़े रखने का संतुलन खो बैठा। इससे पहले कि उग्रवादी संतुलन बनाता और गोलीबारी करता, श्री यादव ने फुर्ती से गोलीबारी करके उसे वहीं ढेर कर दिया। तीसरा उग्रवादी घेरा तोड़ने में सफल हो गया और उसने भागने की कोशिश की लेकिन लगातार चल रही लड़ाई में बी एस एफ और सेना की टुकड़ियों ने उसे मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लने पर पर ए के शृंखला की तीन राइफलों, एक अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर , पंच हथगोले और गोली बारुद के साथ तीन उग्रवादियों के शव बरामद हुए । मारे गए उग्रवादियों की पहचान निम्नानुसार की गई।

(क) फारुख अहमद शेख पुत्र गुलाम अहमद शेख, निवासी मोहनपुरा
(ख) जावेद अहमद डार, पुत्र गुलाम नबी डार, निवासी मोहनपुरा और
(ग) इम्तियाज अहमद वानी, पुत्र गुलाम हसन वानी, निवासी अरेह

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय यादव, द्वितीय कमान अधिकारी (सेकेंड-इन-कमांड)और मोहम्मद इशाक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 मई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 190 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं -

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री सत्य सिंह,
हैड कांस्टेबल (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2004 के संसदीय चुनावों के कारण आर-II बी एस एफ तदर्थ बटालियन गठित की गई थी। इस बटालियन को छत्तीसगढ़ में जिला दांतेवाडा में पुलिस स्टेशन जागर के अन्तर्गत अतिसंवेदनशील नक्सलवादी गतिविधि बहुल क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। 22 अप्रैल, 2004 को बटालियन की बी कम्पनी की टुकड़ियों को पैदल ही अरनपुर घाटी के रास्ते बछेली भेजा गया था। वह आई ई डी और नक्सलवादी बहुल क्षेत्र था। हैड कांस्टेबल सत्य सिंह एक पुलिस कांस्टेबल सहित दो अन्य कांस्टेबलों के साथ आई ई डी का पता लगाने के लिए निपुणता के साथ सड़क के दोनों तरफ पैदल ही छानबीन करते हुए टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे । टुकड़ी पैदल ही लगभग 15 कि.मी. चलने के पश्चात अरनपुर घाटी पहुंची जो कि पहाड़ी भूभाग से घिरा सघन काष्ठ क्षेत्र था तथा सड़क के दोनों ओर पत्थरों के ढेर लगे हुए थे। इस क्षेत्र में कोई पगडंडी अथवा वैकल्पिक मार्ग नहीं था। लगभग 12:50 बजे जब हैड कांस्टेबल सत्य सिंह पथरीले क्षेत्र की तरफ बढ रहे थे तो नक्सलवादियों ने इलेक्ट्रानिक रुप से एक आई ई डी विस्फोट किया। आई ई डी विस्फोट स्काउट के निकट हुआ जिसके परिणामस्वरुप हैड कांस्टेबल सत्य सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। आई ई डी विस्फोट के तत्काल बाद, नक्सलवादियों ने टुकड़ियों पर भारी मात्रा में गोलीबारी करना शुरु कर दिया। खतरे को भांपते हुए, हैड कांस्टेबल सत्य सिंह ने गंभीर रुप से घायल होने और लगातर खून बहने के बावजूद गोलीबारी द्वारा नक्सलवादियों को उलझाए रखा तथा उन्हें घटना स्थल से भागने के लिए विवश कर दिया। तथापि, हैड कांस्टेबल सत्य सिंह ने गंभीर रुप से घायल होने के कारण प्राण त्याग दिए । हैड कांस्टेबल सत्य सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना और गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद उच्च कोटि की वीरता, धैर्य और संकल्प का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरुप उन्होंने अपने कार्मिकों तथा सामग्री को भारी नुकसान / हानि से बचा लिया। वीरतापूर्ण कार्रवाई स्थल से निम्नलिखित वस्तुएँ बरामद की गई:-

(क) पाइप बम्ब के टुकड़े (आई ई डी)

(ख) 40 मीटर फ्लैक्सिबल बिजली की तार।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री सत्य सिंह, हैड कांस्टैबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 अप्रैल 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 191 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. लखवीर सिंह
   सहायक कमान्डेंट
2. हिम्मत सिंह नेगी,
   उप निरीक्षक
3. बाबू पी.
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव बटनूर, जिला पूलवामा, जम्मू और कश्मीर में शस्त्रों से पूरी तरह लैस कट्टर आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर कमान्डेंट 120 बटालियन बी एस एफ ने 21.6.2004 को लक्षित गांव में एक अभियान की योजना बनाई तथा उसे शुरु किया। योजना के अनुसार, श्री लखवीर सिंह, सहायक कमान्डेंट, टुकड़ियों के साथ गांव की तरफ दौड़े। जब घेराबंदी की जा रही थी तो भागने की चेष्टा में एक आतंकवादी टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी करते हुए लक्षित घर की खिड़की से बाहर कूदा। घर में छुपे दूसरे आतंकवादी ने भी भागने वाले आतंकवादी को कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए घेराबंदी पार्टी पर भारी गोलीबारी की। इस बात का अंदाजा लगाते हुए कि आतंकवादी भाग जाएगा, श्री लखवीर सिंह, सहायक कमान्डेंट अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना और अदम्य साहस का परिचय देते हुए, आतंकवादी के सम्मुख आ खड़े हुए तथा निकट की मुठभेड़ में उसे तुरन्त मार गिराया। अभियान के दूसरी तरफ घर में छुपा दूसरा आतंकवादी अभी भी गोलीबारी कर रहा था तथा घेराबंदी पार्टी पर हथगोले फैंक रहा था। अपनी पोजीशन से, छुपे हुए आतंकवादी को समाप्त करने में कठिनाई महसूस करने पर, कांस्टेबल बाबू पी. अपनी जान को भारी जोखिम में डाल कर और अटूट साहस का प्रदर्शन करते हुए युक्तिपूर्वक, आतंकवादी की भारी गोलीबारी के बीच लक्षित घर की तरफ आगे बढ़े और उस घर में प्रवेश कर गए। इनकी इस कार्रवाई को देख कर आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी का मुंह कांस्टेबल बाबू पी की तरफ कर दिया। आतंकवादियों की गोलीबारी की परवाह किए बगैर, कांस्टेबल बाबू पी ने मोर्चा संभाला तथा अपनी सटीक गोलीबारी से

आतंकवादी को घायल कर दिया और उसे घर से बाहर कूदने पर विवश कर दिया। घायल आतंकवादी ने भागने के प्रयास में आड़ ले ली तथा घेराबन्दी पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी कीं । खतरे को भांपते हुए उप निरीक्षक हिम्मत सिंह नेगी, जो कांस्टेबल बाबू पी को कवरिंग फायर प्रदान कर रहे थे, फुर्ती से आतंकवादी पर टूट पड़े और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बगैर उस आतंकवादी को उसी स्थान पर समाप्त कर दिया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के शृखंला की दो राइफलों, दो हथगोलों, एक रेडियो सेट तथा गोलाबारुद के साथ दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। मृत आतंकवादी की पहचान बशीर अहमद शेख पुत्र अब्दुल मजीद शेख, निवासी सीतापुर सोफियान, जम्मू और कश्मीर तथा अबू अंसारी उर्फ यासीर निवासी पाकिस्तान के रुप में गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री लखवीर सिंह, सहायक कमान्डेंट, हिम्मत सिंह नेगी, उपनिरीक्षक तथा बाबू पी. कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 जून, 2004 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 **192** - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक /पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. दलबीर सिंह, निरीक्षक — वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2. डी डी शर्मा, हैड कांस्टेबल — वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3. अब्दुल तस्लीम, कांस्टेबल — वीरता के लिए पुलिस पदक
4. मुकेश कुमार, कांस्टेबल — वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

जम्मू और कश्मीर के राजौरी जिले के पुलिस स्टेशन कालाकोटे के गांव बरोह के एक घर में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक सूत्र द्वारा उपलब्ध करवाई गई विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करतेहुए 91 बटालियन बी एस एफ की टुकड़ियों ने 9 सितम्बर, 2004 को गांव में एक अभियान शुरु किया।

गांव में पहुंचने पर टुकड़ियों ने लक्षित घर के चारों तरफ कड़ी घेराबन्दी की। लगभग 10:20 बजेक्षेत्र का सर्वेक्षण करने के लिए एक आतंकवादीघर से बाहर निकल आया। टुकड़ियाँ को देखने पर उसने तत्कालमोर्चा संभाल लिया और भारी गोलीबारी शुरु कर दी और उसके बाद पार्टी पर हथगौले फैंके । गोलीबारी की चिन्ता किए बिना, कांस्टेबल अब्दुल तस्लीम और कांस्टेबल मुकेश कुमार अपनी स्वयं की व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना बहादुरी से गोलियों का सामना करते हुए आतंकवादियों के मोर्चे की तरफ आगे बढे। आतंकवादियों के मोर्चे के निकट पहुंचने के पश्चात ये अत्यधिक साहस का परिचय देते हुए आतंकवादी पर टूट पड़े और उसे वहीं पर ढेर कर दिया। अन्य आतंकवादी, जो घर के अन्दर छुपा हुआ था, ने हथगौले फैंके तथा घेराबन्दी पर गोलीबारी करना शुरु कर दिया। टुकडियों द्वारा जवाबी गोलीबारी की गई परन्तु वह कारगर सिद्ध नहीं हो रही थी क्योंकिआतंकवादीनेअच्छीतरह किलेबंदीकर रखी थी। इस मौके पर, निरीक्षक दलबीर सिंह और हैड कांस्टेबल डी. डी. शर्मनि पहल की। आतंकवादी को समाप्त करने के उद्देश्य से निरीक्षक दलबीर सिंह तथा हैड-कांस्टेबल डी. डी. शर्मा अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा उच्च कोटि के साहस का परिचय देत हुए निपुणता के साथ लक्षित घर की तरफ आगे बढे। जब वे लक्षित घर तक पहुंच गए तो दोनों घर के अन्दर हथगौला फेंकने के इरादे से घर के पीछे से उपर चढ गए। परन्तु आतंकवादियों ने उनकी इस कारावाई को देख लिया। खतरे को भांपते हुए वह तत्काल घर से बाहर निकल आया तथा समीप के मक्का के खेत में कूद पड़ा। गोलीबारी की आड़ में मोर्चा संभालने के पश्चात आतंकवादी ने भारी गोलीबारी की तथा निरीक्षक दलवीर सिंह और हैड कांस्टेबल डी डी शर्मा पर हथगोले फेंके जिसके परिणामस्वरुप दोनों ही गोली / किरचें लगने के कारण गम्भीर रुप से जख्मी हो गए। गंभीर रुप से घायल होने तथा लगातार खून बहने के बावजूद निरीक्षक दलबीर सिंह और हैड कांस्टेबल डी डी शर्मा ने प्रभावपूर्ण तरीके से आतंकवादी को उलझाए रखा तथा दोनों ने दम तोडने से पूर्व निकट की लडाई में आतंकवादी को उसी स्थान पर मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के शृंखला की दो राइफलों,चीन निर्मित चार हथगोले, एक वायरलेस सेट तथा गोलाबारुद सहित आतंकवादियों के दो शव बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान रब -उल-नवाज उर्प शिराज असामी निवासी तहसील -मिलसी, जिला बेहदी, पाकिस्तान तथा सलील-ई-इस्लाम पुत्र सफारी निवासी पाकिस्तान के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री(दिवंगत) दलवीर सिंह, निरीक्षक, (दिवंगत) डी डी शर्मा, हैड कांस्टेबल अब्दुल तस्लीम, कांस्टेबल तथा मुकेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति कापुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 सितम्बर, 2004 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 193 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक

1. श्री टी. एच. दाहीरीमाओ
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव लुरगाम, त्राल,जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) में एक कट्टर आतंकवादी की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर 120 बटालियन बी एस एफ की टुकडियों ने 24/25 फरवरी 2003 को एक अभियान की योजना बनाई तथा उसे शुरु किया। योजना के अनुसार, एक अधिकारी दो अधीनस्थ अधिकारियों तथा 30 अन्य रैंकों वाली एक पार्टी गांव लुरगाम की तरफ रवाना हुई तथा तीन संदिग्ध लक्षित घरों की घेराबन्दी की। लगभग 250100 बजे सूत्रों द्वारा इस बात की पुष्टि की गई कि एक कट्टर आतंकवादी एक घर में फंसा हुआ है तथा निराश होकर भागने का प्रयास कर रहा है। पार्टी कमान्डर ने तत्काल घेराबन्दी को पुन: व्यवस्थित किया तथा बच कर निकल भागने के सभी रास्तों को बन्द कर दिया। 25 फरवरी 2003 को पौ फटते ही पार्टी कमान्डर ने सभी तीन घरों पर एक साथ धावा बोलने का निर्णय लिया तथा तदनुसार प्रत्येक घर के लिए छापा मार पार्टियां तैनात की। जब छापा अभियान चल रहा था , तो एक घर में छुपे आतंकवादी ने भारी मात्रा मे गोलीबारी शुरु कर दी और पार्टी को काबू में कर लिया। गोलीबारी का जवाब दिया गया परन्तु वह प्रभावपूर्ण सिद्ध नहीं हो रही थी क्योंकि आतंकवादी ने अच्छी तरह किलेबन्दी की हुई थी। इस नाजुक घड़ी में कांस्टेबल टी. एच दाहीरीमाओ ने पहल की। अपनी स्वयं की सुरक्षा की चिन्ता किए बिना आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच घर के एकदम समीप पहुंच गए और लाभप्रद स्थान पर मोर्चा संभाल लिया। खतरे को भांपते हुए आतंकवादी ने कांस्टेबल दाहीरीमाओ पर भारी गोलीबारी करते हुए अपनी पोजीशन को बदलने का प्रयास किया। आतंकवादी की गोलीबारी से भयभीत हुए बिना तथा असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए कांस्टेबल दाहीरीमाओ आतंकवादी पर टूट पड़े तथा निकट की मुठभेड़ में उसको मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक ए.के राइफल , एक हथगौला , एक रेडियो सेट तथा गोलाबारुद के साथ आतंकवादी का शव बरामद किया गया। मृत आतंकवादी की पहचान अब्दुल रशीद मलिक, निवासी चाक मिहुरा (त्राल) जम्मू और कश्मीर के रुप में की गई ।

इस मुठभेड़ में, श्री टी. एच दाहीरीमाओ, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 फरवरी, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 194 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक /पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. जयवीर सिंह, वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल
2. रजनीश कुमार, वीरता के लिए पुलिस पदक
   सहायक कमांडेंट
3. बाली मोहम्मद,
   कांस्टेबल वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

17 मई 2004 को आतंकवादियों ने माहु क्षेत्र, जिला राजौरी, जम्मू और कश्मीर में 3 गढ़वाल की एक घात पर गोली बारी शुरु कर दी । 3 गढ़वाल की टुकड़ियों ने तत्काल क्षेत्र की घेराबन्दी की। 18 मई 2004 को पौ फटने पर 3 गढ़वाल के कमान अधिकारी के अनुरोध पर बड़ी संख्या में 142 बटालियन बी एस एफ की कुमुक उस क्षेत्र की तरफ रवाना हुई तथा चालू अभियान में शामिल हो गए । आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया । परन्तु उन्होंने अपनी गोलीबारी तेज कर दी जिसके परिणामस्वरुप 3 गढ़वाल के दो कार्मिक और बीएस एफ का एक कार्मिक गोली/ किरचें लगने से घायल हो गए। आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए घेराबन्दी को और सुदृढ किया गया। लगभग 190245 बजे आतंकवादियों ने श्री रजनीश कुमार, सहायक कमान्डेंट के नेतृत्व वाली बी एस एफ की घेराबन्दी पार्टी पर भारी मात्रा में गोली बारी करते हुए घेराबन्दी को तोडने का प्रयास किया । इन्होंने नेतृत्व के अनूठे गुणों का परिचय दिया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री रजनीश कुमार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल जय वीर सिंह तथा कांस्टेबल बाली मोहम्मद आतंकवादियों के सामने आ गए तथा सटीक जवाबी गोलीबारी करके निकट के मुकाबले में एक आतंकवादी को मार गिराया तथा अन्य आतंकवादियों को काबू कर लिया। परन्तु इस कार्रवाई में सभी गोली लगने से घायल हो गए। मुकाबले में आई चोटों और लगातार खून बहने के बावजूद इन्होंने बाकी आतंकवादियों पर गोलीबारी करना जारी रखा जिसके कारण आतंकवादी घेराबन्दी के अन्दर अपने ठिकाने में वापस छुपने को विवश हो गए। तथापि, कांस्टेबल जयवीर सिंह ने घायल होने के कारण अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। नाजुक स्थिति का आकलन करने पर अतिरिक्त बी एस एफ टुकडियों को अभियान में शामिल होने के लिए कहा गया । बाकी आतंकवादी बी एस एफ और सेना की टुकड़ियों पर सारा दिन और रात अपनी कवर से लगातार गोलीबारी करते रहे तथा भागने के कई प्रयास किए । परन्तु सतर्क टुकड़ियों ने आतंकवादियों को भागने नहीं दिया तथा 22 मई, 2004 तक गोलीबारी करके उन्हें रोके रखा। चूंकि आतंकवादियों की तरफ से अब कोई गोलीबारी नहीं हो रही थी इसलिए 22 मई, 2004 को 16:00 बजे तलाशी ली गई तथा अन्ततः 23 मई 2004 को 15:30 बजे अभियान समाप्त कर दिया गया। तलाशी के दौरान, अभियान के दौरान मारे गए आतंकवादियों के छः शव, निम्नलिखित शस्त्रों, गोलाबारुद और अन्य मदों सहित बरामद किए गए:-

ए के राइफल- 06 नग
ए के मैग- 18 नग
ए के गोलाबारुद - 473 राउन्ड
यू बीजी एल - 01 नग

यू बी ग्रेनेड - 07 नग
हथगौले- 05 नग
स्टनगौले -01 नग
आई ई डी - 02 नग
एंटिना सहित रेडियो सेट- 03 नग
भारतीय मुद्रा- 44,908/- रुपए
सैल- 31नग
दूरबीन- 01 नग

जबकि मारे गए तीन आतंकवादियों की पहचान इरफान भट्ट उर्फ अबू तरब, पुत्र मोहम्मद अशरफ, जिला झेलम,पाकिस्तान, रशीद उर्फ जाँबाज , पुत्र अबू रहमान, निवासी सबरस, तहसील महौरे, जिला उधमपुर, जम्मू और कश्मीर तथा मोहम्मद इकबाल उर्फ मोहम्मद फैसल, पुत्र मलिक ए बी सतार, जिला कोटली, पाकिस्तान के रुप में की गई, अन्य तीन आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री दिवंगत जयवीर सिंह, कांस्टेबल, रजनीश कुमार, सहायक कमान्डेंट तथा बाली मोहम्मद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 मई , 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 195 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुधीर कुमार बमेता (मरणोपरांत)

सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

नाला-2 पोस्ट के नजदीक नियंत्रण रेखा पर उग्रवादी की गतिविधि के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, धन्ना गांव (सोजी), मंदिर मंडी, जिला पुंछ, जम्मू और कश्मीर के नजदीक फॉरवर्ड डिफेन्डिड लोकेलिटी (एफ डी एल) पॉइंट 8688 और शीला रिज के बीच के क्षेत्र में 16/17 जुलाई, 2002 के बीच की रात को बी एस एफ की 28वीं बटालियन और 11 मराठा लाइट इंफैन्टरी की टुकड़ियों द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। जब तलाशी अभियान चल रहा था, तभी दो उग्रवादियों, जिन्होंने मक्का के खेत में मजबूत मोर्चाबंदी की हुई थी, ने हथगोले फेंके और श्री सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाली तलाशी पार्टी पर भारी गोलीबारी करके इनका पीछा किया। श्री सुधीर कुमार, जो सबसे आगे चल कर नेतृत्व कर रहे थे, गोलियां और किरचें लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। अपनी सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए इन्होंने गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों पर धावा बोल दिया और अपने साथियों को जवाबी हमले के लिए प्रेरित किया। इस कार्रवाई में, इन्होंने काफी निकट की लड़ाई में उग्रवादियों में से एक को मार गिराया, हालांकि इन्हें अन्य उग्रवादी द्वारा की गई गोलीबारी से पुनः गोलियां लगीं। इस अधिकारी की साहसिक कार्रवाई से प्रेरित होकर, जवानों ने जोश के साथ जवाबी हमला किया और इस प्रकार अन्य उग्रवादी की ओर से किए जाने वाले हमले को विफल कर दिया तथा आगे हताहत होने की संभावना को समाप्त कर दिया। गंभीर रुप से जख्मी होने के बावजूद, यह अधिकारी, व्यक्तिगत मिसाल कायम करते हुए तब तक अपनी पार्टी का नेतृत्व करते रहे जब तक उनकी सांस में सांस रही। दूसरे उग्रवादी ने भागने का हताशापूर्ण प्रयास किया लेकिन वह चौकस बैठे कर्मी द्वारा मार गिराया गया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर दो उग्रवादियों के शवों के साथ-साथ एक ए के श्रृंखला की राइफल, एक यू बी जी एल, चार यू बी जी एल ग्रेनेड, दो हैंड ग्रेनेड, दो आई ई डी, तीन रेडियो सेट और काफी मात्रा में गोला बारुद बरामद किया गया। इस कार्रवाई में, अधिकारी ने बल की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखते हुए अत्यधिक साहस, अभूतपूर्व वीरता और आत्म-बलिदान के लिए तत्पर रहने का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री सुधीर कुमार बमेता, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17 जुलाई, 2002 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 196 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक /पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. वाई एन राय,
   सहायक कमान्डेंट वीरता केलिए पुलिस पदक
2. देव सिंह,
   हैड कांस्टेबल वीरता के लिए पुलिस पदक
3. ई .जी. राव,
   हैड कांस्टेबल वीरता के लिए पुलिस पदक
4. टी .ए. सिंह,
   कांस्टेबल वीरता के लिए पुलिस पदक
5. के. के. पाण्डेय,
   कांस्टेबल वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24.11.2002 को लगभग 18:45 बजे रघुनाथ मन्दिर परिसर के आस पास विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध होने के कारण अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक फिदाईन ने श्रद्धालुओं के साथ रघुनाथ मन्दिर के अहाते में प्रच्छन्न रुप से घुसने का प्रयास किया। आतंकवादी कुछ हथगौले फेंकते हुए मुख्य द्वार पर जामा-तलाशी लेने वाली जगह से निकल गया जिसके कारण हो हल्ला मच गया क्योंकि श्रद्धालू इधर-उधर भागने लगे। मन्दिर के प्रांगण में पूर्ण अंधेरा था। हो हल्ले और अंधेरे का लाभ उठाते हुए आतंकवादी मन्दिर के परम पावन मन्दिर गर्भ की तरफ भागने में सफल रहा। कांस्टेबल के. के. पाण्डेय, जो कि प्रागंण के प्रवेश के निकट स्थित मोर्चा सं. 1 में संतरी डयूटी कर रहे थे, ने तत्काल और बहादुरी से कार्रवाई की। अंधेरे में फिदाईन का पता लगाने तथा उसे निष्क्रिय करने के लिए कांस्टेबल के.के.पाण्डेय अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना फुर्ती से अपने बंकर से बाहर निकले और अपनी राइफल से फिदाईन की तरफ छः राउन्ड गोली चलाई जिसकी वजह से फिदाईन की गतिविधि बन्द हो गई और मान्दर परिसर में अन्य सभी संतरियों सहित श्रद्धालू सतर्क हो गए तथा तत्काल कवर केलिए झुक गए। तथापि, आतंकवादी द्वारा चलाई गई एक आकस्मिक गोली उनके नाजुक अंग पर लगी जो घातक सिद्ध हुई तथा इस तरह उन्होंने (कांस्टेबल) ने उसी स्थान पर घायलावस्था में दम तोड़ दिया। इसी बीच, कांस्टेबल टी. ए. सिंह ने छत से फिदाईन को उलझाए रखा। अंधेरे का लाभ उठाते हुए आतंकवादी मंदिर गर्भगृह की तरफ बढा तथा खंबों के पीछे कवर ले ली। कांस्टेबल टी. ए. सिंह द्वारा और प्रयास करने के दौरान आतंकवादी ने इन पर एक हथगौला फेंका। हैड कांस्टेबल ई.जी.राव ने फिदाईन का पता लगाने में कांस्टेबल टी.ए.सिंह का साथ दिया। परस्पर भारी गोलीबारी के पश्चात हैड कांस्टेबल ई जी. राव आतंकवादी को उलझाए रखने की मंशा से छत के अंत में उसके मोर्चे की तरफ बढ़े। इस प्रक्रिया में, आतंकवादी ने उन पर गोली चला दी जिसके कारण ये गम्भीर रुप से घायल हो गए। तब तक , श्री वाई. एन. राय, सहायक कमांडेंट तथा हैड

कांस्टेबल देव सिंह वहाँ पहुंच गए और निपुणता के साथ अपने कौशल का इस्तेमाल करते हुए वे रेंगते हुए एक मोबाईल बुलेट प्रुफ बंकर की तरफ पहुंचे । श्री वाई. एन. राय तथा हैड कांस्टेबल देव सिंह ने मोबाइल बंकर के पीछे मोर्चा संभाल लिया, ग्रिल गेट के सामने पहुंचे जहां से ये आतंकवादी को प्रभावपूर्ण ढंग से काबू करने की बेहतर स्थिति में थे। सही समय पर कार्रवाई करते हुए श्री वाई. एन. राय और हैड कांस्टेबल देव सिंह बंकर से बाहर निकले तथा आमने सामने की लड़ाई में आतंकवादी को उसी स्थान पर मार गिराया। अगली सुबह यह सूचित किया गया कि अन्य एक आतंकवादी, जो पिछली रात भाग गया था, राजेन्द्र मार्किट स्थित एक घर में घुस गया है। श्री वाई. एन. राय और कांस्टेबल देव सिंह साथ की इमारत के छत की ओर बढ़े और वहां सामरिक दृष्टि से पोजीशन ले ली। आतंकवादी उस इमारत के प्रथम तल पर एक कमरे में छुपा हुआ था। श्री वाई . एन. राय और हैड कांस्टेबल देव सिंह ने आतंकवादी पर गोलीबारी करना शुरु कर दिया तथा कमरे में हथगौले फेंके। निपुणता से कार्रवाई करते हुए श्री राय कमरे के पास पहुंच गए तथा देखा कि आतंकवादी ने बड़ी चालाकी से पोजीशन ले रखी है। श्री वाई. एन. राय सहायक कमांडेंट ने आतंकवादी पर गोलियों की बौछार की तथा वापस कूदने का प्रयास किया परन्तु आतंकवादी द्वारा चलाई गई एक गोली उनके बायें बाजू पर लगी। हैड कांस्टेबल देव सिंह, जो कि श्री राय के एकदम पीछे थे, ने गोलीबारी की तथा घायल श्री राय को बाहर निकाला। तत्पश्चात एल एम जी फायर तथा मैटल पाईपों का इस्तेमाल करके दीवार में एक छेद किया गया जिसके जरिए हथगौले फेंके गए तथा आतंकवादी मारा गया। सी आर पी एफ कार्मिकों के अलावा सेना, सिविल पुलिस कार्मिकों तथा अधिकारियों ने भी उक्त अभियान में भाग लिया। श्री एस कोंस्टेनटाइन, डी आई जी, सी आर पी एफ, जम्मू , श्री बी. एस. गिल , सी ओ - 49 बटालियन तथा अन्य सी आर पी एफ अधिकारियों सहित श्री पी. एल गुप्ता , आई जी पी जम्मू जोन, श्री दिलबाग सिंह, डी आई जी जम्मू रेंज तथा श्री फारुख अहमद एस एस पी जम्मू ने व्यक्तिगत रुप से अभियान का पर्यवेक्षण किया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री वाई. एन. राय, सहायक कमान्डेंट, देव सिंह, हैड कांस्टेबल, ई.जी.राव, हैड कांस्टेबल,टी.ए. सिंह, कांस्टेबल तथा दिवंगत के.के.पाण्डेय ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 नवम्बर , 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 197 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जोगिन्दर पाल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सी/109 बटालियन की एक टुकड़ी 25.6.2004 से लोक सेवा आयोग कार्यालय, रेजिडेन्सी रोड, पी एस-कोठी बाग, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में तैनात की गई थी। प्रत्येक रविवार को, पी एस सी कार्यालय के सामने के फुटपाथ पर एक खुला बाजार लगा करता था। 31.10.04 को भी रविवार बाजार लगा हुआ था और खरीदारी हेतु काफी भीड़ लगी हुई थी। 31.10.04 को हैड कांस्टेबल पी बी निकम उक्त पोस्ट पर गार्ड/पोस्ट कमांडर के रुप में कार्यरत थे और सं. 889910155 कांस्टेबल जोगिन्दर पाल और कांस्टेबल महेश भगत उक्त पोस्ट के सामने गश्त ड्यूटी कर रहे थे। लगभग 1645 बजे हैड कांस्टेबल पी बी निकम ने उपर्युक्त पोस्ट के सामने दो व्यक्तियों (सिविलियनों) को संदेहास्पद स्थिति में घूमते देखा। हैड कांस्टेबल पी बी निकम ने तत्काल कांस्टेबल जोगिन्दर पाल और कांस्टेबल महेश भगत को इन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के लिए कहा। दोनों कांस्टेबलों ने इन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों पर अपनी निगरानी केन्द्रित कर दी और उनका पीछा किया। ये दो संदिग्ध व्यक्ति कुछ दूरी तक गए और फिर रविवार बाजार (संडे मार्किट) में अन्य जनता के साथ मिल गए। तथापि, कांस्टेबल जोगिन्दर पाल उनकी तलाश में आगे गए और उनके साथ सी टी/जी डी महेश भगत भी गए। जब कांस्टेबल जोगिन्दर पाल भीड़ में आगे बढ़े तभी अचानक संदिग्ध व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने कांस्टेबल जोगिन्दर पाल की गर्दन की ओर पिस्तौल तान दी और काफी निकट से ट्रिगर दबा दिया। खतरे को महसूस करके और संदिग्ध व्यक्ति को पहचानते हुए, कांस्टेबल जोगिन्दर पाल तत्काल घूम गए। इस कार्रवाई के समय, संदिग्ध व्यक्ति ने अपनी पिस्तौल से एक गोली चलाई जो कॉस्टेबल जोगिन्दर पाल की गर्दन के पिछली तरफ लगी। तत्काल, कांस्टेबल जोगिन्दर पाल ने भी दो राऊंद गोली चलाई और उक्त हमलावर को जख्मी कर दिया। हमलावर पेट में गोली लगने से घायल हो गया और कुछ कदम चलने के पश्चात सड़क पर ही गिर पड़ा। कांस्टेबल जोगिन्दर पाल, उसकी तरफ तेजी से गए और उसकी तलाशी ली तथा 7 जिंदा राऊंद और 1 मैगजीन के साथ एक चीनी पिस्तौल बरामद की। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान बशीर अहमद भट पुत्र मोहम्मद इस्माइल भट, उम्र 30 वर्ष, निवासी टंगपोरा, बटमाल्लो श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) और हिजबुल-मुजाहिद्दीन के एरिया कमांडर के रुप में की गई। 1.11.2004 को जख्मों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। अन्य संदिग्ध व्यक्ति, जो उस व्यक्ति के साथ था, ने भी वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन कांस्टेबल महेश भगत ने उसे पहचान लिया और तत्काल उस पर दो राऊंद गोलियां चला कर भाग रहे संदिग्ध व्यक्ति का हाथ जख्मी कर दिया जिसके कारण वह नीचे गिर गया। उग्रवादी ग्रुप के साथ उसके संबंधों की सिविल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। स. 889910155 कांस्टेबल जोगिन्दर पाल ने गोली लगने से गंभीर रुप से जख्मी होने के बावजूद अपने जख्मों की चिंता न करते हुए उत्कृष्ट बहादुरी और वीरता का परिचय दिया। अपनी जान को जोखिम में डालकर गोलियाँ लगने से घायल होने के बावजूद भी अपनी जान की परवाह न करते हुए, इन्होंने न केवल दुर्दान्त उग्रवादी को जख्मी किया बल्कि उससे शस्त्र/गोला बारुद भी बरामद किया।

इस मुठभेड़ में, श्री जोगिन्दर पाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 अक्तूबर, 2004 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 198 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. पी. एस. राजेन्द्रन,
   हैड कांस्टेबल
2. एस. बाबू,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.3.2004 को विश्वसनीय सूचना मिलने पर भुपालपल्ली पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक और उनकी टीम के साथ पुल्ला शोभन कुमार , ओ / एस निरीक्षक , आन्ध्र प्रदेश पुलिस , भुपालपल्ली की समग्र आपरेशनल कमान्ड के अर्न्तगत सी आर पी एफ की डी /83 बटालियन के एक हैड कांस्टेबल तथा 7 कांस्टेबलों सहित सं. 710543567 एस आई / जी डी चन्द्र वल्लभ की कमान में डी/ 83 बटालियन, सी आर पी एफ की एक टुकडी छापे और तलाशी अभियान के लिए लगभग 0245 बजे कासिमपल्ली क्षेत्र, पुलिस स्टेशन भुपालपल्ली जिला वारंगल, आंध्र प्रदेश के लिए लारियों से निकली। लगभग 0505 बजे पार्टी अनसनपल्ली गांव के बाहरी क्षेत्र में उतरी। लगभग 06:00 बजे घेराबन्दी पार्टी ने अनसनपल्ली गांव में क्षारला रवि के घर को घेर लिया जो कि वारंगल जिले के भुपालपल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा पर पुलिस स्टेशन कोय्यूर, जिला करीमनगर में पड़ता है। पी डब्ल्यू जी संतरी, जो खिड़की के पास खड़ा था, ने घर के आस पास आपरेशन पार्टी को देख लिया तथा अन्यों को तत्काल सतर्क कर दिया। आपरेशन पार्टी ने नक्सलवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। बार-बार अनुरोध के बावजूद नक्सलवादियों ने स्वचालित हथियारों से आपरेशन पार्टी पर गोली चला दी। इसी बीच, पिछले दरवाजे से दो नक्सलवादी घर से भाग गए। तब आपरेशन पार्टी ने भागने वाले नक्सलवादियों का पीछा किया तथा उन पर गोलीबारी करना शुरु कर दिया। उन्हें चोटें आई परन्तु वे घने कपास के खेतों से भाग गए। एक महिला नक्सलवादी घर से भागी तथा आस पास के दो घरों के के बीच तंग रास्ते(गली) में मोर्चा लेने के पश्चात उसने डी/83 बटालियन, सी आर पी एफ के पुल्ला

शोभन कुमार, ओ/एस , निरीक्षक, सं. 86110254, एच सी/जी डी पुलिस स्टेशन राजेन्द्रन तथा सं. 015242316 सीटी/जीडी एस. बाबू, वाली आपरेशन पार्टी के उप- समूह पर स्वचालित हथियार से भारी गोलीबारी की।हालांकि सं. 861160254 एच सी/जी डी पी एस राजेन्द्रन पर भारी गोलीबारी हो रही थी परन्तु अपनी जान की परवाह किए बिना इन्होंने महिला आतंकवादी की तरफ चतुराई से आगे बढकर अदम्य साहस का परिचय दिया तथा उसे स्पष्ट रुप से देखने पर, अपनी जान को गंभीर जोखिम में डाल कर अपनी इन्सास (आई एन एस ए एस) राइफल से गोली बारी की। महिला नक्सलवादी को गोली लगी तथा उसके पास वहां से भागने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा था और उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई। उसके आगे सं 86110254 एच सी /जी डी पी. एस राजेन्द्रन विशिष्ट साहस का परिचय देते हुए महिला नक्सलवादी की तरफ युक्ति पूर्वक आगे बढे और 30 राउन्ड गोला बारुद से लैस उसकी .30 यू.एस कारबाइन तथा 2 मैगजीन छीन ली। मृत महिला नक्सलवादी की पहचान बाद में जोरिका सराना उर्फ वेनुला राधा उर्फ सुगुमक्का उर्फ सुगुना पत्नी समुन्ना, निवासी तेकुमाटला, चित्याल मंडल के रुप में की गई जो पहले जिला वारंगल, चित्याल- भुपलपल्ली की क्षेत्रीय समिति सदस्य था तथा वेंकटपुर एल जी एस की कमान्डर तथा अब सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी की हाल में गठित भुपलपल्ली प्लेन एरिया स्कवाड की सी ओ थी । इसी बीच, पुल्ला शोभन कुमार और सी टी /जी डी एस. बाबू अन्य भागते हुए नक्सलवादी , जो .303 राइफल से इन पर गोली चला रहा था, का पता लगाने में समर्थ रहे । अपनी जान की परवाह किए बिना तथा असाधारण साहस का परिचय देते हुए उन्होंने कुछ दूरी से उसका पीछा किया। डी/83 बटालियन के सं. 015142018 सी टी/जी डी टी. थिरुपति रेड्डी द्वारा की गई कवरिंग गोलीबारी की सहायता से पुल्ला शोभन कुमार ओर सी टी /जी डी एस बाबू तेजी से और चालाकी से आगे बढे तथा भागते हुए नक्सलवादी को मार गिराया। उसके कब्जे से एक .303 राइफल तथा 40 राउन्ड गोला बारुद बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान क्षारला रवि निवासी अनसनपल्ली, पी.एस.कोय्यूर, जिला करीमनगर के रुप में की गई । अभियान में दो नक्सलवादियों के किट बैग तथा उन राजनैतिक नेताओं, की सूची वाले अभिशंसी पी डब्ल्यू जी दस्तावेज भी बरामद किए गए, जो सी पी आई (एम एल) पी डब्ल्यू जी , भुपालपल्ली पुलिस द्वारा कोय्यूर पुलिस स्टेशन को शव, हथियार और गोला बारुद तथा अन्य सामान सौंप दिया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री पी.एस.राजेन्द्रन, हैड कांस्टेबल तथा एस. बाबू, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 मार्च, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 199 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

1. श्री सत्यबीर सिंह (मरणोपरान्त)
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11 सितम्बर, 2004 को 2005 बजे वांगूगाँव पुलिस स्टेशन कुम्बी,जिला बिशनुपुर (मणिपुर) में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 132 वीं,बटालियन की बी कम्पनी की एक टुकड़ी ने वांगूपुल, इम्फाल नदी पर घात लगाई । लगभग 2035बजे दो अज्ञात संदिग्ध लोग पुल की दूसरी तरफ से घात के स्थान की ओर आए। जब संदिग्ध व्यक्ति नजदीक आए तो हैड कांस्टेबल सत्यबीर सिंह ने उन्हें रुकने तथा अपनी पहचान बताने के लिए कहा। अज्ञात संदिग्ध व्यक्तियों ने तुरंत ग्रेनेड निकाला और हैड कांस्टेबल सत्यबीर सिंह पर फेंका। ग्रेनेड हैड कांस्टेबल के पास फटा और वह किरचें लगने से गम्भीर रुप से घायल हो गए। हैड कांस्टेबल सत्यबीर सिंह ने अपनी घावों की परवाह न करते हुए तुरन्त जवाबी कार्रवाई की और उस पर गोली चलाई जिससे वह स्थल पर ही मारा गया। अन्य संदिग्ध यू जी अंधेरे और घनी बांस की झाड़ियों की आड़ में बच निकला। मृत यू जी, जिसकी पहचान टी बरोजेन सिंह (24 वर्ष) प्रीपाक (पी आर ई पी ए के) ग्रुप के स्वंभू कार्पोल के रुप में हुई, से दो जिन्दे कारतूसों सहित एक पिस्तौल और एक केनवुड वाकी-टाकी बरामद हुआ। हैड कांस्टेबल सत्यबीर सिंह ने घावों के कारण दम तोड़ दिया। हैड कांस्टेबल श्री सत्यबीर सिंह के साहसी और तुरन्त कार्रवाई के कारण अपनी टुकड़ी के कार्मिकों की जान बच गई। हैड कांस्टेबल ने गम्भीर खतरे का सामना करते हुए उच्च कोटि की वीरता और सर्वोच्च बलिदान का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत श्री सत्यबीर सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 सितम्बर, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 200 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

चौधरी विनोद भाई, (मरणोपरांत)

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

नालोंगबाड़ी/तुलाबाड़ी गांव के क्षेत्र में स्वंभू सार्जेंट अशोक देब बर्मा की अगुवाई में 11-12 विद्रोहियों की आवा-जाही की गुप्त सूचना के आधार पर, 1.7.2004 को सिविल पुलिस और सी आर पी एफ की ई/68 बटालियन की 2 प्लाटूनों के साथ श्री एम एस उपाध्याय, सहायक कमांडेंट (ओ.सी. ई/68 बटालियन, सी आर पी एफ) द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई। ऑपरेशन हेतु जाते समय एस आई/जी डी हर्ष सिंह नेगी के साथ एक प्लाटून को बाराबाड़ी/पगलाबाड़ी मैदान ट्रैक पर कालाबाड़ी चौराहे पर लगभग 1915 बजे कुछ अज्ञात लोग मिले। जब उन्हें ललकारा गया तो उन अज्ञात विद्रोहियों द्वारा सी आर पी एफ कर्मियों पर गोलीबारी की गई। इसके जवाब में तत्काल गोलीबारी की गई। गोलीबारी की सूचना मिलने पर, श्री एम.एस. उपाध्याय, ए सी जो तलाशी हेतु अपनी टुकड़ी के साथ आगे बढ़ने के लिए घेराबंदी की प्रगति की प्रतीक्षा कर रहे थे, तत्काल बी.पी. वाहन के साथ कुमुक के रुप में आगे बढ़े। 10 मिनट के भीतर वे घटनास्थल पर पहुँच गए और इन्होंने स्थिति का जायजा लिया तथा उस क्षेत्र में रह रहे कुछ ग्रामीणों से बातचीत की ताकि उन विद्रोहियों, जो जवाबी गोलीबारी के कारण वहां से भाग गए थे, की आगे आवा-जाही की संभावित दिशा को समझा जा सके। अपेक्षित जानकारियां प्राप्त करने के पश्चात और घोर अंधेरे के दौरान भाग रहे अतिवादियों का "तीव्रता से पीछा करने" में शामिल जोखिम के बावजूद, इन्होंने पुनः एक बार अपनी टुकड़ियों को ब्रीफ किया और चतुराईपूर्ण ढंग से डोंगरबाड़ी गांव की ओर बढ़े। अग्रणी प्लाटून जब डोंगरबाड़ी गांव के बाहरी क्षेत्र में पहुँची, तो कांस्टेबल चौधरी विनोद भाई पार्टी, गाइड/स्काउट ने लगभग 2045 बजे आगे एक धुंधली आकृति देखी और उसे ललकारा। इसके प्रत्युत्तर में पास ही की झोपड़ी में छिपे कुछ अन्य अज्ञात विद्रोहियों ने गोलीबारी शुरु कर दी और उक्त कांस्टेबल चौधरी को गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिन्होंने घायल होने के बावजूद अपने व्यक्तिगत हथियार से जवाबी गोलीबारी की। कुछ समय के लिए निरंतर होती रही आपसी गोलीबारी के दौरान, श्री उपाध्याय अपनी सुरक्षा/संरक्षा की परवाह किए बिना चतुराई के साथ आगे बढ़े और उस स्थल पर पहुँच गए। उन्होंने तत्काल, बादलों से आच्छादित घोर अंधेरे के बावजूद झोपड़ियों की घेराबंदी की और बी पी वाहन द्वारा घायल कांस्टेबल को वहां से हटाने की व्यवस्था की। जब पार्टी द्वारा कांस्टेबल विनोद भाई को वहां से हटाया गया तो उनकी राइफल मैगजीन खाली पाई गई जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता था कि उन्होंने घायल होने के बावजूद साहसपूर्ण ढंग से 40 राऊंद चलाए थे। बाद में कांस्टेबल विनोद भाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर में तत्काल "प्राथमिक चिकित्सा" करने के पश्चात, आगे आपाती मामले के रुप में जी बी पंत अस्पताल, अगरतला ले जाया गया। तथापि, अथक प्रयासों के बावजूद घायल कांस्टेबल विनोद भाई को बचाया नहीं जा सका।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) चौधरी विनोद भाई, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

वह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 201 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बिप्लब मंडल.
सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री बिप्लब मंडल, सहायक कमांडेंट की कमान में एफ/39 बटालियन सी आर पी एफ की टुकड़ी ने 9.8.2000 को सुआरा (लखाड़ी के निकट) में एक संयुक्त अभियान चलाया जिसमें दो एल-ई-टी उग्रवादी मारे गए और 2 ए के-47 राइफल, एक पिस्तौल, एक वायरलैस सैट, दो ग्रेनेड और अन्य गोलाबारुद/दस्तावेज बरामद किए गए। 10.8.2000 की सुबह-सुबह ही एक सिविलियन ने श्री बिप्लब मंडल ए/सी को सूचित किया कि दो उग्रवादी, जो 9.8.2000 को सुआरा ऑपरेशन में से बच कर भाग निकले थे, सोरेना चौड़ा गांव (गुर्हा गलयाल) में स्थित एक घर में छिपे हुए हैं। श्री बिप्लब मंडल, ए/सी टुकड़ियों के साथ तत्काल तेजी से गांव सोरेना चौड़ा की ओर गए। जब पार्टी उक्त घर के नजदीक पहुँची और तलाशी अभियान शुरु किया गया तब वह घर खाली पाया गया। पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। एक ग्रामीण ने अधिकारी और टुकड़ी को बताया कि हथियार ले जाते हुए दो संदिग्ध व्यक्ति जंगल की ओर गए हैं। श्री मंडल ने साथ-साथ, उस क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में वायरलैस पर एस पी कठुआ सहित सभी संबंधितों को सूचित किया। इसी बीच सिविल पुलिस और गांव के वी डी सी सदस्य भी वहां पहुँच गए और एक संयुक्त अभियान चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान, उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरु कर दी और टुकड़ियों को लक्ष्य बनाते हुए ग्रेनेड फेंके। उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोली एक होमगार्ड कर्मचारी नामतः मंजीत सिंह को लगी और उन्होंने वहीं प्राण त्याग दिए। श्री बिप्लब मंडल, ए/सी 39 बटालियन, जो मारे गए होमगार्ड मंजीत सिंह के काफी नजदीक मोर्चाबंदी किए हुए थे, ने तत्काल अपनी पोजीशन बदल ली और अपनी जान की परवाह न करते हुए एक ग्रेनेड फेंका और उग्रवादियों की पोजीशन की ओर कारगर रुप से गोलीबारी भी की जिसके परिणामस्वरुप एक उग्रवादी मारा गया जिसकी पहचान हरकत-उल-मुजाहिद्दीन गुट से संबंध रखने वाले नरसुल्लाह कोड नाम वाले एक भाड़े के विदेशी सैनिक के रुप में की गई। मारे गए उग्रवादी से एक ए के-47 राइफल, 6 ए के-47 मैगजीन, ए के-47 के 51 जिंदा राऊंद, दो हैंड ग्रेनेड, एक वायरलैस सैट, बेल्ट और 15070/रु0 की भारतीय मुद्रा इत्यादि बरामद किए गए। घने जंगल और ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र के कारण, दूसरा उग्रवादी भागने में कामयाब हो गया। मारे गए उग्रवादी का शव और बरामद किए गए शस्त्र/गोलाबारुद सिविल पुलिस (रामकोट पुलिस पोस्ट) को सौंप दिया गया। इस संबंध में, एक प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई। श्री बिप्लब मंडल ए/सी 39 बटालियन ने अपनी टुकड़ी के साथ 12.8.2000 को सोरेना चौड़ा गांव में एक अन्य संयुक्त अभियान में

भी भाग लिया जिसमें एक उग्रवादी मारा गया जो उसी गांव में 10.8.2000 को हुई मुठभेड़ के दौरान पहले बच कर भाग निकला था। 12.8.2000 को संयुक्त अभियान में मारे गए उग्रवादियों से शस्त्र/गोलाबारुद तथा विस्फोटक भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री बिप्लब मंडल, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 अगस्त, 2000 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा।

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 202 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. मूल चंद पंवार,
   कमांडेंट
2. अश्वजीत गायकवाड़,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30.7.2004 को इस गुप्त सूचना के आधार पर कि कुछ कट्टर विद्रोही, गांव कृष्णा प्रसाद पाड़ा (छागरिया) ग्राम सभा-अशीघर, पी एस- जिरानिया, जिला पश्चिमी त्रिपुरा के क्षेत्रों में राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लगे हुए हैं, एक विशेष आपरेशन की योजना बनाई गई। श्री मूल चंद पंवार, कमांडेंट 68 बटालियन सी आर पी एफ ने स्वयं धावा पार्टी के साथ ऑपरेशन का नेतृत्व किया जिसे विद्रोहि (यों) को पकड़ने के लिए फुर्ती और कारगर ढंग से धावा बोलना था। इन्होंने बुद्धिमत्ता के साथ योजना बनाई और दूर-दराज के क्षेत्र में ऑपरेशन हेतु जाते समय, विद्रोहियों को विस्मित करने के इरादे को ध्यान में रखते हुए अपनी पार्टी गठित की। समुचित रुप से ब्रीफिंग और तैयार करने के पश्चात, ये अपनी पूरी पार्टी के साथ, 31.7.2004 को लगभग 0100 बजे कैंप से चल दिए और लगभग 0300 बजे गांव छागरिया (कृष्णा प्रसाद पाड़ा) के नजदीक पहुँचे। 0345 बजे तक श्री पंवार ने चतुराई के साथ स्टॉप्स/कट ऑफ्स पोजीशन तैयार कर ली और विद्रोहियों को जाल से बच कर भाग निकलने का कोई भी अवसर न देने के लिए अपनी टीम को समझाया। उसके पश्चात वे अपनी धावा टीम के सदस्यों के साथ सावधानीपूर्वक चुपके-चुपके उस घर की ओर बढ़े जहां उपलब्ध जानकारी के अनुसार विद्रोहियों के पूरी रात ठहरने की बात कही गई थी। वर्षा के कारण खराब हो चुके पर्वतीय उबड़-खाबड़ रास्ते को होशियारी के साथ पार करते हुए ये घने जंगल के सीमावर्ती गांव के बाहरी क्षेत्र में "टिला" (छोटी पहाड़ी) पर एक चिन्हित घर के नजदीक पहुँचे। इन्होंने अपने चुनिंदा साथियों के साथ पहले यह सुनिश्चित किया कि विद्रोहियों द्वारा वहां कोई सन्तरी तो तैनात नहीं किया गया है लेकिन वहां कोई नहीं था। इन्होंने और इनकी टीम ने कुछ और समय तक प्रतीक्षा की और घर के संवासियों को उठने और स्वयं घर से बाहर आने का इंतजार किया। लगभग 0445 बजे घर के अंदर जो संवासी थे वे जाग गए और स्वयं घर के बाहर आने

लगे लेकिन वे घर के चारों ओर सी आर पी एफ पार्टी को देखकर चकित रह गए। उन्हें चेतावनी दी गई कि अपने हाथ उठाकर और कोई हल्ला-गुल्ला किए बिना बाहर आ जाएं। बच्चों और महिलाओं सहित 9 संवासी बाहर निकल आए। जब श्री मूल चंद पंवार, कमांडेंट ने अपनी धावा पार्टी के कुछ अन्य साथियों के साथ आगे बढ़ना शुरु किया तभी संवासियों में से एक व्यक्ति ने कदाचित पकड़े जाने से बचने के लिए, एक महिला की आड़ लेते हुए अपनी स्वचालित पिस्तौल से श्री पंवार पर गोली चलाई और घर के बिल्कुल पीछे स्थित एक नाले/जंगल के माध्यम से स्वयं को बचाने के लिए भागना शुरु कर दिया। श्री पंवार, जो उस विद्रोही के काफी निकट थे, ने चतुराई और फुर्ती के साथ कार्रवाई करते हुए स्वयं को बचाया इसी के साथ इन्होंने उच्चकोटि की चुस्ती-फुर्ती और सूझ-बूझ का परिचय देते हुए और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना, उच्चकोटि के साहस, बहादुरी और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए महिलाओं और बच्चों सहित अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अपने हथियार (ए के एम) से विद्रोही पर पलटकर गोली चलाई। सं. 971290703 कांस्टेबल/जी डी अश्वजीत गायकवाड़, जो घर के कोने से श्री पंवार को कवर किए हुए थे, ने भी अपनी एल एम जी के साथ तत्काल विश्वासपूर्ण ढंग से विद्रोही पर गोली चलाई। विद्रोही को इन दोनों द्वारा एक साथ चलाई गई गोलियां लगीं। श्री पंवार तेजी से उस गिर चुके विद्रोही के पास गए और उससे पिस्तौल छीन ली तथा उससे उस क्षेत्र/गांव में अन्य विद्रोहियों के होने की संभावना के संबंध में सूचना उगलवाने के लिए उससे बातचीत करने की कोशिश की लेकिन यह विद्रोही कट्टर विद्रोहियों में से एक था और उसने कोई भी सूचना नहीं दी और अंत में लगभग 7/8 मिनट के पश्चात उसने घावों के करण उसी जगह पर दम तोड़ दिया। बाद में मारे गए विद्रोही और घर की तलाशी लेने पर 9 एम एम की चीनी पिस्तौल और उसकी मैगजीन जिसमें 3 जिंदा राउंद थे, के अतिरिक्त कुछ अभिशंसी दस्तावेज/ए.टी.टी.एफ. कार्डर की दवाईयां, कुछ विद्रोहियों के फोटोग्राफ इत्यादि बरामद किए गए। विद्रोही की पहचान बाद में आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स, एक प्रमुख त्रिपुरा विद्रोही गुट के एरिया कमांडर, स्वंभू कॉर्पोरल नयन देब बर्मा उर्फ जगदीश के रुप में की गई जिसके विरुद्ध जी/प्रथम बटालियन, सी आर पी एफ टुकड़ी पर घात लगाकर हमला करने, उनमें से तीन को मारने तथा 5.2.2004 को उनके तीन हथियार ले जाने सहित कई गंभीर किस्म के आपराधिक मामले लंबित थे। यह ए टी टी एफ गुट के लिए बहुत बड़ा झटका था चूंकि उन्होंने पश्चिमी त्रिपुरा जिले के पी एस जिरानिया के अंतर्गत मंडल के अत्यधिक संवेदनशील सेक्टर के अपने एरिया कमांडरों में से एक को खो दिया था।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री मूल चंद पंवार, कमांडेंट और अश्वजीत गायकवाड़, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 203 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री चारु चंद्र पाठक (मरणोपरांत)
सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

23 अप्रैल, 2004 को दिवंगत श्री सी सी पाठक इसी बटालियन के श्री राजेन्द्र कुमार, सहायक कमांडेंट के साथ सरकारी कार्य से इंदिरा नगर, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में स्थित 7वीं बटालियन के टी ए सी मुख्यालय गए हुए थे। कंपनी मुख्यालय वापिस आते समय, श्री पाठक को सूचना मिली कि कांग्रेस भवन, श्रीनगर में तैनात एस एस बी गार्ड पर उग्रवादियों ने ग्रेनेड से हमला किया है। इस सूचना के प्राप्त होने पर, श्री पाठक अपनी जान और सुरक्षा की परवाह किए बिना और गंभीर खतरे के बावजूद उस जगह (कांग्रेस भवन) की ओर तेजी से गए और उग्रवादियों को ढूंढ़ने और उन्हें निष्क्रिय करने की दृष्टि से तत्काल उनका सामना करने संबंधी उपाय शुरु कर दिए ताकि नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा की जा सके। दुर्भाग्यवश, इस कार्रवाई के दौरान, दिवंगत श्री पाठक पर उग्रवादियों, जो पास ही में छिपे हुए थे, द्वारा फेंके गए एक और ग्रेनेड के कारण सिर में गंभीर रुप से चोटें आईं। गंभीर रुप से जख्मी होने के बावजूद, श्री पाठक ने उग्रवादियों को निष्क्रिय करने और अपनी पूरी ताकत के साथ लोगों और उनकी संपत्ति को बचाने का निरंतर प्रयास किया। उस स्थान पर कुमुक के पहुँचने तक इन्होंने गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद बहादुरी से उग्रवादी का सामना किया। दुर्भाग्यवश, उनके सिर में चोट लगने के कारण इन्होंने 27.4.2004 को 0630 बजे दम तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री चारु चंद्र पाठक, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 204 – प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (वीरता के लिए पुलिस पदक का तीसरा बार)
2. मोहंद चंद शर्मा निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का तीसरा बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

एक सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ आतंकवादियों द्वारा जम्मू और कश्मीर से एक ट्रक में हथियार/गोला-बारुद और विस्फोटक लाए जाने की सम्भावना है जिसके पंजीकरण नं. के आखिर में तीन अंक 153 हैं। निगरानी रखी गई और 30.8.2003 को लगभग 2 बजे अपराह्न, एक ट्रक, जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 जे के-03-0153 था, पी एस सदर बाजार के क्षेत्र में कुतुब रोड पार्किंग स्थल में खड़ा देखा गया। इस ट्रक और इसके अधिभोक्ताओं पर नजर रखी गई। लगभग सायं 7.45 बजे, दो व्यक्तियों को ट्रक के नजदीक देखा गया। कुछ देर के पश्चात एक छोटे कद का व्यक्ति भी उस ट्रक के पास आया और वह भी चालक के कंपार्टमैंट में घुस गया। उन्हें बात करते और ट्रक की छत पर जाते देखा गया। पुलिस टीम ने उन्हें ललकारा और ट्रक की तलाशी ली। उसमें तीन फल के बक्से पाए गए। उन तीन बक्सों में से एक में 10 हैंड ग्रेनेड, 10 यू बी जी एल शैल और एक यू बी जी एल (अंडर बैरेल ग्रेनेड लांचर) रखे हुए थे। उन व्यक्तियों से अच्छी तरह से पूछताछ करने के बाद उनकी पहचान परवेज अहमद (चालक), फारुक अहमद उर्फ फरुज (क्लिनर) और नूर मोहम्मद तांत्रे उर्फ गुलजार अहमद (छोटे कद का व्यक्ति), के रुप में की गई और ये सभी जम्मू और कश्मीर में पुलवामा के थे। भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख, 121, 121-क, 122, 123, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4, 5 एवं शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत पी एस विशेष प्रकोष्ठ, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में दिनांक 30.8.2003 की प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 70/2003 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। नूर मोहम्मद तांत्रे ने बताया कि उसने इस माल को दो व्यक्तियों को सौंपना था, उनमें से एक निजामुद्दीन के निकट रिंग रोड पर मिलेनियम पार्क पर रहने वाला एक पाकिस्तानी है। वे एक सफेद रंग की मारुती कार में आ रहे होंगे। उसने यह भी बताया कि पाकिस्तानी को वह (नूर मोहम्मद) लाया था और उसे सिकन्दराबाद, उत्तर प्रदेश के एक हबिबुल्लाह को सौंप दिया था जिसने पाकिस्तान में उनके साथ प्रशिक्षण लिया था। उसने दोनों का संक्षिप्त रुप में हुलिया बताया। तत्काल सहायक पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जिसमें निरीक्षक मोहंद चंद शर्मा, निरीक्षक ललित मोहन, उप निरीक्षक गोविन्द शर्मा, उप निरीक्षक संजय दत्त, उप निरीक्षक बद्रीश दत्त, उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, उप निरीक्षक राहुल कुमार, उप निरीक्षक उमेश बर्थवाल, उप निरीक्षक मेहताब सिंह, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र, उप निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक जय किशन, उप निरीक्षक सतपाल, सहायक उप निरीक्षक ऋषिपाल, सहायक उप निरीक्षक विक्रम, सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र, सहायक उप निरीक्षक संजीव लोचन, सहायक उप निरीक्षक भूप सिंह, हैड कांस्टेबल सतिन्दर, हैड कांस्टेबल कुलदीप, हैड कांस्टेबल आनंद प्रकाश और कांस्टेबल सुरेन्द्र शामिल थे। मिलेनियम पार्क में एक जाल बिछाया गया। लगभग रात 10.45 बजे, एक कार जिसका रजिस्ट्रेशन नं. डी एल-3 सी एन-8749 था, में दो व्यक्ति आए। जब उन्हें ललकारा गया तो वे कार से बाहर निकल आए और उन्होंने बचने का प्रयास किया। उन्होंने भागते समय गोलियां चलानी शुरु कर दीं। उनकी गोलीबारी का जवाब दिया गया और आपसी गोलीबारी में, दोनों आतंकवादी मारे गए। नूर मोहम्मद द्वारा उनके शवों की पहचान की गई और उसने उनकी पहचान हबीब उर्फ रफीक अहमद उर्फ असलम पुत्र शफीक अहमद निवासी 390, काजीवाड़ा, सिकन्दराबाद, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश, जो

गेट के नजदीक मारा गया था और जहूर अहमद उर्फ मोहम्मद मुमताज शाहिद निवासी जिला कुशाब, पंजाब प्रांत, पाकिस्तान, जो पार्क के अंदर टेढ़ी दीवार के निकट मारा गया था, के रुप में की गई। कुछ निजी सामान जैसे पर्स, नानाविध दस्तावेजों इत्यादि के साथ-साथ दो मृत आतंकवादियों से मैगजीन के साथ दो .30 बोर स्टार चीनी पिस्तौलें बरामद की गईं। मारुती कार की तलाशी लेने पर प्रत्येक में 30 राउंद गोलाबारुद के साथ दो लोडिड मैगजीनों सहित एक ए के-56 राइफ़ल बरामद की गई। कार में 2 लाख रु0 नदक भी पाए गए। यह मामला, पोटा की धारा 03/4/20 और भारतीय दंड संहिता की धारा 186/353/307 एवं शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत, पी एस हजरत निजामुद्दीन में पुलिस मुठभेड़ के मामले के रुप में दिनांक 31.8.2003 की प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 445 के अधीन दर्ज किया गया और इसकी जांच-पड़ताल दक्षिण जिला पुलिस द्वारा की गई है। आगे पूछताछ करने पर, नूर मोहम्मद तांत्रे ने बताया कि वह घाटी में जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करता रहा है और वह एक प्रशिक्षित उग्रवादी है तथा उसने वर्ष 1990 और 1991 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह इंप्रोवाइज्ड विस्फोटक डिवाईसिज बनाने में विशेषज्ञ है। मूल रुप से जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में त्राल का है और वह विगत तीन वर्षों में भूमिगत हो गया था। वह इस समय गांव हस्सीपुरा, तहसील चडोरा, जिला बडगाम, जम्मू और कश्मीर में रह रहा था। उसने यह भी बताया कि पाकिस्तानी उग्रवादी जहूर अहमद का वास्तविक नाम मोहम्मद मुमताज शैद (उम्र 20/20 वर्ष) है, जो पंजाब प्रांत, पाकिस्तान के खुशाब जिले से है और गत दो वर्षों से घाटी में आतंकवादी कार्रवाईयों में लिप्त है। नूर मोहम्मद ने यह भी बताया कि वह एक जैश उग्रवादी नामतः रशीद के संपर्क में था जिससे वह आदेश प्राप्त करता था। रशीद, गाजी बाबा से आदेश प्राप्त करता था। उसके अनुसार रशीद और गाजी बाबा, दोनों, जम्मू और कश्मीर में त्राल की ऊपरी पहाड़ियों की ऊँची जगहों से अपनी कार्रवाईयों को अंजाम दे रहे थे। अभियुक्त नूर मोहम्मद तांत्रे "ए" श्रेणी का उग्रवादी था और वह पूरे कश्मीर के लिए जैश-ए-मोहम्मद के चीफ/डिविजनल कमांडर के रुप में कार्य कर रहा था। वह रशीद, डिप्टी चीफ कमांडर और गाजी बाबा, जैश-ए-मोहम्मद के चीफ कमांडर के सीधे निरीक्षण/नियंत्रण में था। दोनों, पहले ही बी एस एफ के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। जम्मू और कश्मीर की पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त नूर मोहम्मद तांत्रे उर्फ पीर बाबा उर्फ गुलजार अहमद भट उर्फ उवेस पहले ही 2 मामलों में, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 307, शस्त्र अधिनियम की धारा 7/25 के अंतर्गत पी एस सदर श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 136/03 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 के अंतर्गत पी एस सदर श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में दर्ज मामला प्रथम सूचना रिपोर्ट 248/03 के तहत दर्ज है।

उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान, सहायक पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह ने फुर्ती के साथ टेढ़ी दीवार के नजदीक पोजीशन ले ली। वे प्रशिक्षित उग्रवादी की पिस्तौल से हो रही गोलियों की बौछार का काफी नजदीक से सामना कर रहे थे। बड़ी निडरता और अपनी जान की परवाह न करते हुए और अनुकरणीय साहस और दृढ़ता का परिचय देते हुए इन्होंने उग्रवादियों का बहादुरी से सामना किया और अपनी सर्विस रिवाल्वर से 4 राउंद चलाए।

उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान निरीक्षक मोहंद चंद शर्मा ने फुर्ती के साथ मिलेनियम पार्क के मुख्य गेट के कोने के निकट पोजीशन ले ली। इन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए और अनुकरणीय साहस और दृढ़ता का परिचय देते हुए प्रशिक्षित उग्रवादी की पिस्तौल से की जा रही गोलियों की बौछार का काफी नजदीक से सामना किया, इन्होंने बहादुरी के साथ उग्रवादी रफीक अहमद उर्फ गुड्डु का सामना किया और अपनी सर्विस रिवाल्वर से 7 राउंद चलाए।

श्री राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त और निरीक्षक मोहंद चन्द शर्मा, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालते हुए, इस अभियान में उच्च कोटि की बहादुरी, साहस, प्रेरणा और पेशेवर अंदाज का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, अन्यथा दुर्दान्त आतंकवादी और उनके साथियों ने आतंक फैला दिया होता और वे अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में सफल हो सकते थे जिसके परिणामस्वरुप काफी जान और माल का नुकसान हो सकता था।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त और मोहंद चंद शर्मा, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 205 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राहुल कुमार,
   उप निरीक्षक
2. विक्रम,
   हैड कांस्टेबल (अब सहायक उप निरीक्षक)
3. नरेन्द्र,
   हैड कांस्टेबल (अब सहायक उप निरीक्षक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13.12.2002 को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि शस्त्रों से पूरी तरह लैस कुछ आतंकवादी दिल्ली में कुछ आतंकवादी कार्रवाई करने के लिए 14.12.2002 को प्रातः फरीदाबाद की तरफ से एक सफेद मारुती जैन कार में आएंगे। उनको पकड़ने के उद्देश्य से, विशेष प्रकोष्ठ की विभिन्न टीमें फरीदाबाद से आने वाली सड़कों पर अनुकूल स्थानों पर तैनात की गई। 14.12.2002 को प्रातः लगभग 6.00 बजे, सूरजकुंड सीमा पिकेट पर तैनात टीम ने एक सफेद मारुति जेन कार, जिसका रजिस्ट्रेशन (सं. डी एल 7 सी-5921) था, को दिल्ली की ओर आते देखा। टीम ने जांच करने हेतु उसे रुकने का संकेत दिया लेकिन कार ने गति तेज कर दी। तत्काल इस टीम ने अन्य सभी टीमों को सूचित कर दिया और साथ ही उसका पीछा किया। तदनुसार, अन्य टीमें इस कार को रोकने के उद्देश्य से एम बी रोड-सूरजकुंड रोड टी-पॉइन्ट पर मिलीं। जब पुलिस टीमों ने टी-पॉइन्ट पर जेन कार को रोकने का प्रयास किया तो तभी ड्राइवर ने बचने के हताशापूर्ण प्रयास में तुगलकाबाद फोर्ट के नजदीक एम बी रोड पर एक पुलिया में टक्कर मार दी। तीन व्यक्ति कार से बाहर कूद पड़े और आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस टीम के सदस्यों ने भी पोजीशन ले लीं और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। आगे हुई गोलीबारी में, जो लगभग 50 मिनट तक चली, लश्कर-ए-तैयबा के दो उग्रवादी, जिनकी पहचान बाद में मोहम्मद असलम गोजर और मोहम्मद जावेद मलिक के रुप में की गई, मार गिराए गए। ये दोनों पाकिस्तानी राष्ट्रिक थे। तथापि, तीसरे उग्रवादी ने अंधेरे का लाभ उठाया और बचने में कामयाब हो गया। उनके कब्जे से काफी मात्रा में विस्फोटक, शस्त्र एवं गोलाबारुद बरामद किया गया। उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर हैंड ग्रेनेड भी फेंके। मुठभेड़ के दौरान उग्रवादियों द्वारा ए के-56 असाल्ट राइफल्स से लगभग 94 राउंद चलाए गए। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 186/353/307/34, शस्त्र अधिनियम 25/27, पोटा की धारा 3/4 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा

3/4/5 के अंतर्गत पी एस विशेष प्रकोष्ठ (एस बी) लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में दिनांक 14.12.2002 को एक मामला, प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 78/2002 के तहत दर्ज किया गया।

मारे गए उग्रवादियों से निम्नलिखित बरामदगी की गई:

- 26 जिंदा राउन्द के साथ दो ए के 56 राइफलें
- खाली मैगजीनें
- दो भरी हुई मैगजीनें, प्रत्येक में 30 जिंदा राउंद
- तीन जिंदा हैंड ग्रेनेड
- दो हैंड ग्रेनेड लीवर
- दो हैंड ग्रेनेड पिन्स
- दो जाली पहचान पत्र
- तहरीक-ए-गजनवी शीर्षक से एक पत्र

जब पाकिस्तानी आतंकवादियों ने सूरजकुंड सीमा की पिकेट पर अपनी मारुती जैन कार नहीं रोकी तब उप निरीक्षक राहुल कुमार, जो अन्य टीम के सदस्यों के साथ वहां पोजीशन लिए हुए थे, ने उनका पीछा किया और साथ ही अन्य सदस्यों को सतर्क कर दिया। जैसे ही उग्रवादी अपनी कार से बाहर कूदे और पुलिस पार्टी पर गोलियां चलानी शुरु कर दीं, तभी इन्होंने अपनी कार से छलांग लगा दी और पार्किंग की दीवार के पीछे फुर्ती से पोजीशन ले ली। दोनों उग्रवादियों ने तुगलकाबाद फोर्ट के साथ लगे पार्क में पोजीशन ले ली और अपनी ए के-47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। उप निरीक्षक राहुल कुमार ने उग्रवादियों के ठीक सामने पोजीशन ले रखी थी। इस प्रकार वे प्रशिक्षित उग्रवादियों की तरफ से आने वाली गोलियों की बौछार के काफी निकट थे। उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी की ओर दो हैंड ग्रेनेड भी फेंके। लेकिन भयभीत हुए बिना उप निरीक्षक राहुल कुमार ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उग्रवादियों का बहादुरी से मुकाबला किया और अपनी ए के-47 असाल्ट राइफल से 27 राउंद चलाए।

जब उग्रवादियों की जेन कार, सूरजकुंड सीमा की पिकेट से गुजरी तो सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ महरौली-बदरपुर रोड पर अपनी कार में पोजीशन ली हुई थी। जब इन्हें उग्रवादियों की गतिविधि के संबंध में संदेश प्राप्त हुआ तो ये एम बी रोड टी-पॉइन्ट की तरफ चल दिए। जब इन्होंने अपनी टीम के अन्य सदस्यों के साथ उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से उग्रवादियों की कार को रोकने का प्रयास किया, तभी उग्रवादियों ने बचने के प्रयास में अपनी कार से तुगलकाबाद फोर्ट के नजदीक पुलिया में टक्कर मार दी। जैसे ही उग्रवादी अपनी कार से बाहर कूदे और पुलिस पार्टी पर गोलियां चलानी शुरु कीं, तभी सहायक उप निरीक्षक एक दम से कार से बाहर निकल आए और इन्होंने पार्किंग दीवार के पीछे पोजीशन ले ली। दो उग्रवादियों ने तुगलकाबाद फोर्ट के साथ लगे पार्क में पोजीशन ले ली और अपनी ए के-47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सहायक उप निरीक्षक विक्रम, प्रशिक्षित उग्रवादियों की तरफ से होने वाली गोलियों के बौछार के काफी नजदीक थे। उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी की ओर दो हैंड ग्रेनेड भी फेंके। अपनी जान की परवाह न करते हुए और अनुकरणीय साहस तथा दृढ़संकल्प का परिचय देते हुए, इन्होंने उग्रवादियों का बहादुरी से मुकाबला किया और अपनी ए के-47 असाल्ट राइफल से 16 राउंद चलाए।

कार से ए एस आई नरेन्द्र ने छलांग लगा दी और स्वयं तुगलकाबाद फोर्ट के साथ लगे पार्क के अंदर स्थित डी डी ए स्टोर के पीछे पोजीशन ले ली। उग्रवादियों ने अपनी ए के-47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी और पुलिस पार्टी पर दो हैंड ग्रेनेड भी फेंके। अन्य टीम के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुए, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए बहादुरी के साथ उग्रवादियों का मुकाबला किया और अपनी ए के-47 राइफल से 21 राउंद चलाए। सर्व/श्री राहुल कुमार, उप निरीक्षक, विक्रम, हैड कांस्टेबल और नरेन्द्र, हैड कांस्टेबल ने दोनों पाकिस्तानी उग्रवादियों का सफाया करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री राहुल कुमार, उप निरीक्षक, विक्रम, हैड कांस्टेबल और नरेन्द्र, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 2002 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 206 — प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. श्री महताब सिंह
   उप-निरीक्षक
2. श्री देवेन्द्र
   हैड -कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

21.05.03 को, विशिष्ट सूचना के आधार पर लश्कर -ए-तैयबा का एक सदस्य महबूब, निवासी गांव लोइ, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का लगभग 11.30 पूर्वाह्न् को भजनपूरा चौक के नजदीक अवैध हथियारों और गोलाबारुद के साथ पकड़ा गया। उसके कब्जे से 8 जीवित कारतूसों सहित एक पिस्तौल बरामद की गई। शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत दिनांक 21.05.2003 को प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 38 /2003 के अधीन पुलिस स्टेशन स्पेशल सेल, लोधी कॉलोनी में एक मामला दर्ज किया गया और जांच शुरु की गई । लगातार पूछताछ करने पर अभियुक्त महबूब ने बताया कि वह लश्कर-ए-तैयबा गुट से संबंधित एक पाकिस्तानी उग्रवादी अब्दूल अजीज उर्फ आरिफ निवासी बहावलनगर, पाकिस्तान के सम्पर्क में था । उसके मनाने पर महबूब भी जेहाद में शामिल हो गया। उसने आगे यह बताया कि उसके कब्जे से बरामद पिस्तौल और कारतूस, आरिफ के पास उसके दीनपुर , नजफगढ़ ठिकाने पर रखे हथियारों - गोलाबारुद और विस्फोटकों के भारी जखीरे का एक हिस्सा है। 21/22.05.03 के बीच की रात को लगभग 4.15 पूर्वाह्न महबूब नजफगढ़ क्षेत्र की दीनपुर कॉलोनी में आरिफ के ठिकाने का पता लगाने के लिए पुलिस पार्टी को साथ ले गया।

पुलिस पार्टी ने दीनपुर, नजफगढ़ में उग्रवादी के घर को कवर कर लिया और श्री राजबीर सिंह, ए सी पी ने उसको आत्मसमर्पण के लिए कहा। पाकिस्तानी उग्रवादी ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। उप-निरीक्षक(एस आई) महताब सिंह ने श्री राजबीर सिंह, ए सी पी के साथ बराबर वाले घर की छत, जो कि सीधे उग्रवादी की गोलीबारी की रेंज में था, पर मोर्चा संभाल लिया। इन्होंने प्रशिक्षित उग्रवादी की ए के - 47 राइफल से हो रही गोलियों की बौछार का बड़ी नजदीक से सामना किया। अपनी जान को खतरे में डालते हुए और उत्कृष्ट किस्म के साहस का प्रदर्शन करते हुए, इन्होंने वीरता के साथ उग्रवादी का सामना किया। इन्होंने अपनी एक के - 47 से 15राउंद गोलियां चलाई और उग्रवादी को निष्प्रभावी करने में अहम भूमिका निभाई ।

हैड कांस्टेबल(एच सी) देवेन्द्र ने निरीक्षक मोहन चंद शर्मा के साथ घर की रसोई की छत पर मोर्चा संभाल लिया, जोकि सीधे उग्रवादी की गोलीबारी की लाईन में था। इन्होंने प्रशिक्षित उग्रवादी की ए के - 47 राइफल से हो रही गोलीबारी का बड़ी नजदीक से सामना किया। इनके अदम्य साहस के परिणामस्वरुप ही आतंकवादी के हमले को निष्क्रिय किया जा सका। उन्होंने बिना किसी भय के वीरता के साथ उग्रवादी का सामना किया। उन्होंने अपनी ए के - 47 से 16 राउंद गोलियां चलाई और उग्रवादी को निष्क्रिय करने में अहम भूमिका निभाई।

उप निरीक्षक महताब सिंह और हैड कांस्टेबल देवेन्द्र ने अपनी जान को जोखिम में डाला और अनुकरणीय साहस, वीरता ओर उत्प्रेरणा का प्रदर्शन किया। उग्रवादियों द्वारा इन सभी अधिकारियों पर गोलीबारी की गई और ये गोलियों से घायल हो सकते थे परन्तु बुलैट प्रुफ जैकेट पहनने के कारण बच गए।

मारे गए उग्रवादी से चार मैगजीनों सहित एक ए के - 47 असॉल्ट राइफल, 92 जिन्दा राउंद और 06 हथगोले बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री महताब सिंह, उप-निरीक्षक और श्री देवेन्द्र , हैड कांस्टैबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 मई 2003 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 207 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पवन कुमार,
   उप निरीक्षक
2. ऋषिपाल सिंह,
   सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2 अप्रैल, 2004 को पटना के एक उद्योगपति श्री एस.एन. सहाय का छुटका संतोष की अगुवाई वाले गैंग द्वारा पाटलीपुत्र कॉलोनी, पटना से अपहरण कर लिया गया था। फिरौती की मांग की कॉल दिल्ली से की गई थी, श्री एस.एन. सहाय को, 20 लाख रुपए की फिरौती लेकर 5/6.4.2004 की रात को छोड़ दिया गया। फिरौती की मांग के लिए की गई कॉलों की जांच की गई और यह पाया गया कि ये कॉलें दिल्ली में बदरपुर, पहाड़गंज और तिलक मार्ग क्षेत्र, से की गई थी। इसके बाद सूचना मिली कि छुटका संतोष और उसके साथी दिल्ली से एक व्यापारी के अपहरण की योजना बना रहे हैं और इस प्रयोजनार्थ वे एक ए के-47 राइफल, मैगजीन और राउंदो की खरीद का सौदा कर रहे हैं। इस सूचना की आगे और जांच की गई। 10.4.2004 को एक विशिष्ट सूचना मिली कि छुटका संतोष अपने साथी अजय के साथ हथियारों की खरीद-फरोक्त के सौदे के लिए मारुती कार सं. डी एल-1-सी.बी.3491 में राय विश्वविद्यालय, हल्दीराम, मथूरा रोड, नई दिल्ली के नजदीक आएगा। एक जाल बिछाया गया और लगभग 11.30 बजे अपराह्न को उक्त कार सर्विस लेन से आती हुई देखी गई और यह राय विश्वविद्यालय से सटे प्लाट सं. ए-42, मथूरा रोड, नई दिल्ली के समीप रोकी गई। उस कार से दो आदमी नीचे उतरे और कार की बगल में खड़े हो गए। जब विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए धावा बोला तो वे निर्माणाधीन ए-42 मथूरा रोड के परिसर के अन्दर भाग गए। उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने अपनी आत्मरक्षा और उन्हें पकड़ने के लिए जवाबी गोलीबारी की। 15-20 मिनट के बाद, जब गुण्डों की तरफ से गोलीबारी रुकी, तो पुलिस पार्टी सावधानीपूर्वक उनके पास पहुंची और छुटका संतोष और उसके साथी अजय सिंह को घायल अवस्था में पाया। एक .32 बोर की एल लामा मेक की पिस्तौल और .30 बोर की एक चीन निर्मित पिस्तौल बरामद हुई। घायल गुण्डों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। मामला, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, नई दिल्ली में भारतीय दंड संहिता की धारा 307/186/353/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 11.4.2004 को प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 217 के तहत दर्ज किया गया। गुण्डों के पूर्ववृत्त की जांच पटना, बिहार के प्राधिकारियों से करवाई गई। छुटका संतोष उर्फ संतोष पासवान उर्फ राहुल (उम्र 24 वर्ष) पुत्र गिरधारी दास, धुंकी गांव, पुलिस स्टेशन सरमेरा, जिला नालंदा, बिहार का निवास पाया गया और अजय सिंह (उम्र 26 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामचन्द्र सिंह, बेलाटा, पटना, बिहार का निवासी पाया गया। छुटका संतोष और उसका साथी हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, हत्या के प्रयास, डकैती, लूटपाट और पुलिस कार्मिकों पर आक्रमण के 27 से अधिक मामलों में संलिप्त थे।

जब पुलिस पार्टी ने दो दुर्दान्त अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की, उनमें से एक की पहचान बाद में संतोष पासवान उर्फ छुटका संतोष के रुप में हुई जो दांयी तरफ (राय विश्वविद्यालय की इमारत की तरफ) भागा था जबकि अन्य की पहचान अजय सिंह के रुप में हुई जो बांयी तरफ (सिटी बैंक बिल्डिंग की तरफ) भागा था और उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु करी दी। उप निरीक्षक पवन कुमार ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ छुटका संतोष गुण्डे का पीछा किया और उसका मुकाबला किया। इनकी सुरक्षा हेतु कोई कवर नहीं था और वे सीधे गोलीबारी की

लाईन में थे। इन्होंने बड़ी नजदीक से दुर्दान्त अपराधी की पिस्तौल से हुई गोलियों की बौछारों का सामना किया। अपनी जान की परवाह किए बिना और अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए इन्होंने गुण्डे का बहादुरी से सामना किया और अपनी सर्विस पिस्तौल से 5 राउंद चलाए और बिहार के एक अत्यधिक वांछित दु:साहसी गुण्डे को निष्क्रिय करने में भूमिका निभाई।

सहायक उप-निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ गुण्डे अजय सिंह का पीछा किया और उसका मुकाबला किया। उनकी सुरक्षा के लिए कोई कवर नहीं था और वे निर्भीक अपराधी की गोलीबारी की सीधी लाईन में थे। बडी निडरता के साथ इन्होंने अपनी जान को खतरे में डाल दिया और बहादुरी से अपराधी का मुकाबला किया। इन्होंने अपनी पिस्तौल से 5 राउंद चलाए और गुण्डे को निष्क्रिय करने में अहम भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री पवन कुमार, उप निरीक्षक और ऋषिपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 208 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अरविंद कुमार,
   उप-निरीक्षक
2. धर्मेन्द्र कुमार,
   उप-निरीक्षक
3. उमेश बर्थवाल,
   उप निरीक्षक
4. भूप सिंह,
   सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7.12.2003 को एक विशिष्ट सूचना पर डी-56 खानपुर, एम बी रोड़, नई दिल्ली पर छापा डाला गया और दो आदमियों जिनकी पहचान बाद में तारिफ हुसैन (उम्र 24 वर्ष) और तजीम अहमद उर्फ ककल (उम्र 28 वर्ष), दोनों निवासी रजौरी, जम्मू और कश्मीर के रुप में की गई, को पकड़ा गया। लगातार जांच में उन्होंने बताया कि वे हिजबुल मुजाहिद्दीन पीर पंजाल रेजीमेंट (एच एम पी पी आर) जो हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकवादी गुट से टुटा हुआ गुट है, के सदस्य हैं। उनके बैगों/सामान की जांच करने पर, उनमें दो ए के-56 राइफलें, प्रत्येक 30 राउंदों से भरी हुई 4 मेगजीनें, 2 डेटोनेटर, 4.3 कि.ग्रा. आर डी एक्स, 15 लाख रुपये और 6 हथगोले पाए गए। तदनुसार,

एक मामला पोटा की धारा 3/4/5/20/22 भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121क/122/123/120ख, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत एक मामला दिनांक 07.12.2003 को प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 103/2003 के अन्तर्गत पुलिस स्टेशन विशेष प्रकोष्ठ, लोधी कालोनी, नई दिल्ली में दर्ज किया गया था। जांच-पड़ताल करने पर दोनों उग्रवादियों ने बताया कि हथियारों, गोलाबारुद, विस्फोटक का जखीरा और 15 लाख रुपये हफीज राशीद, एक पाकिस्तानी राष्ट्रिक जो रात को लगभग 10 बजे लोटस टैम्पल, कालकाजी में सफेद मारुती कार सं. डी एल 2 सी ई-8499 में आएगा, को देने थे। इस सूचना पर लोटस टैम्पल कालकाजी में एक जाल बिछाया गया। लगभग शाम 10.15 बजे, एक सफेद मारुती कार सं. डी एल 2 सी ई-8499 वहां आई और लोटस टैम्पल के सामने की दिशा में रुक गई। कार से दो आदमी उतरे और अपनी कार के समीप खड़े हो गए। उन्हें चुनौती दी गई और आत्मसमर्पण के लिए कहा गया परन्तु दोनों ने जल्दी से अपने हथियार निकाल लिए और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने अपनी आत्मरक्षा और उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से उन पर गोलीबारी दी। आगे हुई गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए। चीनी मूल की .30 केलिबर और तारे के चिह्न वाली दो पिस्तौले बरामद की गई। 16 प्रयुक्त कारतूस और .30 बोर के 31 जीवित कारतूस भी बरामद किए गए। बाद में तारिफ हुसैन और तजीम अहमद ने मृत आतंकवादियों की पहचान हफीज रशीद उर्फ जावेद इकबाल, निवासी अबेताबाद, पाकिस्तान और अली बहादुर उर्फ लियाकत उर्फ बिलाल, निवासी कोटली, मुजफ्फराबाद, पाक अधिकृत कश्मीर के रुप में की गई। उनके द्वारा प्रयोग किए गए वाहन की तलाशी लेने पर, एक पाऊच जिसमें वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र, 43,000रुपये नगद और सफेद पावडर, जिसका साइनाइड होने का संदेह था, वाले दो पैन बरामद हुए। एक मामला, पोटा की धारा 3/4/20 भारतीय दंड संहिता की धारा 186/353/307/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 8.12.2003 को प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 953/2003 के अन्तर्गत पुलिस स्टेशन कालकाजी, नई दिल्ली में दर्ज किया गया।

जब पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों को पकड़नें की कोशिश की तो एक आतंकवादी (जिसकी पहचान बाद में अली बहादुर उर्फ बिलाल के रुप में हुई) दायीं तरफ पार्क की ओर भागा और दूसरे, (जिसकी पहचान बाद में हफीज रशीद के रुप में हुई) ने सीधे कालकाजी मंदिर की ओर भागने की कोशिश की और वे पुलिस पार्टी पर लगातार गोलीबारी भी करते जा रहे थे। मुठभेड़ के दौरान, उप निरीक्षक अरविंद कुमार ने बिजली के खम्भे के पीछे पोजीशन ले ली। ये पाकिस्तानी आतंकवादी की गोलीबारी की सीधी दिशा में थे और इन्होंने उस उग्रवादी पर गोलीबारी की जो पीछा करता हुआ इनकी ओर आ रहा था। इन्होंने उग्रवादी के बच निकलने के रास्ते को रोका और लगातार गोलीबारी करते रहे। इन्होंने प्रशिक्षित पाकिस्तानी आतंकवादी द्वारा पिस्तौल से की जा रही गोलियों की बौछार का काफी नजदीक से सामना किया। यहां तक कि आतंकवादी द्वारा चलाई गई कुछ गोलियां बिजली के उस खम्भे पर भी लगी, जहां उप निरीक्षक ने पोजीशन ले रखी थी। विचलित और भयभीत हुए बिना तथा अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए, इन्होंने अपने जीवन को खतरे में डाल दिया और बहादुरी से आतंकवादी का सामना किया।

मुठभेड़ के दौरान, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने बांयी दिशा में 2 फूट ऊंची छोटी सी दीवार के पीछे पोजीशन ले ली, और ये सीधे आतंकवादी हफीज रशीद की गोलीबारी के दिशा में थे। इन्होंने उग्रवादी पर गोलीबारी शुरु कर दी। इन्होंने प्रशिक्षित पाकिस्तानी आतंकवादी की पिस्तौल से निकल रही गोलियों की बौछारों का नजदीकी से सामना किया।

उप निरीक्षक उमेश बर्थवाल ने जल्दी से खड़ी हुई पेप्सी ट्रोली के समीप पोजीशन से ली। ये सीधे आतंकवादी अली बहादुर उर्फ बिलाल की गोलीबारी की दिशा में थे। इन्होंने प्रशिक्षित पाकिस्तानी आतंकवादी की पिस्तौल से निकल रही गोलियों की बौछार का नजदीक से सामना किया। विचलित और भयभीत हुए बिना तथा अदम्य साहस एवं दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए इन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालते हुए, आतंकवादी का बहादुरी से सामना किया। सहायक उप निरीक्षक भूप सिंह ने पार्क के अन्दर दायीं तरफ छोटी सी दीवार के पीछे

पोजीशन ले ली। ये सीधे पाकिस्तानी आतंकवादी अली बहादुर उर्फ बिलाल की गोलीबारी की दिशा में थे। इन्होंने प्रशिक्षित पाकिस्तनी आतंकवादी की पिस्तौल से निकल रही गोलियों की बौछार का नजदीकी से सामना किया। विचलित और भयभीत हुए बिना तथा अदम्य साहस और दृढ़-संकल्प का परिचय देते हुए, इन्होंने अपनी जान को खतरे में डालते हुए आतंकवादी का बहादुरी से सामना किया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अरविंद कुमार, उप निरीक्षक, धर्मेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक, उमेश बर्थवाल, उप निरीक्षक, और भूप सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 209 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. रमेश शर्मा,
   उप निरीक्षक
2. हरबीर सिंह,
   उप निरीक्षक
3. नरेश शर्मा,
   उप निरीक्षक
4. प्रमोद कुमार,
   सहायक उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

सोनीपत, हरियाणा में जैन भाइयों का सनसनीखेज अपहरण हुआ था। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 364/420/468/471 के तहत पुलिस स्टेशन सिविल लाइन, सोनीपत, हरियाणा में दिनांक 25.3.2004 की प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 71/04 के अधीन दर्ज किया गया था। अपहरणकर्ताओं ने 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी और दोनों जैन भाईयों को छुडाने से पहले 15 दिनों तक यातनापूर्ण कैद में रखा गया था। फिरौती हेतु यूरोप के देशों से की गई अन्तर्राष्ट्रीय कॉलों ने इस मामले और आपरेशन में रहस्य और सनसनी पैदा कर दी थी। अतः हरियाणा पुलिस ने क्राइम ब्रांच, दिल्ली से सहायता मांगी। निरीक्षक पंकज सूद को, अपनी टीम के साथ जिनमें उप निरीक्षक रमेश शर्मा, उप निरीक्षक हरबीर सिंह, उप निरीक्षक नरेश शर्मा और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार शामिल थे, इस पर कार्य करने लिए तैनात किया गया था। अति सावधानीपूर्वक और वैज्ञानिक तरीके से कार्य करते हुए यह आसूचना विकसित की गई कि यह अपहरण संगठन के लिए धन एकठ्ठा करने के लिए जगतार सिंह उर्फ जग्गा ने

किया है जो पाकिस्तान स्थित परमजीत सिंह पंजवार के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स का आतंकवादी है और इसमें रतनदीप सिंह उर्फ छोटु, जिस पर यह संदेह है कि युरोपियन देशों में रहता है, द्वारा सहायता की गई है। 28/29.4.2004 के बीच की रात को निरीक्षक पकंज सूद को यह जानकारी मिली कि जगतार सिंह और उसके साथियों से जुडा एक आतंकवादी गुट, मॉडल टाऊन के एक अमीर व्यवसायी का प्रातःकाल की सैर के समय अपहरण करने के इरादे से दिल्ली की ओर आया है। निरीक्षक पंकज सूद के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने फुर्ती से कार्रवाई शुरु की और पुलिस स्टेशन तीमारपुर के क्षेत्र में तीन वाहनों में वजीराबाद रोड पर एक जाल बिछाया। उप निरीक्षक रमेश शर्मा के पर्यवेक्षण के अन्तर्गत ए एस आई प्रमोद कुमार सहित स्टाफ ने सरकारी कवालिस को डब्बल पुलिया के निकट खड़ा किया, निरीक्षक पंकज सूद की देख-रेख में एस आई नेरश शर्मा की कार के साथ स्टाफ सहित एक प्राइवेट मारुती को सूर घाट के समीप खड़ा किया गया तथा एस आई हरबीर सिंह के पर्यवेक्षण में सरकारी जिप्सी को स्टाफ सहित रेडलाइट टी प्वांइट के समीप खड़ा किया गया। सुबह लगभग 4.20 बजे एक मारुती इस्टीम कार को गाजियाबाद से आता हुआ देखा गया। एस आई रमेश शर्मा जो वर्दी में थे, ने वाहन को रुकने का संकेत दिया। परन्तु रुकने की बजाए मारुती इस्टीम में बैठे लोगों ने पिस्तौल निकाली और क्वालिस में पीछा करने वाली पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की। शुरु में की गई गोलीबारी आगे वाले शीशे से होकर क्वालिस के स्टेरिंग को लगी। गोलीबारी और क्वालिस द्वारा किए जा रहे पीछे को देखते हुए अन्य दो वाहनों में शेष टीम ने इस्टीम कार का पीछा किया। पीछा करने के दौरान जब क्वालिस ने इस्टीम को ऑवरटेक करने का प्रयास किया तो ड्राईवर जगतार सिंह ने दोबारा क्वालिस पर गोलियां चलाई परन्तु एस आई रमेश शर्मा द्वारा समय से बीच में आ जाने से गोली खिड़की के जरिये क्वालिस के अन्दर छत पर लगी। पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षा में इस्टीम पर गोलीबारी की जिसके कारण भीषण मुकाबला हुआ। पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर इस्टीम में बैठे व्यक्ति गाड़ी से बाहर निकल आए और भागने के प्रयास में पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करने लगे। आत्मरक्षा में गोलीबारी करते हुए पुलिस पार्टी भी वाहनों से बाहर निकल आई। जगतार सिंह और रविन्द्र सिंह को जीवित पकडना, उनसे आतंकवादी गुटों के वास्तविक परिदृश्य और आधार तथा भारत में आतंक फैलाने के उनके नापाक इरादों के बारे में जानने के लिए आवश्यक था। निरीक्षक पंकज सूद, एस आई रमेश शर्मा, एस आई हरबीर सिंह, एस आई नरेश कुमार और ए एस आई प्रमोद कुमार की फ्रंटलाइन टीम ने अपने जीवन को भारी जोखिम में डालते हुए दोनों को जिन्दा पकड़ने के इरादे से उनके काफी निकट आ गए परन्तु निकट की गोलीबारी में इस्टीम में बैठे दोनों आतंकवादियों को गोलियां लगी ओर वे जमीन पर गिर पड़े। घायलों को ऊपचार के लिए तत्काल बाड़ा हिन्दूराव अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। विदेश निर्मित दो पिस्तौलों सहित अनदगे कारतूस, जिन्दा कारतूस, खाली कारतूस तथा जैन बंधुओं से छिने गए मोबाइल फोन दोनों से बरामद किए गए। इसके साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद से संबंध रखने वाले उत्तरी भारत में फिरौती के लिए अपहरण करने वाली शीर्ष स्तर के आतंकवादियों का खात्मा हो गया जो तबाही और आतंक मचा सकते थे। इससे अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों को पुनः संगठित होने और भारत में अपहरणों के नापाक कार्यों के जरिये पैसा इक्ठ्ठे करने के उनके प्रयासों में कमी आएगी। ऐसी विपरीत स्थिति में जहां दुःसाहसी कट्टर सशस्त्र अपराधी गोलीबारी कर रहे थे, विशेषकर निरीक्षक पंकज सूद, एस आई रमेश शर्मा, एस आई हरबीर सिंह, एस आई नरेश कुमार और ए एस आई प्रमोद कुमार की अग्रिम पंक्ति की टीम के गंभीर रुप से हताहत होने की पूर्ण संभावना थी। इन अधिकारियों ने गोली चलाने वाले दोनों आतंकवादियों को जिन्दा पकड़ने के लिए अपने जीवन को जोखिम में डाला और उन दोनों के निकट आए तथा उत्कृष्ट साहस तथा अनूठी वीरता का परिचय दिया और यहां तक कि दोनों अपराधियों को गोली से घायल होने के पश्चात उन्हें उनकी जान बचाने के लिए अस्पताल पहुंचाया। एस आई रमेश शर्मा ने (3 राउंद) एस आई हरबीर सिंह (3 राउंद) एस आई नरेश शर्मा (5 राउंद) तथा ए एस आई प्रमोद कुमार (3 राउंद) गोली चलाई। इन्हें अपने साथियों की जान बचाने के लिए गोली चलानी पड़ी। निरीक्षक पंकज सूद जो कि निशस्त्र थे, एस आई रमेश शर्मा, एस आई हरबीर सिंह, एस आई नरेश कुमार तथा ए एस आई प्रमोद कुमार ने असाधारण अनुठे साहस, वीरता कर्त्तव्यपरायणता, अपने साथियों को बचाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति दायित्व और उच्च कोटि की सूझ-बूझ का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री रमेश शर्मा, उप निरीक्षक, हरबीर सिंह, उप निरीक्षक, नरेश शर्मा, उप निरीक्षक और प्रमोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 210 - प्रेज/2005-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व /श्री:-

1. विप्लव कुमार, भा. पु. से. (पुलिस पदक का बार)
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. खुदमुख्तियार देव
   उप निरीक्षक
3. गफ्फुर हुसैन,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

07.02.2002 को 1530 बजे, अब. वाहिद पुत्र अब. कबीर भट्ट निवासी मोहल्ला असराराबाद किश्तवाड़ के घर में एक पीटीएम की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना मिलने पर, अपर पुलिस अधीक्षक किश्तवाड़ श्री विप्लव कुमार, भा.पु.सें. ने पुलिस स्टेशन किश्तवाड़ की पुलिस पार्टी और एस टी एफ किश्तवाड के साथ घर के चारों ओर के क्षेत्र को तुरन्त घेर लिया। जैसे ही तलाशी दल ने घर के प्रथम तल में प्रवेश किया, वहां छुपे उग्रवादी ने अधिकारी के नेतृत्व वाली घेराबंदी पार्टी पर खिड़की से हथगोला फैंका। हथगोला घर की बाहरी दीवार के दूसरी तरफ फटा और घेराबंदी पार्टी के अधिकारी एवं पुलिस कार्मिक बाल-बाल बच गए। अधिकारी ने जल्दी से घर के सभी सिविलियनों / संवासियों को भूतल के कमरों में से, एक कमरे में पहुचा दिया और घेराबंदी पार्टी के पुलिस कार्मिकों को दोबारा से तैनात किया। इसी बीच उग्रवादी ने घेराबंदी पार्टी पर दूसरा हथगोला फेंका और कमरे की खिड़की से जमीन पर कूद पड़ा और अपनी पिस्तौल से अधिकारी एवं अधिकारी के साथ गए तीनों पुलिस कार्मिकों की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसमें एक गोली अधिकारी के बिल्कुल पास से गुजरती हुई चली गई और वे बाल-बाल बच गए । अधिकारी ने पुलिस कार्मिकों के साथ जवाबी गोलीबारी की जिसके कारण उग्रवादी ने मलिक मार्केट किश्तवाड़ मुख्य सड़क की ओर जाने वाली गली की तरफ भागना शुरु किया। अधिकारी के नेतृत्व वाले पुलिस कार्मिकों ने भागते हुए उग्रवादी का पीछा किया जिससे आतंकवादी उस गली में फंस गया , जहां उप निरीक्षक (एस आई) खुदमुख्तियार देव सिंह

और कांस्टेबल गफ़ुर हुसैन पुलिस स्टेशन किश्तवाड की पुलिस पार्टी के साथ पहले से ही तैनात थे। भागते हुए उग्रवादी ने श्री खुदमुख्तियार देव सिंह, उप निरीक्षक के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी पर गोली बारी की, जिसमें आतंकवादी द्वारा घायल होने के बावजूद इन्होंने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए जल्दी से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस पार्टी के साथ गोलीबारी में उलझा उग्रवादी मारा गया। मारे गए उग्रवादियों से और मुठभेड़ स्थल से, पुलिस पार्टी ने निम्नलिखित हथियार गोलाबारुद बरामद किया:-

1. एक मैगजीन और 2 राउंद के साथ एक पिस्तौल (चीन निर्मित)
2. दो वायरलैस सेट (केनवुड)
3. एक हथगोला; इत्यादि

मारे गए उग्रवादी की पहचान, बाद में पाकिस्तान प्रशिक्षित उग्रवादी नामतः अटा मोहम्मद कोउ साजिद पुत्र अब्दुल रहमान,निवासी सीरी सिगड़ी, तहसील किश्तवाड, जिला डोडा के रुप में की गई। मृत आतंकवादी 1992 से सक्रिय हिजबुल मुजाहिद्दीन (एच एम) का जिला कमांडर, एक आई ई डी विशेषज्ञ, एच एम का वित्त प्रभारी था जो प्रशिक्षण के लिए नए सदस्यों को भेज रहा था ओर अनंतनाग और डोडा जिलों के लिए एच एम का समन्वयक था। उसको मारना वस्तुतः एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। इस घटना में श्री विप्लव कुमार, भा. पु. से. अपर पुलिस अधीक्षक , किश्तवाड ने घेराबंदी की व्यवस्था करने और आतंकवादी को मारने में धैर्य, साहस और उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

